हरिभूमि
छत्तीसगढ़, मध्यप्रदेश, हरियाणा व दिल्ली से एक साथ प्रकाशित
समाचार ही नहीं, विचार भी

- आदिम जाति कल्याण विभाग गरियाबंद के अफसरों की उदासीनता
- अब तो देखरेख के बिना नया भवन होने लगा खण्डहर
- 10 जून 2021 को मुख्यमंत्री ने नए भवन का किया था उद्घाटन

गरियाबंद जिले के आदिवासी विकासखण्ड मुख्यालय मैनपुर में एक अनोखा मामला सामने आया है। 1966 में मैनपुर नगर में आदिवासी बालक आश्रम प्रारंभ किया गया था। फिलहाल इस बालक आश्रम का संचालन शेड वाले बेहद जर्जर भवन में किया जा रहा है।



डेढ़ करोड़ में नया भवन बना, पांच साल से ताला

छात्रावास अब भी 60 साल पुराने जर्जर भवन में चल रहा

हरिभूमि सरोकार

शेख हसन खान ▶▶| मैनपुर

भवन की हालत इतनी खराब है कि झड़ी लगी तो कमरे के भीतर पानी झरने लगता है। कक्षा पहली से आठवीं तक लगभग 100 सीटर इस आश्रम के नए भवन निर्माण के लिए मैनपुर नगर सहित क्षेत्र के जनप्रतिनिधियों ने काफी संघर्ष और आंदोलन किया था, तब कही जाकर 1 करोड़ 62लाख 76 हजार की लागत से देहारगुड़ा में सर्वसुविधायुक्त आश्रम भवन का निर्माण किया गया। इस आश्रम भवन का पांच साल पहले 10 जून 2021 को

▶▶|शेष पेज 7 पर

जर्जर शेडनुमा भवन में चल रहा है आश्रम

वर्तमान में आदिवासी बालक आश्रम जिस जर्जर भवन मे संचालित हो रहा है वह 60 साल पुराना और शेडनुमा भवन है। जहां लगातार बारिश से कमरों के भीतर पानी रिस रहा है और बच्चों को यहां रहकर पढ़ाई करने में भारी दिक्कत हो रही है। जर्जर भवन के शेड के ऊपर ▶▶|शेष पेज 7 पर





सरपंच एवं ग्रामीणों की मांग

ग्राम पंचायत देहारगुड़ा के सरपंच महेश दीवान, जनपद सदस्य प्रतापसिंह मरकाम, पूर्व सरपंच डिगेश्वरी सांडे, पूर्व उपसरपंच पवन दीवान आदि ने कलेक्टर रणबीर शर्मा से नए भवन में आश्रम के संचालन की मांग की है ताकि बच्चों को बेहतर सुविधा मिल सके। ग्रामीणो ने बताया नया भवन देखरेख के अभाव मे अब धीरे -धीरे खण्डहर मे ▶▶|शेष पेज 7 पर

सोने का सच्चा भाव
आनंद का सच्चा भाव
18 कैरेट रेट (75.00%) = ₹114621/-
22 कैरेट रेट (91.60%) = ₹139990/-
24 कैरेट रेट (99.99%) = ₹152813/-
Live Rate आनंद ज्वेल्स के मोबाइल ऐप पर चेक करें।
ANAND Jewels
Pandri, Raipur
*Conditions Apply

खबर संक्षेप

नए चीफ जस्टिस का शपथ ग्रहण आज



बिलासपुर। छत्तीसगढ़ हाई कोर्ट के नए चीफ जस्टिस के आर महापात्र का शपथ ग्रहण सोमवार को दोपहर 1:30 बजे, लोकभवन छत्तीसगढ़ मंडपम रायपुर में आयोजित किया जाएगा। इससे पहले, नवनियुक्त चीफ जस्टिस का रविवार को रायपुर आगमन हुआ।

दक्षिण दिल्ली के सत्य निकेतन में बड़ा हादसा, 40 से 50 मलबे में दबे होने की आशंका

50 साल पुरानी पांच मंजिला इमारत ढही मलबे में दबे छात्र, निकाले गए 5 शव

सत्य निकेतन इलाके में रविवार दोपहर अचानक एक बहुमंजिला इमारत भरभराकर गिर गई। करीब 50 साल पुराने 5 मंजिला इमारते के ढहने से इलाके में अफरा-तफरी मच गई। इस हादसे में पांच लोगों की मौत हो गई, वहीं मलबे में कई लोगों के दबे होने की आशंका जताई गई है। हादसे के वक्त बेसमेंट में रिपेयर का काम चल रहा था और इसी दौरान पूरी इमारत भरभराकर गिर गई। देर रात तक बचाव और राहत कार्य जारी रहा।

हरिभूमि न्यूज ▶▶| नई दिल्ली

दिल्ली विश्वविद्यालय (डीयू) के दक्षिणी परिसर के पास सत्य निकेतन की एक संकरी गली में लड़कों के छात्रावास के रूप में इस्तेमाल हो रही 50 साल पुरानी पांच मंजिला इमारत रविवार अपराह्न ढह गई। इस हादसे में पांच व्यक्तियों की मौत हो गई जबकि कई लोगों के मलबे में फंसे होने की आशंका है। पुलिस ने बताया कि मलबे से अब तक 10 लोगों को निकाला गया है, जिनमें से 5 को अस्पताल में मृत घोषित कर दिया गया। स्थानीय लोगों का दावा है कि इमारत के मलबे के नीचे अब भी लगभग 40 से 50 लोग फंसे हो ▶▶|शेष पेज 7 पर



- पीजी के रूप में इस्तेमाल हो रही थी पांच मंजिला इमारत
- इमारत के मालिक समेत अन्य के खिलाफ एफआईआर

कार्यक्रम छोड़कर शाह ने हालात का लिया जायजा

हादसे की जानकारी मिलते ही केंद्रीय गृह मंत्री अमित शाह ने गोवा में चल रहे अपने कार्यक्रम को बीच में ही रोक दिया और हालात का जायजा लिया।

केरलम, हरियाणा और यूपी के छात्र

दिल्ली पुलिस में काम करने वाले स्थानीय निवासी राजन छेत्री ने बताया कि इमारत में लगभग 15 कमरे थे। हर कमरे में दो से तीन छात्र रहते थे। यहां रहने वाले ज्यादातर छात्र केरलम, हरियाणा और उत्तर प्रदेश से हैं। मुख्य रूप से मोतीलाल नेहरू कॉलेज, आत्माराम सनातन धर्म कॉलेज और श्री वेंकटेश्वर कॉलेज में पढ़ते हैं।

इधर, कच्चा मकान ढहा, पिता और तीन बेटियों की मौत

कानपुर। कानपुर जिले के साढ़ क्षेत्र में कच्चा मकान ढहने से मलबे में दबकर एक ही परिवार के चार सदस्यों की मौत हो गई। साढ़ थाना क्षेत्र के हिरनी गांव में बारिश के दौरान एक परिवार का कच्चा घर ढह गया। इसमें मुकेश कुमार (45) और उनकी बेटियों माया (17), नीतू (सात) और पल्लवी (पांच) की मौत हो गई। हादसे में मुकेश की एक अन्य बेटी काजल (20) गंभीर रूप से घायल हो गई।

फाइनल में चीनी जोड़ी को दी शिकस्त

सात्विक-चिराग ने चाइना मास्टर्स का जीता खिताब



एजेंसी ▶▶| शेनझेन

सात्विकसाईराज रंकीरेड्डी और चिराग शेट्टी की जोड़ी ने रविवार को बीडब्ल्यूएफ सुपर 750 टूर्नामेंट चाइना मास्टर्स में पुरुष डबल्स का खिताब अपने नाम किया। फाइनल मुकाबले में सात्विक-चिराग ने चीन के जी तिंग और रेन शियांग यू की जोड़ी के खिलाफ 11-21, 21-13, 21-17 से जीत दर्ज की। सात्विक-चिराग की जोड़ी इस टूर्नामेंट में 2023 और 2025 में उपविजेता रही थी। वहीं, 2024 में इन्होंने सेमीफाइनल तक का सफर तय किया था।


- 11-21, 21-13, 21-17 से जीते
- जोड़ी का इस साल चौथा खिताब

एक्शन मोड में पीएम मोदी

केंद्रीय मंत्रियों के कामकाज की आज होगी समीक्षा

हरिभूमि न्यूज ▶▶| नई दिल्ली

सरकार के विभिन्न क्षेत्रों में परफार्मेंस की समीक्षा के लिए कल शाम एक अहम बैठक बुलाई गई है। इसमें खास तौर पर सामाजिक न्याय और सामाजिक कल्याण के सेक्टर पर फोकस रहेगा। प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी बैठक की अध्यक्षता करेंगे। इस बैठक में अलग-अलग मंत्रालयों, मंत्रियों और उनके समग्र प्रदर्शन का आकलन किया जाएगा। समीक्षा बैठक के लिए सिर्फ उन राज्य मंत्रियों और स्वतंत्र प्रभार वाले राज्य मंत्रियों के एक वर्ग को बुलाया गया है, जिनका मंत्रालय सामाजिक न्याय और सामाजिक कल्याण से संबंधित है।



जिनके कामकाज की समीक्षा होगी, उसमें शिक्षा मंत्रालय, सामाजिक न्याय एवं अधिकारिता मंत्रालय, कृषि मंत्रालय आदि शामिल हैं।

राज्यमंत्रियों के साथ अलग-अलग बैठकें

सरकार आने वाले दिनों में राज्यमंत्रियों के दूसरे समूह के साथ भी ऐसी बैठकें कर सकती है। इसका मकसद अलग-अलग मंत्रालयों के कामकाज को समझना है। इन बैठकों में मंत्रियों के प्रदर्शन पर चर्चा होने की वजह से इन्हें कैबिनेट में होने वाले संभावित बदलाव से जोड़कर देखा जा रहा है। हालांकि, अभी फेरबदल को लेकर कोई आधिकारिक घोषणा नहीं हुई है।

झीरम नरसंहार में कोर्ट के फैसले पर राजनीति तेज

सीएम साय ने पूछा-झीरम के सबूत थे तो जांच एजेंसी को क्यों नहीं दिए

हरिभूमि न्यूज ▶▶| रायपुर

मुख्यमंत्री विष्णु देव साय ने एक बार फिर कांग्रेस पर तीखा हमला बोला है। बिलासपुर रवाना होने से पहले सीएम ने रायपुर हेलीपैड पर पत्रकारों से बात की। श्री साय ने एनआईए न्यायालय के हालिया निर्णय के बाद कांग्रेस की ओर से की जा रही बयानबाजी पर पलटवार करते हुए कहा कि संबंधित प्रकरण की जांच एनआईए को उस समय सौंपी गई थी, जब केंद्र में कांग्रेस के नेतृत्व वाली यूपीए सरकार थी। पूर्व मुख्यमंत्री भूपेश बघेल पर निशाना साधते हुए मुख्यमंत्री साय ने कहा, जब वे विपक्ष में थे, तब कहा करते थे कि सबूत जेब में लेकर घूम रहे हैं। सवाल ये है कि यदि उनके पास सबूत थे, तो उन्होंने उन्हें एनआईए को क्यों नहीं सौंपे? श्री साय ने कहा कि लगभग 13 वर्षों तक इस मामले की जांच और न्यायिक प्रक्रिया चली, 100 से अधिक गवाहों की गवाही हुई ▶▶|शेष पेज 7 पर



कांग्रेस पर साधा निशाना

मुख्यमंत्री श्री साय ने कहा कि कांग्रेस को दूसरों पर आरोप लगाने से पहले अपने भीतर देखना चाहिए। एक तरफ उसके नेता न्यायिक निर्णयों पर सवाल खड़े करते हैं और दूसरी तरफ अपने ही संगठन में एक-दूसरे के खिलाफ मोर्चा खोलते रहते हैं। छत्तीसगढ़ की जनता राजनीतिक आरोप-प्रत्यारोप और भ्रम की राजनीति को भली-भांति समझती है। जनता को बयानबाजी नहीं, तथ्य और प्रमाण चाहिए।

पंजाब में विरोध के कारण हटाए गए भूपेश

मुख्यमंत्री श्री साय ने पूर्व मुख्यमंत्री भूपेश बघेल के प्रभार में बदलाव पर कटाक्ष करते हुए कहा कि जब उन्हें पंजाब का प्रभारी बनाया गया था, तब वहां भी उनका विरोध सामने आया था। शायद उसी का नतीजा है कि अब उनका प्रभार प्रदेश बदल दिया गया है। यह कांग्रेस का आंतरिक मामला है, लेकिन जिस प्रकार उसके अपने नेताओं के बीच लगातार विरोध और खींचतान सामने आती है, उससे कांग्रेस की राजनीतिक कार्यसंस्कृति स्पष्ट दिखाई देती है।

ISBM UNIVERSITY
KNOWLEDGE • WISDOM • HUMANITY
BCI Bar Council of India
Association of Indian Universities
Chhattisgarh Private Universities Regulatory Commission
UGC University Grant Commission
All India Council for Technical Education
PCI Pharmacy Council of India



LAUNCH YOUR FUTURE WITH
ISBM UNIVERSITY
New Campus in Heart of Raipur -
Near Nalanda Parisar - 1 Km approx.
•Ultra Modern Campus •A.I. + M.L. Classes for All Student
•Free Career Guidance with Prior Appointment
CHOOSE A UNIVERSITY THAT PUTS YOU FIRST!
NAAC ACCREDITED
INTERNATIONAL ASSOCIATION OF UNIVERSITIES
AACSB Business Education Alliance Member
ADMISSION OPEN 2026-27
Hostel Facility Available Boys/Girls

10,000+ Students & Alumni
25+ Awards & Recognitions
150+ Recruiters Network
200+ National & International Conferences
50+ MoUs & Tie-Ups
750+ Research Publications
20+ Patents
₹2.5cr+ Research Fellowship

OUR PROGRAMS
PHARMACY
LAW
INFORMATION & TECHNOLOGY
LIBRARY & INFORMATION SCIENCE
COMMERCE & MANAGEMENT
JOURNALISM & MASS COMM.
HOTEL MANAGEMENT
INNOVATION & COMPUTING
DESIGN
ENGINEERING & TECHNOLOGY
SCIENCE
ARTS & HUMANITIES
YOGA & NATUROPATHY
PhD
Shreeram Addiction
+91 9109333333, +91 7880170727
Raipur Campus - ISBM University, Ring Road No. 1, Near Sarona Bridge, Tatibandh, Raipur, Chhattisgarh- 492099
Main Campus - ISBM University, Nawapara (Kosmi), Block & Tehsil- Chhura, Gariyaband, Chhattisgarh - 493996
www.isbmuniversity.edu.in
(SCAN QR TO VISIT WEBSITE)

छग की तहसीलों में मानसून के अनूठे रंग

तीन माह की बारिश से बलरामपुर का कुसमी हुआ लबालब तो सरगुजा के दरिमा में 'सूखा'

कुसमी में दिल खोलकर 2563 मिमी. बरसे बादल, दरिमा में केवल 367 मिमी. बरसात

हरिभूमि न्यूज ▶▶| रायपुर

जून के तीसरे सप्ताह में प्रदेश में दस्तक देने वाले दक्षिण-पश्चिम मानसून ने तहसीलों में अलग-अलग रंग दिखाया है। किसी इलाके में बादल दिल खोलकर बरसे तो कहीं इनकी ▶▶|शेष पेज 7 पर

खास खबर



इन जिलों में कम बारिश

इसी तरह बारिश की बेरुखी का सबसे ज्यादा असर सरगुजा जिले के दरिमा में देखने को मिला। यहां जून, जुलाई, अगस्त में सबसे कम 367.2 मिमी बारिश हुई। इसके अलावा बेमेतरा जिले के नवागढ़ में मात्र 382.0 मिमी वर्षा, जशपुर के तपकरा में 407, कबीरधाम के सहसपुर लोहारा में 421.4 मिमी और सुकमा के तोंगपाल में 424.7 मिमी बारिश हुई है।

तहसीलवार बारिश के आंकड़े

क्षेत्र	कम	ज्यादा वर्षा (मिमी.)
कांकेर	पखांजूर 640.1	अंतागढ़ 1033.6
कबीरधाम	सहसपुर लोहारा 421.4	कुकदूर 864.9
कोरबा	हरदीबाजार 741.0	कोरबा 1331.5
दंतेवाड़ा	कटेकल्याण 803.6	बड़े बचेली 2047.6
दुर्ग	धमधा 483	दुर्ग 867.3
बलौदाबाजार	सोनाखान 748.5	गिधौरी टुंड्रा 1132.0
बस्तर	भानपुरी 581.6	बस्तर 1012.9
बिलासपुर	कोटा 750.4	बिलासपुर 1130.6
बेमेतरा	नवागढ़ 382.0	बेरला 631.8
राजनांदगांव	घुमका 484.5	राजनांदगांव 910.0
रायपुर	अभनपुर 670.6	रायपुर शहर 1379.9
सरगुजा	दरिमा 367.2	अंबिकापुर 1169.3

गणपति सजेंगे 66 किलो सोने और 335 किलो चांदी से, 703 करोड़ का बीमा

मुंबई के जीएसबी सेवा मंडल के महागणपति की शान है सबसे अलग

एजेंसी ▶▶ मुंबई

देश भर में इस समय गणेशोत्सव की तैयारियां शुरू हो चुकी हैं। मुंबई का जीएसबी सेवा मंडल अपने 72वें महा गणपति उत्सव के लिए पूरी तरह तैयार है। यह मंडल अपनी प्राचीन वैदिक परंपराओं, भव्य आभूषणों और अब आधुनिक ईको-फ्रेंडली पहलों के लिए जाना जाता है। 14 से 18 सितंबर तक चलने वाले इस 5 दिवसीय गणेशोत्सव से पहले मंडल ने भक्तों की सुरक्षा और अपनी संपत्तियों की सुरक्षा के लिए 703.27 करोड़ रुपये का रिकॉर्ड ऑल-रिस्क बीमा कवर लिया है। 12 सितंबर को 'विराट दर्शन दिवस' के दिन रात 8 बजे बप्पा की पहली झलक देखने को मिलेगी।

इस बार रिकॉर्ड इंश्योरेंस

मुंबई के सबसे अमीर गणपति मंडल के रूप में मशहूर जीएसबी सेवा मंडल ने इस साल अपने इंश्योरेंस कवर में भारी बढ़ोतरी की है। इससे पहले मंडल ने साल 2025 में 474 करोड़ रुपये और साल 2024 में 400 करोड़ रुपये का बीमा कराया था। यह बीमा सुरक्षा मंडल के कीमती सोने-चांदी के आभूषणों, श्रद्धालुओं, स्वयंसेवकों, पुजारियों, सुरक्षाकर्मियों, रसोइयों, पंडाल और आसपास के परिसर को किसी भी दुर्घटना या अप्रिय घटना से कवर करता है।

12 सितंबर को 'विराट दर्शन दिवस' के दिन रात 8 बजे बप्पा की पहली झलक देखने को मिलेगी



गणपति बप्पा का होगा सोने-चांदी से भव्य श्रृंगार

जीएसबी सेवा मंडल के संयोजक डॉ. भुजंग पाई के अनुसार, नवसाला पावणारा विश्वचा राजा (भक्तों की मन्नतें पूरी करने वाले राजा) के नाम से प्रसिद्ध बप्पा की मूर्ति का भव्य श्रृंगार किया जाता है। मूर्ति को 66 किलोग्राम से अधिक सोने के गहनों और 335 किलोग्राम से अधिक चांदी व बहुमूल्य रत्नों से सजाया जाता है। यह सभी आभूषण भक्तों और सेवादारों द्वारा श्रद्धापूर्वक दान किए गए हैं।

पर्यावरण-अनुकूल पहल

परंपरा के साथ आधुनिक बदलावों को अपनाते हुए इस वर्ष मंडल ने पर्यावरण संरक्षण पर विशेष ध्यान दिया है। कागज की खपत घटाने के लिए पारंपरिक प्रिंटेड रसीदों की जगह पूरी तरह डिजिटल सिस्टम लागू कर दिया गया है। वहीं महा गणपति की मूर्ति पूरी तरह से पर्यावरण-अनुकूल मिट्टी से तैयार की जाती है।

वैदिक परंपराएं और अन्नदान सेवा

मंडल में उत्सव के दौरान रोज औसतन 1 लाख से अधिक पूजा और सेवा (जैसे महापूजा, अर्चना, गणाहोम और तुलाभार) वैदिक मंत्रोच्चार के साथ संपन्न की जाती हैं। मंडल की सबसे बड़ी विशेषताओं में से एक 'अन्नदान' है, जिसके तहत रोजाना 40,000 से अधिक श्रद्धालुओं को केले के पत्तों पर महाप्रसाद भोजन कराया जाता है। 5 दिनों में 2 लाख से ज्यादा लोग इसका लाभ उठाएंगे।

खबर संक्षेप

राजनाथ का 3 दिवसीय श्रीलंका दौरा कल से

नई दिल्ली। रक्षा मंत्री राजनाथ सिंह मंगलवार से श्रीलंका की तीन दिवसीय यात्रा पर जाएंगे। इस दौरान वह दोनों देशों के बीच रक्षा एवं सैन्य संबंधों को और मजबूत करने के तरीकों पर चर्चा करेंगे।



आधिकारिक बयान के अनुसार, सिंह के साथ रक्षा और विदेश मंत्रालयों के वरिष्ठ अधिकारियों का एक उच्चस्तरीय प्रतिनिधिमंडल भी जाएगा। रक्षा मंत्रालय ने कहा, ''रक्षा मंत्री राजनाथ सिंह आठ से 10 सितंबर तक श्रीलंका की आधिकारिक यात्रा पर रहेंगे।''

पूरा परिवार कूदा गोदावरी नदी में, 3 की मौत

एलमंचिली। आंध्र प्रदेश के चिंचिनाडा में एक परिवार के चार सदस्यों ने पुल से गोदावरी नदी में कथित तौर पर छलांग लगा दी। घटना में तीन लोगों की मौत हो गई, जबकि एक महिला को बचा लिया गया। पुलिस ने बताया कि घटनास्थल से दो मोटरसाइकिल मिली हैं। उनके पंजीकरण नंबर के आधार पर परिवार की पहचान तनुकू शहर के निवासियों के रूप में की गई। पुलिस ने बताया कि मृतकों की पहचान पद्मिनी के पति नंबूरी श्रीनिवास (45) और उनके दो नाबालिग बच्चों के रूप में हुई। उन्होंने बताया कि घटना के कारणों का पता लगाने के लिए जांच जारी है। अधिकारी ने बताया कि यह घटना शनिवार सुबह करीब सवा छह बजे हुई।

सहकर्मी ने की कैंची से महिला की हत्या

गुरुग्राम। हरियाणा में गुरुग्राम के सेक्टर 37 में कार्यस्थल पर 25 वर्षीय एक महिला की उसके सहकर्मी ने कथित तौर पर कैंची से गर्दन पर वार कर हत्या कर दी। पुलिस के अनुसार, गंभीर रूप से घायल शिवानी को एक निजी अस्पताल ले जाया गया, जहां रविवार सुबह उसकी मौत हो गई। पुलिस ने आरोपी असलम को हिरासत में लिया है। यूपी के कन्नौज जिले के जलालपुर गांव की रहने वाली शिवानी सेक्टर 37 इलाके में 'पेइंग गेस्ट आवास' में रहती थी। वह और असलम इसी सेक्टर के औद्योगिक क्षेत्र में कार सीट कवर बनाने वाली कंपनी एनडीआर में काम करते थे जिनके बीच काम को लेकर विवाद हो गया था।

रेड कॉरिडोर की सोच वालों ने डाले हथियार

शाह बोले- नक्सलवाद हुआ समाप्त अब नशे को भी जड़ से करेंगे खत्म

केंद्रीय मंत्री अमित शाह ने रविवार को गोवा में कहा कि सरकार ने नक्सलवाद खत्म कर दिया है। अब नशीले पदार्थों की समस्या से भी उसी तरह निपटा जाएगा। उन्होंने कहा कि,"नक्सलवाद के बाद नशीले पदार्थों की समस्या से भी उसी तरह निपटेंगे। जिन्होंने तिरुपति से पशुपतिनाथ तक रेड कॉरिडोर की कल्पना की थी, उन्होंने अब अपने हथियार डाल दिए हैं और मुख्यधारा में शामिल हो गए हैं। दरअसल, अमित शाह गोवा के दौरे पर हैं। इस दौरान उन्होंने मीडिया से बातचीत करते हुए ये बयान दिया।

हरिभूमि न्यूज ▶▶ नई दिल्ली

अमित शाह ने कहा 2004 से 2014 तक कांग्रेस शासन के दौरान, 26 लाख किलोग्राम नशीले पदार्थ जब्त किए गए थे। जबकि, 2014 और 2026 के बीच, यह आंकड़ा बढ़कर 1 करोड़ 19 लाख किलोग्राम से अधिक हो गया। शाह ने कहा पूरा देश नशा मुक्त भारत के तीन साल के अभियान का समर्थन करेगा। उन्होंने मीडिया से भी अनुरोध किया कि भारत को नशा मुक्त बनाने के इस लक्ष्य को हासिल करने में हमारी मदद करें।

पहले के समय छोटी-मोटी कार्रवाई होती थीं

शाह ने कहा वर्ष 2014 से पहले मादक पदार्थों के खिलाफ लड़ाई अधिकतर छोटी इकाइयों द्वारा और अलग-थलग रहकर लड़ी जाती थीं। एजेंसियां अक्सर छोटे-मोटे आरोपियों को पकड़कर ही संतुष्ट हो जाती थीं। हमारी सरकार इस लड़ाई को राष्ट्रीय सुरक्षा के लिहाज से प्राथमिकता बना रही है। मोदी सरकार ने आंतरिक सुरक्षा को बेहतर और मजबूत बनाने के लिए कई कदम उठाए हैं।

रेड कॉरिडोर की कल्पना करने वाले आत्मसमर्पण कर मुख्यधारा से जुड़े



एक लाख नशामुक्ति मित्र तैयार किए जाएंगे

गृह मंत्री ने कहा कि अभियान 50 करोड़ नागरिकों तक पहुंचेगा। अभी हाल ही में, प्रधानमंत्री ने एक ही कार्यक्रम में 1 करोड़ युवाओं के साथ बातचीत की। हम 1 लाख 'नशामुक्ति मित्रों' को प्रशिक्षित करने जा रहे हैं। उन्होने कहा कि पीएम ने कहा था- भारत में ड्रग्स सप्लाई आतंकी साजिश का हिस्सा है और अब साजिशों को नेस्तानाबूद किया जाएगा।

पीएम मोदी ने अभियान किया है लॉन्च

गौरतलब है कि पीएम मोदी ने 2 अगस्त को 'नशा मुक्त युवा फॉर विकसित भारत संकल्प अभियान' लॉन्च किया। उन्होंने कहा था कि भारत में ड्रग्स की सप्लाई दुश्मन देशों की आतंकी साजिश का हिस्सा है। पीएम ने वीडियो कॉन्फ्रेंसिंग के जरिए अपने संबोधन में कहा था- दुश्मन देश भारतीय युवाओं को नशे के जाल में धकेलना चाहते हैं। इस साजिश को मिलकर नाकाम करना होगा।

देश को नशामुक्त करने का प्रारूप तैयार

केंद्रीय गृह मंत्री अमित शाह ने रविवार को कहा कि प्रधानमंत्री नरेन्द्र मोदी का लक्ष्य है कि नशा-मुक्त युवा शक्ति 2047 में 'विकसित भारत' का नेतृत्व करे तथा इस सिलसिले में केंद्र सरकार ने 2029 तक भारत को नशा-मुक्त बनाने के लिए एक प्रारूप तैयार किया है।शाह ने कहा कि विकसित भारत का सपना साकार करने के लिए मोदी सरकार देश को नशा-मुक्त बनाने के लिए प्रतिबद्ध है, ठीक वैसे ही जैसे उसने नक्सलवाद और आतंकवाद की समस्या को खत्म करने के लिए काम किया है।

जमकर मचा बवाल

जेएनयू के प्रोफेसर पर यौन उत्पीड़न के आरोप, जांच शुरू

एजेंसी ▶▶ नई दिल्ली

दिल्ली स्थित जवाहरलाल नेहरू विश्वविद्यालय में यौन उत्पीड़न का मामला सामने आया है। विश्वविद्यालय के ही एक प्रोफेसर पर कम से कम 10 छात्राओं ने यौन उत्पीड़न के आरोप लगाए हैं। मामले से परिचित अधिकारियों ने बताया कि ये शिकायतें करीब एक महीने पहले की गई थीं और कथित घटनाएं भी उसी दौरान की हैं। मामला सामने आने के बाद विश्वविद्यालय की आंतरिक जांच समिति ने जांच शुरू की है।



प्रोफेसर पर लगाए गए हैं ये आरोप

शिकायतों में आरोप लगाया गया है कि प्रोफेसर ने छात्राओं को परिसर में ही स्थित अपने आवास पर आयोजित समारोहों में बुलाया, जहां उन्होंने कथित तौर पर अनुचित हरकतें कीं। कुछ शिकायतों में कक्षा के दौरान भी कथित आपत्तिजनक टिप्पणियों का भी जिक्र है। ये मामला तब चर्चा में आया, जब हाल ही में कुछ वरिष्ठ छात्राओं ने भी प्रोफेसर के ऊपर इसी तरह के आरोप लगाए। फिलहाल जांच की जा रही है।

जेएनयू प्रशासन ने नहीं दी जानकारी

जेएनयू की आंतरिक जांच समिति फिलहाल सभी शिकायतों की जांच कर रही है। मामले को लेकर न कुलपति और न ही जेएनयू प्रशासन ने कोई आधिकारिक बयान जारी किया है। माना जा रहा है कि जांच के दौरान कुछ और पीड़ित भी सामने आ सकते हैं। दिल्ली पुलिस के एक अधिकारी ने भी बताया कि घटना के संबंध में अब तक कोई पुलिस शिकायत नहीं मिली है।

आईसीसी ने टिप्पणी से किया इनकार

इस मामले की जांच कर रही जेएनयू की आंतरिक शिकायत समिति ने मामले पर टिप्पणी करने से इनकार किया है। समिति का कहना है कि यह आंतरिक मामला है और फिलहाल इसकी जांच चल रही है। जेएनयू की कुलपति शांतिश्री धुलिपुड़ी पंडित ने कहा कि यौन उत्पीड़न से जुड़ी शिकायतों पर आईसीसी कार्रवाई करती है और कुलपति इस समिति की सदस्य नहीं होती हैं। वहीं, आरोपों से घिरे प्रोफेसर ने कहा कि उन्हें ऐसी किसी शिकायत की जानकारी नहीं है। उन्होंने अपने खिलाफ लगाए गए आरोपों को गलत बताया।

मणिपुर में यूकेएनए के दो उग्रवादी ढेर, दो घायल, हथियार बरामद

भारतीय सेना और असम राइफल्स की संयुक्त टीम ने की बड़ी कार्रवाई



इंफाल। मणिपुर के चुराचांदपुर जिले में भारतीय सेना और असम राइफल्स की संयुक्त टीम ने बड़ी कार्रवाई की है। अधिकारियों के मुताबिक, मुठभेड़ में यूनाइटेड कुकी नेशनल आर्मी यानी यूकेएनए के दो उग्रवादी मारे गए, जबकि दो अन्य घायल हुए। यह कार्रवाई जिले के हेंगलेप उपमंडल के फैबोंग गांव में की गई। सुरक्षाबलों ने खुफिया सूचना मिलने के बाद इलाके में अभियान शुरू किया था। सुरक्षाबलों ने यूकेएनए शिविर की घेराबंदी की। उग्रवादियों के ठिकाने से बड़ी मात्रा में हथियार बरामद किए गए। अधिकारियों के अनुसार, सुरक्षाबलों ने 29 अगस्त की रात फैबोंग गांव में अभियान शुरू किया। इसके बाद यूकेएनए के एक शिविर पर निगरानी रखी गई। दो सितंबर की सुबह करीब पांच बजे सुरक्षाबलों ने शिविर की ओर रणनीतिक तरीके से बढ़ना शुरू किया।

शिविर से भारी मात्रा में हथियार बरामद

शिविर में तलाशी के दौरान दो एमए राइफल, एक एके-56 राइफल, एक लाथोड गन, सात लाथोड ग्रेनेड, 15 एके मैगजीन, 371 एके-56 कारतूस, 601 एमए राइफल के कारतूस और 172 एसएलआर कारतूस बरामद किए गए। इसके अलावा 15 लड़ाकू वर्दियां और सात गोला-बारूद रखने वाली पाउच भी मिलीं।

यूकेएनए को लेकर क्या स्थिति है?

यूनाइटेड कुकी नेशनल आर्मी यानी यूकेएनए उन कुकी और जोमी सशस्त्र संगठनों में शामिल नहीं है, जिन्होंने केंद्र सरकार, मणिपुर सरकार और कुछ कुकी-जोमी संगठनों के साथ सस्पेंशन ऑफ ऑपरेशंस यानी अभियान निलंबन समझौते पर हस्ताक्षर किए हैं।

पटना में निचले इलाकों में अलर्ट, 19 लाख लोग प्रभावित

पटना। बिहार के 11 जिलों में 19 लाख से ज्यादा लोग बाढ़ से प्रभावित हुए हैं। पटना के गांधी घाट पर गंगा का जलस्तर बाढ़ के महत्वपूर्ण निशान से ऊपर जाने के बाद अधिकारियों ने निचले इलाकों के लिए चेतावनी जारी की है। अधिकारियों ने बताया कि भारी बारिश के बाद पटना के गांधी घाट पर गंगा का जलस्तर 'बाढ़ के उच्चतम स्तर') से ऊपर चला गया है। बिहार का 76 प्रतिशत इलाका बाढ़ से प्रभावित है और 19 जिलों के 20 लाख लोग इसकी चपेट में हैं। अनेक क्षेत्रों में सड़क पर नाव चलाई जा रहीं हैं। बाढ़ बारिश के कारण 20 लाख से अधिक लोग इस आपदा में फंसे हुए हैं। पशुपालकों के मवेशी पानी में डूबकर बह गए है। सार्वजनिक ढांचे को भारी नुकसान हुआ है।

सहारनपुर स्थित कलेक्ट्रेट में विवादित मस्जिद का ढांचा ढहा

यहां मलबे के नीचे मिला100 साल पुराना कुआं, एएसआई करेगी जांच

एजेंसी ▶▶ सहारनपुर

उत्तर प्रदेश के सहारनपुर स्थित कलेक्ट्रेट परिसर में विवादित मस्जिद का ढांचा ढहाए जाने के बाद मलबे की सफाई के दौरान विवार को उसके नीचे एक कुआं मिला है। अधिकारियों ने कहा कि यह कुआं लगभग 20 फीट गहरा और 1.5 मीटर चौड़ा है। बताया जा रहा मस्जिद के नीचे मिला यह कुआं उस समय सामने आया जब शनिवार को बुलडोजर कार्रवाई के बाद कलेक्ट्रेट परिसर से मलबा हटाया जा रहा था। लगभग 16 घंटे तक चली लंबी कार्रवाई के बाद मस्जिद के ढांचे को गिरा दिया गया था, जिसके बाद रविवार सुबह सफाई का काम जारी था।

■ एसडीएम ने भी लिया जायजा

कटर से स्लैब काटने पर खुला कुएं का राज



अधिकारियों ने बताया कि रविवार सुबह सफाई के दौरान मलबे के नीचे एक कंक्रीट की स्लैब दिखाई दी। जब कटर की मदद से इस स्लैब को काटा गया, तो उसके ठीक नीचे यह गहरा कुआं निकला।

ऐतिहासिक महत्व का लगाया जाएगा पता

कुआं मिलने की खबर फैलते ही सहारनपुर के उपजिलाधिकारी सुबोध कुमार तुरंत मौके पर पहुंचे। उन्होंने कुएं की प्राचीनता और इसके ऐतिहासिक महत्व का पता लगाने के लिए भारतीय पुरातत्व सर्वेक्षण को तुरंत इसकी सूचना दी।

पोस्ट डालकर खुद को करते हैं महिमामंडन, विभागीय छवि पर पड़ता है असर


सरकारी अफसरों के सोशल मीडिया इस्तेमाल पर लगेगी लगाम...!

एजेंसी ▶▶ नई दिल्ली

सरकारी अधिकारियों और कर्मचारियों के सोशल मीडिया इस्तेमाल के लिए सरकार नई आचार संहिता लाने पर विचार कर रही है। इसके तहत अनुचित विषयों पर वीडियो या निजी राय पोस्ट करने और अपने पद या काम का महिमामंडन करने वाली सामग्री साझा करने पर रोक लगाई जा सकती है। प्रस्तावित नियम सभी अधिकारियों और कर्मचारियों पर लागू हो सकते हैं। हालांकि, आचार संहिता कब जारी होगी और इसमें क्या प्रावधान होंगे, इसकी आधिकारिक जानकारी अभी सामने नहीं आई है।

क्या पोस्ट करें इसे लेकर तय होंगे नियम

सरकार के उच्च स्तर पर इस मुद्दे को लेकर चर्चा हो चुकी है। अब एक ऐसी आचार संहिता तैयार करने पर विचार किया जा रहा है, जिसके तहत अधिकारी सोशल मीडिया प्लेटफॉर्म पर अनुचित या आपत्तिजनक विषयों से जुड़े वीडियो और निजी राय साझा नहीं कर सकेंगे।



सभी कर्मियों पर लागू हो सकती है आचार संहिता

सूत्रों के अनुसार, एक बार सोशल मीडिया आचार संहिता तैयार होने के बाद इसे सभी सरकारी अधिकारियों और कर्मचारियों पर लागू किया जा सकता है। इसमें अधिकारी का पद या रैंक क्या है, इससे कोई फर्क नहीं पड़ेगा। यानी नियमों का दायरा शीर्ष स्तर के अधिकारियों से लेकर अन्य कर्मचारियों तक हो सकता है।

कब तक आएगी नई आचार संहिता

हालांकि, अभी यह स्पष्ट नहीं है कि सरकार सोशल मीडिया आचार संहिता को कब तक जारी करेगी। साथ ही, इसमें किन-किन गतिविधियों को प्रतिबंधित किया जाएगा और अधिकारियों के लिए क्या-क्या दिशा-निर्देश तय होंगे, इसकी भी आधिकारिक जानकारी सामने नहीं आई है।

अधिकारियों के 'महिमामंडन' वाले पोस्ट भी चिंता की वजह

सरकार का यह कदम ऐसे समय में सामने आया है, जब अधिकारियों द्वारा सोशल मीडिया पर अपने काम और पद का महिमामंडन करने वाली सामग्री साझा करने के मामले बढ़ रहे हैं। सरकारी सेवा में रहते हुए इस तरह की सामग्री पोस्ट करना कर्मचारियों से अपेक्षित आचरण के अनुरूप नहीं माना जाता। इसी वजह से सोशल मीडिया के इस्तेमाल को लेकर स्पष्ट आचार संहिता की जरूरत महसूस की जा रही है।

फिलहाल सोशल मीडिया इस्तेमाल पर स्पष्ट नियम नहीं

सूत्रों के मुताबिक, सरकार को सोशल मीडिया आचार संहिता की जरूरत इसलिए भी महसूस हुई है क्योंकि मौजूदा समय में सरकारी अधिकारियों और कर्मचारियों के सोशल मीडिया इस्तेमाल को लेकर इस तरह के स्पष्ट और व्यापक नियम मौजूद नहीं हैं। नई आचार संहिता के जरिए इस अंतर को दूर करने की कोशिश की जा सकती है।

मुंबई में वारदात

पूर्व ड्राइवर ने मालिक के घर डाली 'नकली आईटी रेड', मांगे 1 करोड़

एजेंसी ▶▶ मुंबई

मुंबई के अंधेरी में ड्राइवर संतोष खोपटकर ने अपने पुराने मालिक राजकुमार कंदसामी के दफ्तर पर एक नकली इनकम टैक्स रेड डालने की कोशिश की। खोपटकर और उनके साथियों ने खुद को इनकम टैक्स अधिकारी बताया। उनके पास जाली पहचान पत्र और एक फर्जी सर्च वारंट भी था। उन्होंने कंडसामी पर टैक्स चोरी का आरोप लगाया और कहा कि अगर वह एक करोड़ रुपये दे दें, तो उनके खिलाफ कोई कार्रवाई नहीं होगी।

7 गिरफ्तार, 2 अब भी फरार

इस गिरोह ने कंदसामी के दफ्तर में घंटों तक तलाशी ली और वहां रखे फोन भी अपने कब्जे में ले लिए, लेकिन उनके हाथ कुछ भी नहीं लगा। जब कंडसामी ने बिना किसी आधिकारिक नोटिस के पैसे देने से साफ मना कर दिया, तो वे सभी खाली हाथ लौट गए। बाद में, जब कंडसामी ने अपने चार्टर्ड अकाउंटेंट से इस बारे में बात की, तब उन्हें एहसास हुआ कि यह एक बड़ा धोखा था। इसके बाद, उन्होंने तुरंत पुलिस को सूचना दी। एक साल पहले नौकरी से निकाले गए संतोष खोपटकर और उनके 6 अन्य साथियों को पुलिस ने जल्द ही गिरफ्तार कर लिया। पुलिस को शक है कि इस गिरोह ने पहले भी इसी तरह की कई वारदातों को अंजाम दिया होगा।

हरिभूमि

छत्तीसगढ़, मध्यप्रदेश, हरियाणा व दिल्ली से एक साथ प्रकाशित

समाचार ही नहीं, विचार भी



तीजा पर साड़ियों की खास डिमांड

- शुरुआती कीमत 800 से 5 हजार तक
- 10 हजार से ज्यादा महंगी साड़ियां भी
- वर्क वाली साड़ियों की बड़ी डिमांड
- सूरत से आती हैं ज्यादातर अच्छी क्वालिटी की साड़ियां





प्रदेशभर के कपड़ा बाजार खासकर साड़ियों की दुकानों में रौनक

तीज 14 को, सज गया बाजार, छग में 700 करोड़ तक पहुंचेगा साड़ियों का कारोबार

हरिभूमि न्यूज ▶▶| रायपुर

खास खबर

छत्तीसगढ़ के सबसे बड़े त्योहार तीजा के लिए बहनों को साड़ी देने के लिए भाई और उनके परिवार वाले राजधानी रायपुर के साथ ही प्रदेश भर के छोटे से लेकर बड़े शहरों में साड़ियों की जमकर खरीदारी कर रहे हैं। अब तो महंगी साड़ियों का भी ▶▶| शेष पेज 7 पर

तीजा छत्तीसगढ़ का सबसे बड़ा त्योहार

तीजा छत्तीसगढ़ का सबसे बड़ा त्योहार है। इसके लिए पंडरी कपड़ा बाजार के साथ प्रदेश भर में जमकर खरीदारी हो रही है। 700 करोड़ के कारोबार की संभावना है। रायपुर में ही 400 करोड़ से ज्यादा कारोबार होने का अनुमान है।

-चंदर विदानी, संरक्षक
पंडरी कपड़ा बाजार एसोसिएशन

रायपुर में सबसे ज्यादा कारोबार

प्रदेश में कपड़ों का सबसे बड़ा बाजार पंडरी रायपुर में है। यहां पर साड़ियों की सबसे ज्यादा दुकानें हैं। इन दुकानों में जहां थोक में बिक्री होती है, वहीं चिल्हर में भी कारोबार होता है। ऐसे में पंडरी कपड़ा बाजार में इस समय तीजा की जमकर खरीदारी हो रही है। कारोबारियों की मानें तो प्रदेश में तीजा पर साड़ियों का सात सौ करोड़ से ज्यादा का कारोबार होगा। इसमें से चार से साढ़े चार सौ ▶▶| शेष पेज 7 पर

महंगी साड़ियों का क्रेज ज्यादा

कारोबारियों के मुताबिक इस समय महंगी साड़ियों का बड़ा क्रेज हैं। मध्यम वर्ग भी तीजा पर बहनों को महंगी साड़ियां देने के लिए खरीदारी कर रहा है। अच्छी साड़ियों की शुरुआत 800 से लेकर पांच हजार तक हैं। इससे ज्यादा वाली साड़ियां भी हैं। दस हजार से ज्यादा महंगी साड़ियां भी हैं। वर्क वाली साड़ियों की बड़ी डिमांड है। ये साड़ियां पहले दस हजार से कम की नहीं आती थी, लेकिन अब इसकी शुरुआती कीमत हजार रुपए हो गई है। ऐसे में मध्यम वर्ग परिवार भी वर्क वाली हजार रुपए और इसके ज्यादा कीमत वाली साड़ियां ले रहे हैं। तीजा साल में एक बार आता है, ऐसे में मध्यम वर्गीय परिवार की भी ▶▶| शेष पेज 7 पर

inh 24x7
छत्तीसगढ़ एवं मध्यप्रदेश का सर्वाधिक लोकप्रिय चैनल देखें
TATA sky चैनल नं. 1155 | airtel चैनल नं. 366

खबर संक्षेप

हाइड्रोजन ट्रेन की 110 किमी प्रति घंटे की रफ्तार

इंदौर। रेलवे बोर्ड के अध्यक्ष और मुख्य कार्यकारी अधिकारी सतीश कुमार ने रविवार को कहा कि देश की पहली हाइड्रोजन ट्रेन को अधिकतम 110 किलोमीटर प्रति घंटे की रफ्तार से परिचालित करने का प्रयास किया जा रहा है। अन्य रेल खंडों पर भी इसके संचालन को लेकर विचार किया जा रहा है।



एफबीआई का वांछित जालंधर में गिरफ्तार

जालंधर। अमेरिका की सरकारी योजनाओं में कथित तौर पर धोखाधड़ी करने वाले और संघीय जांच ब्यूरो (एफबीआई) की वांछित सूची में शामिल एक व्यक्ति को पंजाब पुलिस ने जालंधर में दर्ज एक मामले के सिलसिले में गिरफ्तार किया है। अमेरिकी नागरिकता हासिल करने वाले मनजीत सिंह बेदी ने गिरफ्तारी से बचने के लिए इस साल अप्रैल में अमेरिका छोड़ दिया था और कनाडा के रास्ते भारत आ गया।

जीएसटी परिषद की बैठक अब सात अक्टूबर को

नई दिल्ली। माल एवं सेवा कर परिषद की 12 सितंबर को होने वाली बैठक अब सात अक्टूबर को होगी। यह बदलाव ब्रिक्स शिखर सम्मेलन के कारण किया गया है। भारत 12 और 13 सितंबर को नयी दिल्ली में वार्षिक ब्रिक्स शिखर सम्मेलन की मेजबानी करेगा। सम्मेलन में पश्चिम एशिया संकट के आर्थिक प्रभाव सहित कई महत्वपूर्ण वैश्विक चुनौतियों पर चर्चा होने की उम्मीद है।




ट्रक और ऑटो की टक्कर में पांच की गई जान

संभल। उत्तर प्रदेश के संभल के बहजोई क्षेत्र में ट्रक की जोरदार टक्कर लगने से ऑटो सवार पांच लोगों की मौत हो गई। हादसे में छह अन्य घायल हो गए। मृतकों में ऑटो चालक सौदान सिंह (40), रुवैद (30), ध्रुव (छह), सरवाध्या (चार माह) तथा एक अज्ञात व्यक्ति है। मुरादाबाद-आगरा राष्ट्रीय राजमार्ग पर बम्नेटा गांव के पास एक ऑटो में कुछ लोग जा रहे थे।

कार की टक्कर से परिवार के तीन सदस्यों की मौत

त्रिशूर। केरलम के त्रिशूर जिले में एक तेज रफ्तार कार ने मोटरसाइकिल को टक्कर मार दी जिससे एक परिवार के तीन सदस्यों की मौत हो गई। मृतकों की पहचान एडक्कझियूर निवासी मुनीर (35), शिफना (24) और उनके तीन वर्षीय बेटे एमिल ऐबक के रूप में हुई है। यह हादसा तब हुआ जब अपने परिवार के साथ मोटरसाइकिल से जा रहे मुनीर को कार ने टक्कर मार दी।



सागर जहरीली शराब कांड : मुख्यमंत्री ने दिए जांच के आदेश

शराब पीने के बाद अकड़ने लगे हाथ पैर, शरीर पड़ गया नीला, 14 की मौत

मप्र के सागर जिले के बंडा अनुविभाग के ग्रामीण इलाकों में संदिग्ध जहरीली शराब ने तबाही मचा दी है। अब तक 14 लोगों की मौत हो चुकी है, जबकि सबसे ज्यादा असर ग्राम नौराज और घूघरा खुर्द में देखने को मिला है। दो लोग शराब पीकर घर लौटे थे। कुछ देर बाद अचानक उनकी तबीयत बिगड़ने लगी। हाथ-पैर अकड़ने लगे और वे दर्द से तड़पते हुए माथे पर हाथ मारने लगे। कुछ ही देर में शरीर पर नीले निशान दिखाई देने लगे और अस्पताल पहुंचते ही मौत हो गई।

हरिभूमि न्यूज ▶▶| सागर

सागर जिले की बंडा तहसील में शनिवार-रविवार की दरमियानी रात जहरीली शराब पीने से अब तक 14 लोगों की मौत हो गई और चार अन्य की हालत गंभीर है। मामले की शुरुआती जांच में उत्तर प्रदेश के ललितपुर से शराब की तस्करी की बात सामने आई है। सागर की जिलाधिकारी प्रतिभा पाल ने बंडा में संवाददाताओं से कहा, आज तड़के चार बजे यह मामला संज्ञान में आया। इसमें अब तक 14 लोगों की मौत हुई है। शवों का पोस्टमार्टम किया जा रहा है। हमारा विशेष ध्यान इस बात पर है कि यदि अन्य लोग भी इसकी चपेट में आए हैं, तो उनकी जांच कराकर उनका उपचार किया जाए। मुख्यमंत्री मोहन यादव ने मामले की जांच का आदेश देते हुए कहा कि सरकार इसमें सख्त कार्रवाई करेगी। वहीं, कांग्रेस ने पूरे प्रकरण की न्यायिक जांच की मांग की है। शुरुआती जांच में संकेत मिले हैं कि उत्तर प्रदेश के ललितपुर से जहरीली शराब यहां लाई गई।

- कांग्रेस ने प्रदेश सरकार पर बोला हमला, उठाए सवाल

उत्तरप्रदेश से तस्करी का संदेह, चार अन्य की हालत गंभीर

'काका हाथ-पैर पटकने लगे... शरीर पर पड़ गए नीले निशान'

नौराज निवासी दिग्विजय लोधी (28) और करतार लोधी (30) की मौत के बाद गांव में मातम पसरा है। दोनों का अंतिम संस्कार किया जा चुका है। मृतक करतार लोधी की भतीजी ने उस रात की घटना बताते हुए कहा कि काका शराब पीकर घर लौटे थे। कुछ देर बाद अचानक उनकी तबीयत बिगड़ने लगी। हाथ-पैर अकड़ने लगे और वे दर्द से तड़पते हुए माथे पर हाथ मारने लगे। परिजनों के अनुसार, कुछ ही देर में शरीर पर नीले निशान दिखाई देने लगे।

गलियों में बिखरी बोतलें

नौराज की चौपालों और तंग गलियों में पहुंचने पर जगह-जगह देशी शराब की खाली बोतलें और क्वार्टर बिखरे दिखाई दिए। गांव में लोग झुंड बनाकर बैठे मिले, लेकिन खौफ के कारण कोई भी कैमरे के सामने खुलकर बोलने को तैयार नहीं हुआ। हालांकि, कुछ ग्रामीणों ने दबी जुबान में बताया कि गांव में लंबे समय से गली-गली अवैध देशी और कच्ची शराब बेचे जाने की बात सामने आती रही है।



विपक्ष ने उठाए सवाल

मध्यप्रदेश विधानसभा में विपक्ष के नेता उमंग सिंघार ने दावा किया कि सागर में जहरीली-अवैध शराब ने 11 लोगों की जान ले ली है तथा 25 से अधिक लोग अस्पताल में जिंदगी और मौत से जूझ रहे हैं। उन्होंने दावा किया कि मौत का आंकड़ा बढ़ सकता है। सिंघार ने एक बयान में कहा, यह सिर्फ हादसा नहीं, बल्कि सरकार की नाक के नीचे चल रहे अवैध शराब के कारोबार और प्रशासनिक लापरवाही का गंभीर सवाल है।

तीन अधिकारी निलंबित, दो पुलिसकर्मियों पर कार्रवाई

मध्यप्रदेश के सागर जिले की बंडा तहसील में जहरीली शराब पीने से 10 लोगों की मौत के मामले में मुख्यमंत्री मोहन यादव ने कड़ा रुख अपनाते हुए आबकारी विभाग के तीन अधिकारियों को निलंबित कर दिया जबकि एक अधिकारी को जिले से हटाकर ग्वालियर मुख्यालय से संबद्ध कर दिया गया। बंडा थाना प्रभारी और गूगरा चौकी प्रभारी को भी तत्काल प्रभाव से निलंबित कर दिया गया। मुख्यमंत्री यादव के निर्देश पर सागर की सहायक आबकारी आयुक्त कीर्ति दुबे, सहायक जिला आबकारी अधिकारी दिलीप खंडाते और बंडा वृत्त की आबकारी उपनिरीक्षक प्रोशनी उरेती को निलंबित कर दिया गया है। प्रशासन ने उपायुक्त एवं संभागीय उड़न दस्ता प्रभारी नीरजा श्रीवास्तव को सागर जिले से हटाकर ग्वालियर मुख्यालय से संबद्ध कर दिया है। एक अन्य बयान के मुताबिक, मुख्यमंत्री के निर्देश पर बंडा थाना प्रभारी और गूगरा चौकी प्रभारी को भी निलंबित किया गया है।

12 संदिग्ध हिरासत में

पुलिस ने 12 संदिग्धों को हिरासत में लेकर नेटवर्क की तलाश शुरू कर दी है। पुलिस की प्रारंभिक जांच में उत्तर प्रदेश के ललितपुर का कनेक्शन सामने आया है। नकली शराब पर फर्जी रैपर, सील-ढक्कन और क्यूआर कोड लगाकर उसे सागर के सीमावर्ती गांवों में सप्लाई किया जाता था।

साइकिल में घूमकर बेचते थे बर्तन-कपड़े

25 साल से सिरगिट्टी क्षेत्र में रह रहे थे बांग्लादेशी!

घुसपैठियों के पास मिला 2009, 2010, 2012 का आधार कार्ड, पेनकार्ड



हरिभूमि न्यूज ▶▶| बिलासपुर

बांग्लादेशी होने के संदेह में पकड़े गए 23 लोग शहर के सिरगिट्टी क्षेत्र में पिछले 25 साल से किराए के मकान में रह रहे थे। सभी साइकिल में घूमकर बर्तन बेचने व टेंट लगाने का काम कर गुजर बसर कर रहे थे। ढाई दशक से शहर में रहने वाले इन लोगों के संबंध में किसी को भनक भी नहीं लगी।

राज्य शासन के निर्देश पर पुलिस के विशेष टास्क फोर्स ने सिरगिट्टी क्षेत्र में रह रहे 23 लोगों को बांग्लादेशी घुसपैठिए होने के संदेह में रायपुर डिटेंशन सेंटर भेज दिया है। बताया जा रहा है पकड़े गए सभी लोग पिछले विगत 25 साल से सिरगिट्टी क्षेत्र में किराए के मकान में रह रहे थे। इसमें से अधिकांश साइकिल में घूमकर बर्तन बेचने का काम कर रहे थे तो कई टेंट हाउस में टेंट लगाने का काम कर रहे थे। टास्क फोर्स ने उनके घरों की तलाशी ली तो चौंकाने वाले जरूरी दस्तावेज हाथ लगे। जिस दौरान आधार कार्ड का चलन बहुत कम था। उस दौरान 2009, 2010,2012 के आधार कार्ड व पेनकार्ड हाथ लगा। सभी के पास पुराने आधार कार्ड व पेनकार्ड मिलने पर पुलिस को संदेह हुआ कि रोजी मजदूरी कर जीवन यापन करने वाले पेनकार्ड क्यों बनवा कर रहे हैं।

त्योहार में जाते थे पश्चिम बंगाल

बताया जाता है कि त्योहार में 20 से 25 की संख्या में बांग्लादेशी नदी पार कर पश्चिम बंगाल रिश्तेदारों के घर त्योहार मनाने आते थे। उसमें से 20 लौट जाते थे और 5 वहीं रुक जाते थे। इसलिए धीरे-धीरे घुसपैठियों की संख्या बढ़ गई।

ससुर को पिता, सास को मां बना लिया

पुलिस को पता चला है कि बांग्लादेश से पश्चिम बंगाल में आकर ये लोग रिश्तेदारों के घरों में रूककर यहीं शादी कर लेते थे। उसके बाद ससुर को पिता, सास को मां बनाकर कोलकाता में फर्जी आधार कार्ड व पेनकार्ड बनवा लेते थे। उसके बाद आधार कार्ड व पेनकार्ड के सहारे ये शहर के सिरगिट्टी क्षेत्र में आकर विगत 25 साल से रह रहे थे।

भारत-बांग्लादेश सीमा पर 17.40 करोड़ का सोना जब्त

बीएसएफ की कार्रवाई, बांग्लादेशी तस्कर गिरफ्तार



एजेंसी ▶▶| कोलकाता

पश्चिम बंगाल में भारत-बांग्लादेश सीमा पर तैनात सीमा सुरक्षा बल (बीएसएफ) की गश्ती टीम ने एक बांग्लादेशी नागरिक को पकड़ा है। उसके कब्जे से तस्करी कर लाए गए 17.40 करोड़ रुपए मूल्य के सोने के बिस्कुट बरामद हुए हैं। अधिकारियों के अनुसार, यह घटना शनिवार शाम नदिया जिले की हलदरपाड़ा सीमा चौकी के पास हुई। इस क्षेत्र की सुरक्षा बीएसएफ की 32वीं बटालियन करती है। अधिकारियों ने बताया कि पांच सितंबर को बांग्लादेशी नागरिक से कुल 89 सोने के बिस्कुट बरामद किए गए जिनका वजन 11.28 किलोग्राम से अधिक और कीमत 17.40 करोड़ रुपए थी।

बीएसएफ की रणनीति

पश्चिम बंगाल से लगती भारत-बांग्लादेश सीमा पर सीमा पार से होने वाले अपराधों, घुसपैठ और खासकर सोने की तस्करी को रोकने के लिए बीएसएफ ने व्यापक रणनीति बनाई है। बीएसएफकी 32वीं बटालियन ने अपने इलाके में विशेष सतर्कता टीमों और एंटी-स्मगलिंग दस्तों की तैनाती कर रखी है। ये टीमें दिन-रात सीमावर्ती इलाकों में गश्त करती हैं और संदिग्ध गतिविधियों पर पैनी नजर रखती हैं।

तीन साल में जब्त किया 120 किलो सोना

आंकड़ों पर नजर डालें तो सीमा सुरक्षा बल की इस बटालियन का तस्करी के खिलाफ रिकॉर्ड बेहद शानदार रहा है। बीएसएफ अधिकारियों के अनुसार, अगस्त 2023 से लेकर अब तक के आंकड़ों को देखें तो अकेले इसी बटालियन ने सीमावर्ती इलाकों से कुल 120 किलोग्राम से भी ज्यादा सोना जब्त किया है। सीमा पर लगातार की जा रही कार्रवाई के दौरान जब्त किए गए इस पीले धातु की कुल बाजार कीमत 100 करोड़ रुपए से भी अधिक है।

हिरासत में आरोपी

सोने की इतनी बड़ी खेप बरामद होने के बाद बीएसएफके अधिकारियों और जवानों ने तुरंत उस बांग्लादेशी नागरिक को अपनी कस्टडी में ले लिया। प्राथमिक पूछताछ और शुरुआती कागजी कार्रवाई पूरी करने के बाद बीएसएफ ने आरोपी तस्कर और बरामद किए गए सोने के बिस्किटों को आगे की जांच के लिए राजस्व गुप्तचर निदेशालय के अधिकारियों को सौंप दिया है। अब डीआरआई की टीम इस बात का पता लगा रही है कि सोने की इतनी बड़ी खेप को भारत में किस सिंडिकेट तक पहुंचाया जाना था और इसके पीछे कौन-कौन से बड़े तस्कर शामिल हैं।

इसरो के भविष्य पर कर्मचारियों की चिंता, चेयरमैन से मांगी 'गारंटी'

हरिभूमि न्यूज ▶▶| नई दिल्ली

इसरो के नौ कर्मचारी संगठनों ने अंतरिक्ष एजेंसी के अध्यक्ष वी. नारायणन को पत्र लिखकर निजी कंपनियों को हस्तांतरित करने के प्रस्ताव पर स्पष्टीकरण मांगा है। कर्मचारी संगठनों ने पत्र में इसरो की भविष्य की भूमिका के साथ-साथ मौजूदा कर्मचारियों और भविष्य में होने वाली भर्तियों पर इसके संभावित प्रभावों को लेकर भी सवाल उठाए हैं। निजी क्षेत्र की भागीदारी एक मजबूत और सार्वजनिक स्वामित्व वाले इसरो के साथ-साथ जारी रह सकती है।



इसरो ने कहा

नहीं होगा निजीकरण

इधर, इसरो ने रविवार को साफ किया कि उसका न तो निजीकरण किया जाएगा और न ही अंतरिक्ष क्षेत्र में उसकी भूमिका या अहमियत कम की जाएगी। इसरो ने कहा कि निजी क्षेत्र की भागीदारी बढ़ाने का उद्देश्य संगठन की भूमिका को कमजोर करना नहीं, बल्कि उसे भविष्य की अत्याधुनिक अंतरिक्ष तकनीकों और बड़े मिशनों पर ज्यादा ध्यान देने का मौका देना है।

क्या है मामला

भारतीय राष्ट्रीय अंतरिक्ष संवर्धन एवं प्राधिकरण केंद्र (इन-स्पेस) के अध्यक्ष पवन गोयनका ने एक सार्वजनिक कार्यक्रम में कथित तौर पर कहा था, अंततः इसरो कोई भी प्रक्षेपण यान नहीं बनाएगा और न ही किसी प्रक्षेपण यान का निर्माण करेगा। यह सब निजी क्षेत्र या पीएसयू द्वारा किया जाएगा। गोयनका ने रविवार को सोशल मीडिया मंच 'एक्स' पर एक पोस्ट में कहा कि भारत को 2030 तक हर साल 50 प्रक्षेपण के लक्ष्य तक पहुंचाने के लिए इसरो और निजी कंपनियों को मिलकर काम करना होगा।

दिल्ली में सुरक्षा चाक-चौबंद

ब्रिक्स सम्मेलन 12 से, कई देशों के जुटेंगे राष्ट्राध्यक्ष

हरिभूमि ब्यूरो ▶▶| नई दिल्ली

राजधानी दिल्ली में 12 और 13 सितंबर को भारत मंडपम में होने वाले 18वें ब्रिक्स शिखर सम्मेलन को लेकर सुरक्षा तैयारियां तेज कर दी गई हैं। अंतरराष्ट्रीय स्तर के इस महत्वपूर्ण आयोजन में ब्रिक्स सदस्य एवं साझेदार देशों के राष्ट्राध्यक्षों के साथ-साथ आउटरीच देशों और विभिन्न अंतरराष्ट्रीय संगठनों के प्रमुख भी हिस्सा लेंगे।



नई दिल्ली की बदलेगी तस्वीर

ब्रिक्स सम्मेलन से पहले नई दिल्ली इलाके को आकर्षक और व्यवस्थित बनाने के लिए नई दिल्ली नगरपालिका परिषद ने भी बड़े पैमाने पर सौंदर्यीकरण और स्ट्रीटस्केप सुधार का काम शुरू किया है। सड़कों की मरम्मत से लेकर फुटपाथ और सार्वजनिक स्थलों को बेहतर बनाने तक के काम किए जा रहे हैं।

दुखद संयोग : झारखंड में उच्च एवं तकनीकी शिक्षा मंत्री सुदिव्य का निधन

साढ़े तीन साल में तीन शिक्षा मंत्रियों ने छोड़ी दुनिया

एजेंसी ▶▶| रांची

झारखंड सरकार के कैबिनेट मंत्री और झारखंड मुक्ति मोर्चा (झामुमो) के वरिष्ठ नेता सुदिव्य कुमार सोनू के रविवार सुबह आकस्मिक निधन के साथ राज्य की राजनीति में एक असामान्य और दुखद संयोग जुड़ गया है। पिछले करीब साढ़े तीन वर्षों में झारखंड सरकार के शिक्षा विभाग से जुड़े तीन मंत्रियों जगन्नाथ महतो, रामदास सोरेन और सुदिव्य कुमार सोनू का निधन हो चुका है। जगरनाथ महतो और रामदास सोरेन स्कूली शिक्षा एवं ▶▶| शेष पेज 7 पर



जगरनाथ महतो
6 अप्रैल 2023

रामदास सोरेन
15 अगस्त 2025

सुदिव्य कुमार
6 सितंबर 2026

मंत्री अंसारी का भी हुआ था निधन

इससे पहले अल्पसंख्यक कल्याण मंत्री रहे हाजी साहब (73) बुजुर्गवार थे। वो कोरोना से पीड़ित हुए, ठीक हुए और फिर हार्ट अटैक से चल बसे। उनकी जगह उनके बेटे हफीजुल हसन मंत्री बने फिर मधुपुर से उपचुनाव जीता।

छाती में दर्द की शिकायत, अस्पताल में हुई मौत

सुदिव्य कुमार सोनू का शनिवार देर रात गिरिडीह में निधन हुआ। गिरिडीह के हरसिंगरायडीह स्थित आवास पर वह देर रात सोने की तैयारी कर रहे थे, तभी उनकी तबीयत अचानक बिगड़ गई। उन्हें छाती में दर्द की शिकायत हुई, जिसके बाद परिजन तत्काल उन्हें गिरिडीह के मर्सी हॉस्पिटल ले गए। इलाज के दौरान उनकी मौत हो गई। बताया गया है कि उन्हें हार्ट अटैक आया था।

5.72 करोड़ जनधन खातों में पैसा नहीं

नई दिल्ली/जयपुर। प्रधानमंत्री जनधन योजना (पीएमजेडीवाई) के तहत देश में करीब हर चौथा खाता निष्क्रिय है, जबकि 5.72 करोड़ से अधिक खातों में कोई राशि जमा नहीं है। सूचना के अधिकार (आरटीआई) के तहत मिले जवाब में यह जानकारी सामने आई है। वित्त मंत्रालय के वित्तीय सेवा विभाग के अनुसार, 12 अगस्त, 2026 तक देश में पीएमजेडीवाई के कुल 59,03,74,907 खाते थे, जिनमें कुल 3.15 लाख करोड़ रुपये से अधिक की राशि जमा थी।



समीपस्त ग्राम सरकड़ा में खबर का असर देखने को मिला ग्राम विकास, सामाजिक एकता एवं जनहित से जुड़े विभिन्न महत्वपूर्ण विषयों को लेकर बैठक आयोजित की गई।

गांजा व शराब बेचने पर 10 हजार का अर्थदंड, सूचना देने पर मिलेंगे 5 हजार

हरिभूमि न्यूज ⏭ पाण्डुका

बैठक में ग्राम में हो रही अवैध शराब एवं गांजा बिक्री पर प्रभावी रोक लगाने, युवाओं एवं आने वाली पीढ़ी को नशे के दुष्प्रभावों से बचाने तथा ग्राम को पूर्णतः नशामुक्त बनाने के उद्देश्य से व्यापक नशामुक्ति अभियान की शुरुआत करने का निर्णय लिया गया। इस महत्वपूर्ण पहल में ग्राम विकास समिति के पदाधिकारी, महिला समूह, महिला कमांडो, पंचायत प्रतिनिधि, पैरी प्रवाह युवा संगठन के पदाधिकारी एवं समस्त ग्रामवासियों ने एकजुट होकर सहभागिता सुनिश्चित की। बैठक में सर्वसम्मति से कई प्रस्ताव पारित किए गए। अवैध शराब एवं गांजा बिक्री पर रोक लगाई जाएगी। ग्राम में अवैध शराब एवं गांजा की बिक्री करते पाए जाने पर 10 हजार रुपए का अर्थदंड निर्धारित किया गया है।

ग्राम सरकड़ा के बैठक में नशामुक्ति को लेकर निर्णय



महिला कमांडो की रहेगी महत्वपूर्ण भूमिका

इस अभियान का उद्देश्य किसी व्यक्ति को परेशान करना नहीं, बल्कि ग्राम में नशे के बढ़ते प्रभाव को रोकना, युवाओं का भविष्य सुरक्षित करना, परिवारों को नशे से होने वाले नुकसान से बचाना और गांव में स्वस्थ एवं शांतिपूर्ण वातावरण स्थापित करना है। ग्रामवासियों ने सर्वसम्मति से इन सभी प्रस्तावों को मंजूरी प्रदान करते हुए संकल्पित होकर ग्राम सरकड़ा को नशामुक्त बनाने के लिए हर संभव प्रयास किया जाएगा।



सार्वजनिक स्थानों पर नशा एवं जुआ प्रतिबंधित

सूचना देने वाले व्यक्ति 5,000 रुपए की प्रोत्साहन राशि प्रदान करने का निर्णय लिया गया। सार्वजनिक स्थानों पर नशा एवं जुआ प्रतिबंधित किया गया है। ग्राम के सार्वजनिक स्थानों पर शराब पीने, गांजा पीने एवं ताश-जुआ खेलने पर पूर्ण प्रतिबंध रहेगा। नियम का उल्लंघन करते पाए जाने पर 2,000 रुपए का जुर्माना लगाया जाएगा। इसकी सूचना देने वाले व्यक्ति को 1,000 रुपए की प्रोत्साहन राशि दी जाएगी। खुले में डिस्पोजल गिलास एवं पानी पाउच की बिक्री पर रोक होगी। ग्राम की किराना दुकानों एवं ठेलों पर खुले में डिस्पोजल गिलास एवं पानी पाउच बेचने पर प्रतिबंध रहेगा। नियम का पालन नहीं करने पर 1,000 रुपए का अर्थदंड लगाया जाएगा। इसकी सूचना देने वाले व्यक्ति को 500 की प्रोत्साहन राशि प्रदान की जाएगी।

खबर संक्षेप

रील देखते नेटवर्क हुआ गायब, गुस्से में वृद्ध ने जहर खाकर दे दी जान

कोरबा। मोबाइल पर रील देखते समय नेटवर्क में आ रही रुकावट से क्षुब्ध होकर 52 वर्षीय एक महिला ने गुस्से में आकर पहले अपने मोबाइल को पटकर तोड़ दिया और फिर कीटनाशक पदार्थ का सेवन कर लिया। गंभीर हालत में महिला को इलाज के लिए मेडिकल अस्पताल में भर्ती कराया गया था, जहां इलाज के दौरान उसकी मौत हो गई। मामला करतला थाना क्षेत्र के अंतर्गत आने वाले ग्राम केराकछार निवासी मंगलो बाई (52 वर्ष)पति प्रेम लाल सारथी 5 सितंबर की सुबह लगभग 11:30 बजे अपने घर पर मोबाइल में रील देख रही थी। इसी दौरान मोबाइल का टावर (नेटवर्क) बार-बार गायब हो रहा था, जिससे इंटरनेट कनेक्टिविटी ठप्प हो रही थी और रील देखने में रुकावट आ रही थी। बार-बार नेटवर्क जाने से मंगलो बाई इस कदर आक्रोशित हो गई कि उसने अपना मोबाइल जमीन पर दे मारा, जिससे मोबाइल पूरी तरह से क्षतिग्रस्त हो गया। इसके बाद भी जब उसका गुस्सा शांत नहीं हुआ तो उसने घर में रखा कोई कीटनाशक पदार्थ गटक लिया।

मवेशियों को महाराष्ट्र ले जाते वाहन जब्त

राजनांदगांव। आयसर वाहन में मवेशियों को अवैध रूप से ठूंस-ठूंसकर भरकर ले जाने की सूचना पर नाकाबंदी कर वाहन को सोमनी पुलिस ने पकड़ा। वाहन से 18 भैंस बरामद किए गए हैं। पुलिस ने आरोपी वाहन चालक को गिरफ्तार कर कार्रवाई की है। एक अन्य आरोपी की सरगर्मी से तलाश जारी है। पुलिस के अनुसार 6 सितंबर को थाना सोमनी पुलिस टीम पेट्रोलिंग पर थी। इसी दौरान मुखबीर से सूचना प्राप्त हुई कि टाटा आयसर वाहन में अवैध रूप से मवेशियों को भरकर दुर्ग से राजनांदगांव की ओर ले जाया जा रहा है। जिसपर आला अफसरों के निर्देशन पर थाना प्रभारी सोमनी निरीक्षक एमन साहू के नेतृत्व में पुलिस टीम गठित कर तत्काल कार्रवाई की गई। कार्रवाई में थाना सोमनी के प्रधान आरक्षक दुलेश्वर साहू, बद्रीनाथ दिनकर, आरक्षक तुषार मरकाम व मनोज ठाकुर की महत्वपूर्ण भूमिका रही।

कार से 132 ली. शराब 25 हजार नकद बरामद



कांकेर। शराब की दुकानों से माल खरीदकर पहले उसे डंप करना और फिर कोचियों के जरिए अलग-अलग इलाकों में खपाने की तैयारी कर रहे तीन शराब तस्करों को कोरर पुलिस ने शराब की डिलीवरी से पहले ही दबोच लिया। तीनों तस्कर सफेद रंग की कार में थे और उनके कब्जे से 132.360 लीटर अंग्रेजी शराब, 25 हजार रुपए नकद, तीन स्मार्टफोन और कार समेत करीब 5.18 लाख रुपए की सामग्रीजब्त की गई है। पुलिस के अनुसार 5 एवं 6 सितंबर की दरमियानी रात कोरर क्षेत्र में अवैध शराब परिवहन की जानकारी मिली। पुलिस टीम ने चिल्हाटी चौक मुख्य मार्ग पर घेराबंदी किया। इसी दौरान सफेद रंग की मारुति सुजुकी स्विफ्ट डिजायर कार क्रमांक सीजी 05 एम 7788 वहां पहुंची। पुलिस ने कार को रोककर तलाशी ली तो उसके अंदर शराब की अलग-अलग पेटियां मिलीं।

1374 के आयुष्मान भारत कार्ड बनाए गए, 139 कर्मियों को व्यावसायिक सुरक्षा प्रशिक्षण

सीवर-सेप्टिक टैंक कर्मियों की सुरक्षा और सम्मान में छग को संयुक्त रूप से पहला स्थान

हरिभूमि न्यूज ⏭ रायपुर

सीवर एवं सेप्टिक टैंक कर्मियों की सुरक्षा, सम्मान और सामाजिक सुरक्षा सुनिश्चित करने तथा स्वच्छता कार्यों में मशीनीकरण को बढ़ावा देने में छत्तीसगढ़ ने महत्वपूर्ण उपलब्धि हासिल की है। केंद्र सरकार की 'नेशनल एक्शन फॉर मैकेनाइज्ड सैनिटेशन इकोसिस्टम' (नमस्ते) योजना के अंतर्गत राज्यों के प्रदर्शन की रैंकिंग में छत्तीसगढ़ ने संयुक्त रूप से देश में प्रथम स्थान प्राप्त किया है। छत्तीसगढ़ के साथ आंध्रप्रदेश, ओडिशा, त्रिपुरा, उत्तरप्रदेश और केंद्रशासित प्रदेश पुदुचेरी 'नमस्ते' योजना के क्रियान्वयन में संयुक्त रूप से देश में पहले स्थान पर हैं। उप मुख्यमंत्री अरुण साव ने इस उपलब्धि पर क्रियान्वयन से जुड़े सभी मैदानी अमले को बधाई दी है। राज्य सरकार स्वच्छता कर्मियों की सुरक्षा, सम्मान और बेहतर कार्य परिस्थितियों को सर्वोच्च प्राथमिकता दे रही है। स्वच्छता कार्यों में मशीनीकरण को बढ़ावा देकर जोखिमपूर्ण कार्यों को समाप्त करना और स्वच्छता कर्मियों को सुरक्षित एवं गरिमापूर्ण कार्य का वातावरण उपलब्ध कराना सरकार की प्रतिबद्धता है।

खास खबर



इस तरह हुआ राज्यों का मूल्यांकन

राज्यों में 'नमस्ते' योजना के क्रियान्वयन का मूल्यांकन 100 अंकों के निर्धारित पैमाने पर किया गया है। इसमें प्रोफाइल किए गए स्वच्छता कर्मियों के सत्यापन के लिए 20 अंक, एसयूवाय के माध्यम से मशीनीकरण के लिए 10 अंक, ईआरएसयू एवं 14420 हेल्पलाइन के संचालन के लिए 20 अंक, सामाजिक सुरक्षा कवरेज के लिए 20 अंक तथा स्वच्छता मृत्यु से संबंधित मामलों में प्रवर्तन, मुआवजा एवं जवाबदेही के लिए 30 अंक निर्धारित हैं। इसके अतिरिक्त स्वच्छता मृत्यु के मामलों में नकारात्मक अंक का भी प्रावधान है। निर्धारित मूल्यांकन मानकों के आधार पर छत्तीसगढ़ ने संयुक्त रूप से प्रथम रैंक हासिल की है।

राज्य में अब तक हुए ये काम

नगरीय प्रशासन एवं विकास विभाग के अधिकारियों ने बताया कि राज्य में अब तक 1487 सीवर एवं सेप्टिक टैंक कर्मियों का सर्वेक्षण कर 1465 कर्मियों का सत्यापन किया गया है। 169 नगरीय निकायों में 1428 कर्मियों को पीपीई किट वितरित किए गए हैं और 1374 कर्मियों को आयुष्मान भारत कार्ड उपलब्ध कराया गया है। वहीं 139 सीवर एवं सेप्टिक टैंक कर्मियों को व्यावसायिक सुरक्षा प्रशिक्षण तथा 923 स्वच्छता कर्मियों को कार्यशाला आयोजित कर सुरक्षा संबंधी प्रशिक्षण दिया गया है। उन्होंने बताया कि इस साल 14 जुलाई को राज्य के सभी नगरीय निकायों में 'नमस्ते' दिवस का आयोजन किया गया था, जिनमें 15 हजार से अधिक स्वच्छता कर्मियों, जनप्रतिनिधियों, शासकीय अधिकारियों-कर्मचारियों एवं आम नागरिकों ने सहभागिता की थी।

कर्मचारी ही निकले चोर

चालू लाइन से लाखों के कंडक्टर तार की कर ली चोरी, दो गिरफ्तार

कोरबा। विद्युत वितरण विभाग के पाड़ीमार जोन अंतर्गत बालको क्षेत्र में फ्यूज कॉल सेंटर पर कार्यरत एक संविदाकर्मी युवक ने ही विभाग को चूना लगा दिया। वर्षों से क्षेत्र में काम कर रहे इस कर्मचारी ने अपने साथियों के साथ मिलकर चलती विद्युत लाइन से लगभग 1.5 लाख रुपये से अधिक कीमत का एल्युमिनियम का कंडक्टर तार पार कर दिया था। इस वारदात के कारण बालको क्षेत्र के कई इलाके घंटों अंधेरे में डूब गए थे। जब जोन के सहायक अभियंता कृष्ण कुमार जोशी निरीक्षण के लिए पहुंचे, तो कट चुके तार देखकर उनके होश उड़ गए। उन्होंने तत्काल मामले की गंभीरता को देखते हुए बालको थाना में लिखित शिकायत दर्ज कराई और पुलिस ने इस मामले में एफओसी में काम करने वाले दो लोगों को धर दबोचा। जबकि फरार चल रहे आरोपियों की पुलिस तलाश में जुटी हुई है। पाड़ीमार जोन के अंतर्गत बालको क्षेत्र के राखड़ डेम के इलाके में पदस्थ लाइनमैन परदेशीराम साहू ने रिपोर्ट दर्ज कराई थी कि गुरुवार शुक्रवार की दरम्यानी रात लाइनमैन परदेशीराम साहू अंबेडकर चौक भदरापारा के आगे राखड़ डेम क्षेत्र में पेट्रोलिंग पर निकला था। इस दौरान उसने पाया कि एक सीमेंट का बिजली खंभा तार सहित टूटा हुआ है। जबकि कुल 5 खंभे से लगभग 800 मीटर से अधिक एल्यूमिनियम का कंडक्टर तार गायब था। पुलिस ने संदेही फ्यूज कॉल में काम करने वाले भदरापारा अंबेडकर चौक निवासी गगन टंडन पिता महावीर टंडन को हिरासत में लेकर जब कड़ाई से पूछताछ की, तो उसने अपना जुर्म कबूल कर लिया और उसके निशानदेशी पर उसके साथी वासु सांडे उर्फ चिंटू पिता मोहन लाल को भी पुलिस ने धर दबोचा तथा चोरी किया गया लाखों रुपये का तार बरामद कर लिया है।

- पाड़ीमार जोन के अंतर्गत आने वाले बालको क्षेत्र का मामला

प्रदेश की बहनों की सेवा और सुरक्षा के लिए सदैव संकल्पित

बस्तर की जनता जैसा विकास चाहेगी, वैसा ही होगा: मुख्यमंत्री



हरिभूमि न्यूज ⏭ रायपुर

मुख्यमंत्री विष्णु देव साय ने कहा है कि बस्तर के विकास की दिशा वहां की जनता की आकांक्षाओं और अपेक्षाओं के अनुरूप ही तय होगी। बस्तर की जनता को किसी प्रकार के भ्रम में रहने की आवश्यकता नहीं है। सरकार क्षेत्र में कृषि, पर्यटन, पशुपालन सहित स्थानीय संभावनाओं के अनुरूप आजीविका और विकास के अवसरों को आगे बढ़ा रही है। बस्तर के लोग जैसा विकास चाहेंगे, सरकार उसी दिशा में आगे बढ़ेगी। बस्तर से जुड़े एक प्रश्न का उत्तर देते हुए मुख्यमंत्री श्री साय ने कहा कि दशकों तक नक्सलवाद के कारण बस्तर विकास की मुख्यधारा से पीछे रहा। आज जब नक्सलवाद के विरुद्ध लड़ाई निर्णायक मुकाम पर पहुंची है और क्षेत्र में शांति एवं विकास का नया वातावरण बना है, तब कुछ लोग बस्तर की जनता के बीच यह भ्रम फैलाने का प्रयास कर रहे हैं कि नक्सलवाद को समाप्त करने के पीछे सरकार का उद्देश्य बड़े उद्योगों के लिए रास्ता तैयार करना है।

बहनों का 'भैया' कहना मेरे लिए सबसे बड़ा सौभाग्य

साक्षात्कार के दौरान प्रदेश की बहनों द्वारा विष्णु भैया नाम से पुकारे जाने और बहनों के मुख्यमंत्री से आत्मीय जुड़ाव को लेकर पूछे गए एक प्रश्न के जवाब में मुख्यमंत्री श्री साय ने कहा कि प्रदेश की बहनें उन्हें 'भैया' कहकर पुकारती हैं और अपने परिवार का सदस्य मानती हैं। इससे बड़ा सौभाग्य उनके लिए और क्या हो सकता है ? बहनों से मिलने वाला स्नेह और आशीर्वाद उन्हें जनसेवा के लिए निरंतर प्रेरित करता है। मुख्यमंत्री श्री साय ने कहा कि एक भाई के नाते प्रदेश की बहनों की सेवा, सुरक्षा और उनके जीवन में खुशहाली लाना उनका संकल्प है। सरकार महिलाओं को आर्थिक रूप से सशक्त और आत्मनिर्भर बनाने के साथ उनके सम्मान, स्वाभिमान और सुरक्षा के लिए निरंतर कार्य कर रही है। उन्होंने कहा कि हमारी कोशिश है कि प्रदेश की हर बहन को आगे बढ़ने के पर्याप्त अवसर मिलें और वह आत्मविश्वास के साथ अपने परिवार तथा छत्तीसगढ़ की प्रगति में अपनी महत्वपूर्ण भूमिका निभाए।

संभावनाओं को अवसरों में बदलने सरकार निरंतर कर रही काम

सीएम श्री साय ने कहा कि बस्तर में कृषि को सशक्त करने, पशुपालन को बढ़ावा देने और पर्यटन की अपार संभावनाओं को अवसरों में बदलने की दिशा में सरकार निरंतर काम कर रही है। शांति स्थापित होने के साथ अब दूरस्थ क्षेत्रों तक विकास पहुंच रहा है और स्थानीय युवाओं के लिए शिक्षा, रोजगार एवं स्वरोजगार के नए अवसर तैयार हो रहे हैं। हमारा प्रयास है कि बस्तर अपनी विशिष्ट पहचान और समृद्ध संस्कृति को सहेजते हुए विकास की नई ऊंचाइयों तक पहुंचे।

एनएसयूआई प्रदेश अध्यक्ष के खिलाफ ठगी की शिकायत

रायपुर। एनएसयूआई के प्रदेश अध्यक्ष नीरज पाण्डेय, उनके भाई तथा चाचा के खिलाफ एक व्यक्ति ने पुरानी बस्ती थाने में शिकायत दर्ज कराई है। शिकायत में बताया गया है कि एनएसयूआई के प्रदेश अध्यक्ष ने उन्हें सिप्ला कंपनी की एजेंसी के साथ रेत खदान तथा डीकेएस कैंटीन का ठेका दिलाने का झांसा देकर 29 लाख रुपए से ज्यादा की ठगी की है। ठगी की शिकायत दो माह पूर्व 25 जुलाई को की गई थी। नीरज के साथ उनके भाई दीपक तथा चाचा इंद्रासन के खिलाफ पुरानी बस्ती, बंधवापारा निवासी राजू सोनकर ने लिखित में शिकायत दर्ज कराई है। थाने में दर्ज शिकायत के अनुसार एनएसयूआई के प्रदेश अध्यक्ष ने उससे 4 अक्टूबर 2023 से मई 2025 के बीच रकम ली है। राजू ने आरोप लगाया है कि काम नहीं होने पर उसने दीपक से पैसे वापस मांगे तो उसने अपने पद की धौंस दिखाते हुए रकम लौटाने से इंकार कर दिया।

- प्रदेश अध्यक्ष के भाई ने कहा- मनगढ़ंत आरोप

झूठा और बेबुनियार आरोप : नीरज के भाई दीपक से संपर्क करने पर बताया कि राजू के साथ उनके चाचा का प्लाटिंग का ज्वाइंट काम था। इस संबंध में उनके बीच पैसों की आपस में लेन-देन होती थी। एनएसयूआई के प्रदेश अध्यक्ष के भाई के अनुसार, उनका राजू के परिवार के साथ घरेलू संबंध रहा है। आरोपों को लेकर उनका कहना है, उन्हें भी समझ नहीं आ रहा है कि राजू ने किनके कहने पर उनके खिलाफ झूठे आरोप लगाते हुए थाने में शिकायत दर्ज कराई है।

नक्सली डंप में 9 एमएम पिस्टल, 30 किलो विस्फोटक सहित अन्य सामग्री हुई बरामद

आत्मसमर्पित माओवादियों की निशानदेही पर चला अभियान

हरिभूमि न्यूज ⏭ कोण्डागांव

जिले में चलाए जा रहे नक्सल उन्मूलन अभियान के तहत पुलिस को एक और बड़ी और महत्वपूर्ण सफलता हाथ लगी है। थाना मर्दापाल क्षेत्र के अंतर्गत ग्राम पुसपाल मोखामारी के जंगल-पहाड़ी इलाके में आत्मसमर्पित माओवादियों की निशानदेही पर सुरक्षा बलों ने नक्सलियों द्वारा छिपाकर रखे गए हथियारों, भारी मात्रा में विस्फोटक और अन्य साजो-सामान का एक बड़ा डम्प बरामद किया है।

संयुक्त सुरक्षा टीम ने सर्चिंग के दौरान 1 नग 9 एमएम पिस्टल, करीब 30 किलोग्राम विस्फोटक सामग्री, डेटोनेटर, जिलेटिन, वॉकी-टॉकी समेत भारी मात्रा में नक्सली सामग्री जब्त की है। जनसुरक्षा को सर्वोपरि रखते हुए टीम ने मौके पर ही करीब 10 किलोग्राम वजन वाले टिफिन आईईडी को बम निरोधक दस्ता की मदद से पूरी तरह सुरक्षित तरीके से नष्ट कर दिया। पुलिस सूत्रों के अनुसार, बस्तर क्षेत्र में नक्सलियों द्वारा जंगलों और पहाड़ी इलाकों में छिपाकर रखे गए हथियारों और आईईडी की टोह लेने तथा उनकी बरामदगी के लिए लगातार विशेष अभियान चलाए जा रहे हैं। इसी क्रम में 5 सितंबर को आत्मसमर्पित माओवादियों से महत्वपूर्ण खुफिया इनपुट प्राप्त हुए थे। कार्रवाई के लिए नक्सल सेल, जिला रिजर्व गार्ड , बस्तर फाइटर्स और बीडीएस की एक संयुक्त टास्क फोर्स गठित की गई।



सर्चिंग में हथियारों और विस्फोटकों का जखीरा

सघन सर्चिंग के दौरान ग्राम पुसपाल मोखामारी के जंगल-पहाड़ी क्षेत्र में नक्सलियों के एक गुप्त ठिकाने का पता चला, जहां भारी मात्रा में सामग्री डंप करके रखी गई थी। बरामद की गई सामग्रियों में अत्याधुनिक हथियारों के साथ-साथ आईईडी और विस्फोटक तैयार करने के काम आने वाले कई खतरनाक उपकरण शामिल हैं।

मौके पर ही नष्ट किया गया टिफिन आईईडी

बरामद की गई खतरनाक सामग्रियों में शामिल लगभग 10 किलोग्राम वजनी टिफिन आईईडी को इलाके की सुरक्षा और जनहित को ध्यान में रखते हुए बीडीएस टीम ने बेहद कड़े सुरक्षा मानकों का पालन करते हुए मौके पर ही नियंत्रित धमाके के साथ नष्ट कर दिया। कार्रवाई के दौरान सुरक्षा बलों ने डी-माइनिंग पूरी की।

'पुष्पा' फिल्म स्टाइल में उदंती नदी के सहारे सागौन तस्करी की साजिश बेनकाब

नदी के सहारे सागौन तस्करी, वन विभाग ने दबोचे तीन तस्कर

हरिभूमि न्यूज ⏭ मैनपुर

सुपरहिट फिल्म 'पुष्पा' की तर्ज पर गरियाबंद जिले के उदंती-सीतानदी टाइगर रिजर्व से सागौन की अवैध तस्करी का एक अनूठा मामला सामने आया है। तस्करों ने नदी के बहाव और लकड़ी की बेड़ी बनाकर सागौन को पड़ोसी राज्य ओडिशा भेजने की योजना बनाई थी, जिसे वन विभाग की सतर्कता और स्मार्ट सर्विलांस ने समय रहते फेल कर दिया। इस अंतरराज्यीय तस्करी के खुलासे के बाद विभाग ने कार्रवाई करते हुए तीन आरोपियों को गिरफ्तार कर लिया है। जबकि तीन अन्य फरार आरोपियों की सरगर्मी से तलाश जारी है। मामले की शुरुआत 22 अगस्त को हुई, जब उत्तर उदंती परिक्षेत्र के कुरुभाटा बीट (कक्ष क्रमांक-03) में नियमित गश्त के दौरान वन विभाग की टीम को उदंती नदी के किनारे सागौन के एक पेड़ का ताजा कटा हुआ ठूंठ मिला। मौके पर सागौन का एक भारी लट्ठा अर्जुन के पेड़ की जड़ों से रस्सी के सहारे बंधा हुआ पाया गया। घटना की संवेदनशीलता को भांपते हुए वन अधिकारियों ने तुरंत स्मार्ट सर्विलांस सिस्टम को सक्रिय किया और इलाके में कड़ी निगरानी शुरू कर दी। 26 अगस्त को निगरानी के दौरान दो संदिग्ध व्यक्तियों को सागौन के लट्ठे के आसपास संदिग्ध हरकतें करते हुए देखा गया। तकनीकी सर्विलांस और मैदानी जांच के आधार पर उनकी पहचान बरगांव मैनपुर निवासी भोजलाल नागेश और गंगाराम विश्वकर्मा के रूप में हुई। जांच में यह सनसनीखेज खुलासा हुआ कि आरोपी कटे हुए सागौन के लट्ठों को अस्थायी बेड़ी के रूप में बांधकर और नदी के तेज बहाव के सहारे ओडिशा खपाने की फिराक में थे।

अलग खबर



ओडिशा तक फैला था नेटवर्क मुख्य आरोपी गिरफ्तार

छानबीन का दायरा बढ़ाने पर इस अंतरराज्यीय नेटवर्क में ओडिशा निवासी शोभाचंद्र नायक की संलिप्तता सामने आई। गरियाबंद पुलिस के सहयोग से उसे भी धर दबोचा गया। विभाग के अनुसार, शोभाचंद्र पहले भी वन अपराध के मामलों में वांछित रहा है। मुख्य आरोपियों की निशानदेही पर भोजलाल नागेश के घर से हाथ आरे और चिरान की गई साल की लकड़ी के साथ नदी में छिपाए गए सागौन के लट्ठे भी बरामद किए गए। दूसरे आरोपी गंगाराम से जुड़े मामले में करीब 0.95 घनमीटर सागौन का लट्ठा जब्त किया गया है। गिरफ्तार तीनों आरोपियों को मुख्य न्यायिक मजिस्ट्रेट गरियाबंद के समक्ष पेश कर जेल भेज दिया गया है।

खबर संक्षेप

गिद्धों का संरक्षण बेहद जरूरी: मंत्री भूपेंद्र



पंचकूला। अंतरराष्ट्रीय गिद्ध जागरूकता दिवस रविवार को हरियाणा के पंचकूला में मनाया गया। इस मौके पर केंद्रीय पर्यावरण, वन और जलवायु परिवर्तन मंत्री भूपेंद्र यादव ने 'संकट से सुधार की ओर- भारत के गिद्धों का संरक्षण' थीम पर कार्यशाला का उद्घाटन किया। इस दौरान भूपेंद्र ने कहा कि जानवरों में गिद्धों का संरक्षण बेहद जरूरी है।

चीन में भूस्खलन से तीन लोगों की मौत



बीजिंग। पूर्वी चीन में उष्णकटिबंधीय चक्रवात सौडेल के कारण कई दिनों से मूसलाधार बारिश के बीच भूस्खलन होने से तीन लोगों की मौत हो गई और नौ लोग लापता हैं। अधिकारियों ने एक बयान में बताया कि शनिवार तड़के जियांग्शी प्रांत में सुइचुआन काउंटी के एक गांव में भूस्खलन हुआ। रविवार को बचावकर्मियों को दो शव मिले। वही चक्रवात की वजह से हुई भारी बारिश के कारण दक्षिण-मध्य चीन के हुनान प्रांत में दो लोगों की मौत हो गई।

दुनिया के नए नक्शे पर विदेश मंत्रालय की यूएन को दो टूक

जम्मू-कश्मीर, लद्दाख हमारे नक्शे के मुताबिक दिखें, हमारी सीमाएं अटल, इनसे समझौता नहीं

एजेंसी ▶▶ नई दिल्ली

> भारत ने संयुक्त राष्ट्र महासभा के समान क्षेत्रफल वाले ग्लोबल मैप प्रस्ताव का समर्थन किया है। हालांकि, विदेश मंत्रालय ने स्पष्ट किया कि यह प्रस्ताव किसी विशेष मानचित्र का समर्थन नहीं करता।

भारत ने दुनिया के नए नक्शे को लेकर आपत्ति जताई है। विदेश मंत्रालय ने रविवार को कहा कि जम्मू-कश्मीर और लद्दाख समेत भारत का पूरा इलाका भारत के आधिकारिक नक्शे के हिसाब से ही दिखना चाहिए। भारत के इलाके को गलत या भ्रामक तरीके से दिखाना हमें मंजूर नहीं है। भारत की सीमाएं अटल हैं, इससे समझौता नहीं हो सकता। विदेश मंत्रालय ने बताया कि भारत ने संयुक्त राष्ट्र (यूएन) के उस प्रस्ताव के पक्ष में वोट किया, जिसमें दुनिया के नक्शे पर देशों और महाद्वीपों का आकार उनके असली क्षेत्रफल के करीब दिखाने की बात कही गई है। हालांकि, भारत ने साफ किया कि इसका मतलब किसी एक खास नक्शे को मंजूरी देना नहीं है।

दरअसल, संयुक्त राष्ट्र महासभा ने शुक्रवार को दुनिया के नक्शे को नए तरीके से दिखाने का प्रस्ताव पास किया। इस बदलाव से किसी देश या महाद्वीप का असली क्षेत्रफल नहीं बदलेगा। सिर्फ नक्शे पर उनका आकार पहले से कुछ छोटा या बड़ा नजर आएगा। अभी दुनिया में मर्केटर मैप काफी इस्तेमाल होता है। इसमें नक्शे पर ध्रुवों के पास के इलाके अपने असली आकार से बड़े दिखाई देते हैं। नए तरीके को इक्वल एरिया प्रोजेक्शन कहा गया है। इसमें अफ्रीका पहले से बड़ा, जबकि यूरोप और उत्तरी अमेरिका छोटे नजर आएंगे। एशिया के कुछ हिस्से भी पहले की तुलना में छोटे दिखाई दे सकते हैं।

- भारत ने यूएन के ग्लोबल मैप प्रस्ताव का समर्थन किया
- जम्मू-कश्मीर और लद्दाख पर भारत का रुख स्पष्ट
- समान क्षेत्रफल वाले मानचित्रों के उपयोग को प्रोत्साहन

भारत को गलत या भ्रामक चित्रण स्वीकार नहीं



रणधीर जायसवाल

भारत को यूएन के इस नए नक्शे के तरीके से आपत्ति नहीं है। भारत ने बराबर क्षेत्रफल दिखाने वाले नक्शे के प्रस्ताव के पक्ष में वोट किया है। उसकी आपत्ति नक्शे में भारत के क्षेत्र को गलत तरीके से दिखाए जाने की संभावना को लेकर है। विदेश मंत्रालय ने साफ कहा है कि यह प्रस्ताव किसी खास नक्शे, नक्शा बनाने के तरीके या देशों की सीमाओं को मंजूरी नहीं देता। इसलिए भारत ने अपनी स्थिति स्पष्ट करते हुए कहा कि जम्मू-कश्मीर और लद्दाख समेत भारत का पूरा संप्रभु क्षेत्र भारत के आधिकारिक नक्शे के मुताबिक ही दिखाया जाना चाहिए। भारत के क्षेत्र का कोई भी गलत या भ्रामक चित्रण स्वीकार नहीं किया जाएगा।

भारत का रुख और स्थिति

हालांकि, भारत ने स्पष्ट किया है कि इस कदम को किसी विशिष्ट मानचित्र, प्रक्षेपण या राष्ट्रीय सीमाओं के चित्रण के समर्थन के रूप में नहीं देखा जाना चाहिए। भारत के दृष्टिकोण को स्पष्ट करते हुए भारतीय राजनयिक रघु पुरी ने कहा, हमारा मानना है कि इस प्रस्ताव को केवल समान क्षेत्रफल वाले मानचित्र प्रक्षेपणों के व्यापक उपयोग और विचार के समर्थन के रूप में समझा जाना चाहिए, न कि 'इक्वल अर्थ प्रोजेक्शन' या किसी अन्य विशिष्ट मानचित्र प्रणाली के समर्थन के रूप में।

भारत ने प्रस्ताव के पक्ष में किया मतदान

रणधीर जायसवाल ने बताया कि भारत ने संयुक्त राष्ट्र महासभा में इस प्रस्ताव के पक्ष में वोट किया। भारत ने अपने वोट की वजह बताते हुए कहा कि नक्शों में अलग-अलग क्षेत्रों को समान और सही तरीके से दिखाने का मूल सिद्धांत महत्वपूर्ण है। उन्होंने यह भी स्पष्ट किया कि भारत किसी खास नक्शे, मैप प्रोजेक्शन या किसी देश की सीमा को किसी खास तरीके से दिखाने का समर्थन नहीं करता है।

जम्मू-कश्मीर को नक्शे के अनुसार ही दिखाएं

भारत ने यह भी स्पष्ट किया है कि उसके संप्रभु क्षेत्र, जिसमें जम्मू-कश्मीर और केंद्र शासित प्रदेश लद्दाख शामिल हैं, उन्हें भारत के आधिकारिक नक्शे के अनुसार ही दिखाया जाना चाहिए. भारत का कहना है कि किसी भी तरह का गलत या भ्रामक नक्शा स्वीकार नहीं किया जा सकता। देश की संप्रभुता और क्षेत्रीय अखंडता को लेकर भारत का रुख पहले से ही साफ है। करेक्ट द मैप प्रस्ताव का उद्देश्य ऐसे विश्व नक्शों को बढ़ावा देना है।

अमेरिका में शुरू हुई एसआईआर जैसी वोटर लिस्ट जांच

दस लाख भारतवंशी वोटरों के नाम कटने का खतरा!



एजेंसी ▶▶ नई दिल्ली

भारत में वोटर लिस्ट के स्पेशल इंटेंसिव रिवीजन (एसआईआर) को लेकर जारी बहस के बीच अब अमेरिका में भी बड़े पैमाने पर मतदाता सूची की जांच शुरू होने की खबर है। डोनाल्ड ट्रंप प्रशासन ने देशभर के वोटर रिकॉर्ड की समीक्षा और एक राष्ट्रीय मतदाता डेटाबेस तैयार करने की प्रक्रिया शुरू की है। मीडिया को मिली जानकारी के मुताबिक इस अभियान के दायरे में करीब 26 लाख भारतवंशी अमेरिकी वोटर भी आ सकते हैं, जिनमें से लगभग 10 लाख के नाम जांच के बाद प्रभावित होने की आशंका जताई जा रही है।

आईसीई को मिली वोटर डेटाबेस की जिम्मेदारी

ट्रंप प्रशासन ने इमिग्रेशन एंड कस्टम्स एनफोर्समेंट आईसीई को इस प्रक्रिया की निगरानी की जिम्मेदारी दी है। सभी 50 राज्यों में मतदाता सूची को विभिन्न सरकारी रिकॉर्ड और इमिग्रेशन डेटाबेस से मिलाने की तैयारी है। इसके लिए करीब 125 करोड़ रुपए के फंड की बात सामने आई है। भारत के एसआईआर से अलग अमेरिका में घर-घर जाकर सत्यापन नहीं होगा। कंप्यूटर आधारित प्रक्रिया में वोटर रजिस्ट्रेशन की जानकारी को इमिग्रेशन और अन्य सरकारी रिकॉर्ड से क्रॉस-चेक किया जाएगा। रिकॉर्ड में विसंगति मिलने पर संबंधित मतदाता की जानकारी की दोबारा जांच हो सकती है।

भारतवंशी वोटरों पर क्यों पड़ेगा असर?

न्यूयॉर्क, न्यू जर्सी, कैलिफोर्निया और टेक्सास जैसे राज्यों में भारतीय मूल के मतदाता राजनीतिक रूप से प्रभावशाली माने जाते हैं। ऐसे में वोटर रिकॉर्ड की व्यापक जांच का असर इस समुदाय पर भी पड़ सकता है। हालांकि, वास्तव में कितने नाम हटेंगे, यह प्रक्रिया पूरी होने के बाद ही स्पष्ट होगा। ट्रंप लंबे समय से वोटर आईडी और नागरिकता के सख्त प्रमाण के समर्थक रहे हैं।

राज्यों के अलग-अलग नियम बड़ी चुनौती

अमेरिका में भारत की तरह कोई एक केंद्रीय चुनाव आयोग पूरे देश के चुनाव संचालित नहीं करता। चुनाव व्यवस्था मुख्य रूप से राज्यों और स्थानीय प्रशासन के अधीन है। इसलिए वोटर रजिस्ट्रेशन और पहचान संबंधी नियम भी राज्य-दर-राज्य अलग हैं। इसी वजह से राष्ट्रीय स्तर पर वोटर डेटाबेस बनाने की कवायद कानूनी और राजनीतिक विवाद को जन्म दे सकती है।

विकसित भारत का संकल्प पूरा होकर रहेगा, हर उपलब्धि पर नाराजगी जताता है विपक्ष : नवीन

कांग्रेस के बयान पर भाजपा अध्यक्ष ने किया पलटवार

हरिभूमि न्यूज ▶▶ नई दिल्ली



भाजपा अध्यक्ष नितिन नवीन रविवार को प्रधानमंत्री के बयान का समर्थन करते हुए विपक्ष पर तीखा निशाना साधा। नितिन नवीन ने कहा कि विपक्ष देश के विकास, विरासत और संस्कृति से जुड़ी हर उपलब्धि पर नाराजगी जताता है। कांग्रेस ने रविवार को पीएम मोदी के नाराज फूफा वाले बयान पर पलटवार किया है इसके बाद भाजपा अध्यक्ष ने कांग्रेस को आड़े हाथों लिया। उन्होंने कहा कि भारत विकास कर रहा है तो उन्हें नाराजगी होती है। कश्मीर से अनुच्छेद 370 हटाकर लाल चौक पर तिरंगा फहराया गया तो भी विपक्ष नाराज हुआ। नक्सलवाद जड़ों से समाप्त होने की दिशा में बढ़ रहा है, तब भी विपक्ष खुश नहीं है। नवीन ने पीएम मोदी के उस बयान का समर्थन किया, जिसमें उन्होंने विपक्ष की तुलना नाराज फूफा से की थी। पीएम मोदी शनिवार को दिल्ली विश्वविद्यालय के श्रीराम कॉलेज ऑफ कॉमर्स में शताब्दी समारोह में हिस्सा लेने के लिए पहुंचे थे।

नवीन ने बताया नाराज फूफा का मतलब

नवीन ने रविवार को इंस्टाग्राम पर शेयर किए गए एक वीडियो में कहा कि प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी ने शनिवार को श्रीराम कॉलेज ऑफ कॉमर्स के शताब्दी समारोह में युवाओं को संबोधित करते हुए विपक्ष की तुलना 'नाराज फूफा' से की थी। उन्होंने कहा कि परिवार और समाज में कुछ ऐसे लोग होते हैं जो हर बात से असंतुष्ट रहते हैं और कभी संतुष्ट नहीं हो सकते। प्रधानमंत्री ने ऐसे ही लोगों के लिए 'नाराज फूफा' शब्द का इस्तेमाल किया।

भारत के विकास से विपक्ष को होती है नाराजगी

भाजपा अध्यक्ष ने कहा कि वह विपक्ष से पूछना चाहते हैं कि भारत विकास कर रहा है तो उन्हें नाराजगी होती है। कश्मीर से अनुच्छेद 370 हटाकर लाल चौक पर तिरंगा फहराया गया तो भी विपक्ष नाराज हुआ। नक्सलवाद जड़ों से समाप्त होने की दिशा में बढ़ रहा है, तब भी विपक्ष खुश नहीं है। उन्होंने दावा किया कि प्रधानमंत्री मोदी के नेतृत्व में 25 करोड़ लोगों को गरीबी रेखा से बाहर निकालने का काम हुआ, लेकिन विपक्ष इस उपलब्धि पर भी सवाल उठाता है।

सत्तारूढ़ गठबंधन का नाम नौ सितंबर को होगा तय

चेन्नई। तमिलनाडु में सत्तारूढ़ गठबंधन अपनी अलग राजनीतिक पहचान स्थापित करने के लिए नौ सितंबर को होने वाली बैठक में आधिकारिक रूप से एक साझा गठबंधन नाम अपनाएगा। राज्य के स्वास्थ्य मंत्री केजी अरुणराज ने यह जानकारी दी। मंत्री ने कहा, 'हम एक नाम देंगे, क्योंकि हमारे गठबंधन के सहयोगी इसकी मांग कर रहे हैं। हमें एक पहचान बनाने और उसे मजबूत करने की जरूरत है।'

'नाराज फूफा' टिप्पणी पर खड़गे बोले

नाकामियां छिपाने विपक्ष को नया विशेषण दे रहे प्रधानमंत्री

एजेंसी ▶▶ नई दिल्ली



कांग्रेस ने रविवार को कहा कि प्रधानमंत्री द्वारा 'नाराज फूफा' जैसे शब्दों का इस्तेमाल करना अपनी 'नाकामियों' को छिपाने के लिए हर साल विपक्ष को नया विशेषण देने की उनकी कार्यशैली का हिस्सा है।

कांग्रेस ने प्रधानमंत्री पर दिल्ली विश्वविद्यालय के श्रीराम कॉलेज ऑफ कॉमर्स के मंच का दुरुपयोग करने और शनिवार को आयोजित कॉलेज के शताब्दी समारोह को 'एक और राजनीतिक प्रचार' में बदलने का आरोप लगाया। अध्यक्ष मल्लिकार्जुन खरगे ने कहा प्रधानमंत्र श्रीराम कॉलेज ऑफ कॉमर्स में गए। यह युवाओं, शिक्षा पर संवाद का अवसर था। लेकिन युवाओं के सवालों का सामना करने के बजाय भाषण फिर एक राजनीतिक प्रचार में बदल गया। लोकतंत्र में सवालों को दबाने के लिए विपक्ष को एक नया विशेषण देना, ताकि उनकी खुद की नाकामियां छिपी रहें। अब 'नाराज फूफा' कहा।



गुवाहाटी में स्वर्ण जयंती में उपराष्ट्रपति

उच्च शिक्षा का उद्देश्य लोकतंत्र को सार्थक बनाना होना चाहिए

एजेंसी ▶▶ गुवाहाटी



उपराष्ट्रपति सीपी राधाकृष्णन ने रविवार को कहा कि उच्च शिक्षण संस्थानों का उद्देश्य केवल छात्रों को करियर के लिए तैयार करना नहीं होना चाहिए, बल्कि उन्हें समाज और लोकतंत्र में सार्थक योगदान देने में सक्षम बनाना भी होना चाहिए। राधाकृष्णन ने गुवाहाटी में गीतानगर कॉलेज के स्वर्ण जयंती समारोह को संबोधित करते हुए राष्ट्र निर्माण और समावेशी विकास को बढ़ावा देने में शिक्षण संस्थानों की भूमिका पर बल दिया। उन्होंने पूर्व 'कन्या महाविद्यालय' के नाम से जाने जाने वाले कॉलेज की नई शैक्षणिक इमारत का ऑनलाइन माध्यम से उद्घाटन भी किया। असम के अपने पहले दौरे के दौरान उन्होंने कहा कि विकसित भारत के निर्माण में शिक्षण संस्थान सबसे अहम हैं। वे आवश्यक कुशल श्रमशक्ति तैयार कर सकते हैं।

बेटेल 7 से 9 सितंबर तक भारत की यात्रा पर

उप-प्रधानमंत्री जेवियर बेटेल आज आएंगे भारत, जयशंकर से करेंगे द्विपक्षीय वार्ता

एजेंसी ▶▶ नई दिल्ली



विदेश मंत्रालय ने शनिवार को पुष्टि की कि लक्जमबर्ग के उप प्रधानमंत्री एवं विदेश और विदेश व्यापार मंत्री जेवियर बेटेल आज भारत आएंगे। 7 से 9 सितंबर तक भारत की आधिकारिक यात्रा पर रहेंगे। विदेश मंत्रालय द्वारा जारी बयान के अनुसार, बेटेल आज 7 सितंबर को नई दिल्ली पहुंचेंगे।

इसी दिन वह हैदराबाद हाउस में विदेश मंत्री डॉ एस जयशंकर के साथ द्विपक्षीय वार्ता करेंगे। विदेश मंत्रालय की ओर से साझा जानकारी के अनुसार, वह मंगलवार को चेन्नई जाएंगे, जहां भारतीय प्रौद्योगिकी संस्थान आईआईटी मद्रास कैंपस का दौरा करेंगे। विदेश मंत्री जयशंकर की जनवरी में लक्जमबर्ग की आधिकारिक यात्रा के दौरान, बेटेल ने भारत के साथ संबंधों को गहरा करने का आह्वान किया था और लक्जमबर्ग के तकनीकी, डिजिटल और वित्तीय क्षेत्रों के विकास में भारतीय समुदाय द्वारा निभाई गई भूमिका पर प्रकाश डाला था। बेटेल ने विदेश मंत्री जयशंकर के साथ बैठक के दौरान अपने शुरुआती संबोधन में कहा था।

हरिभूमि
HEALTH CARE
छत्तीसगढ़ के मेडिकल विशेषज्ञ

अहलूवालिया हॉस्पिटल
81031 28515, 0771-4050006
नेमीचंद गली, रामसागर पारा, स्टेशन रोड रायपुर
• कान, नाक, गला रोग • Hearing Aids • दंत रोग • मुख के कैंसर/प्लास्टिक सर्जरी • चक्कर, खर्राटे

अष्टविनायक हॉस्पिटल
बच्चों एवं महिलाओं का अस्पताल
• प्रसूति • नवजात • शिशु रोग • सभी प्रकार के ऑपरेशन • सोनोग्राफी • आयुष्मान कार्ड • बच्चो के ऑपरेशन • अनुभवी डॉक्टर्स प्रतिदिन
आमा सिवनी, विधानसभा रोड, रायपुर (छ.ग.), 9826182221 9301744425

डायबिटिज मधुमेह का सर्वोत्तम इलाज - अब दिल्ली, मुंबई, चेन्नई क्यू जाना
मधुमीत डायबिटिज हॉस्पिटल
डॉ राका शिवहरे MBBS, MD FNIC FIPA
भर्ती सुविधा उपलब्ध
Ecg, Echo, Tmt, Doppler, Carotid, Doppler, Insulin, Pump, Cgms, Homa IR
शिव मंदिर चौक, अवंति विहार, रायपुर, मो. 8269885003, मो. 7389485756

डॉ. राठौर चेस्ट क्लिनिक
सुविधाएं : पी.एफ.टी., ब्रांकोस्कोपी, स्लीप स्टडी
स्पेशलिस्ट : खांसी, श्वांस, दमा, टी.बी., निमोनिया, एलर्जी फेफड़े का कैंसर, खर्राटे व नींद
दमा, टी.बी., छाती एवं एलर्जी रोग विशेषज्ञ
समय दोपहर 2.00 बजे से शाम 7.00 बजे तक (रविवार अवकाश)
गरचा कॉम्प्लेक्स, कचहरी चौक, जेल रोड़, रायपुर मो. 7999450384, 7042974029

AB आई हॉस्पिटल
लेज़र मोतियाबिंद ऑपरेशन किफायती दरों में
आयुष्मान कार्ड एवं इंश्योरेंस सुविधा उपलब्ध
पता : - 119/A सेक्टर - 3, गीतांजली नगर, रायपुर | मो.: 8815096478

डायबिटीज / शुगर संबंधी सभी समस्याएं, थायराइड, मोटापा, प्रेग्नेंसी डायबिटिस, फुलबॉडी चेकअप, डायबिटिक सेक्स रोग, नसों की सुन्नता।
डायबिटिक क्लीनिक
Dr. Satyajeet Sahu Advance Dibetes & Thyroid care centre
Diabetic Clinic
Appointments No. 7724035770 9329004557 9303724304
17, गुरूकुल कॉम्पलेक्स, कालीबाड़ी रायपुर, समय - सुबह 10 से 5, शाम 6 से रात 9 बजे तक

कान, नाक, गला, एलर्जी एवं वर्टिगो (चक्कर) कोअब्लेशन एवं लेजर सर्जरी हॉस्पिटल
डॉ. जाऊलकर ई.एन.टी. हॉस्पिटल
सेन्ट्रल एवेन्यू चौबे कालोनी प्रगति कॉलेज रायपुर (छ.ग.) (ISO 9001-2000 Certified)
फोन: 0771-4044551 समय: सुबह 9.30 से 4.30 तक

सभी प्रकार के स्किन एवं बाल संबंधी समस्याओं का निदान, मुंहासे, झांई, झुर्रियों का इलाज, अनचाहे बालों हेतु लेजर ट्रीटमेंट
सिंघानिया स्किन केयर
Makeover Skin, Hair & Aesthetic Cente
36, प्रथम तल, गुरूकुल कॉम्प्लेक्स कालीबाड़ी, रायपुर 0771-4053311 Email:bsinghania111@yahoo.co.in
रानी सती मंदिर के पास, केनाल लिंकिंग रोड, रवीनगर, राजातालाब, रायपुर
मो. 94252-14479 0771-4020411 www.makeoverraipur.com
त्वचा व बाल संबंधी समस्याओं का इलाज

उपलब्ध विशेषताएं
• लेप्रोस्कॉपिक एवं जनरल सर्जरी • जनरल मेडीसीन • ऑर्थोपेडिक्स • जोड़ प्रत्यारोपण सर्जरी • ऑन्कोलॉजी (सर्जिकल) • गायनेकोलॉजी
अग्रवाल हॉस्पिटल
(मल्टीस्पेशियेलिटी सेन्टर)
जी.ई.रोड, आर.के.सी. कॉम्पलेक्स के सामने, रायपुर (छ.ग. 492001)
फोन: +91-0771-4088107/108, ईमरजेंसी नंबर 9109187755, डॉ. सजन अग्रवाल - 9329101037
लेप्रोस्कॉपिक सर्जरी में सभी प्रकार की हार्निया, अपेन्डिक्स, पित की थैली, बच्चादानी आदि से संबंधित ऑपरेशन सभी तरह की कैंसर सर्जरी एवं कीमोथेरेपी की सुविधा उपलब्ध
OPD समय - शाम 4 से 6 बजे

डॉ. मनोज अग्रवाला
एमडी (सीएमसी वेल्लोर) (गोल्ड मेडलिस्ट)
चौबे कॉलोनी, रायपुर (छत्तीसगढ़) 0771-4003777, 77778-76292
स्किन क्लिनिक
सेवाएं • मुहासें • सोरासिस • स्किन एलर्जी • पिगमेंटेशन • विटिलियो / ल्यूकोडरमा • पीआरपी थेरेपी • एलोपेसिया • अर्टीकेरिया • फंगल इंफेक्शन • टैली कंसल्टेशन • लेजर थेरेपी

विज्ञापन हेतु संपर्क करें:-
7987119756, 9303508130

सुविधाएं : मेडिसिन, पॉलीट्रामा, बर्न एण्ड प्लास्टिक लप्रोस्कोपिक सर्जरी, जनरल सर्जरी, स्पाईन एण्ड न्यूरो सर्जरी, आर्थो, कैंसर (कीमोथैरेपी व सर्जरी), स्त्री रोग, जोड़ प्रत्यारोपण
पाल जी
स्वास्तिक नर्सिंग होम
बर्न एण्ड पॉलीट्रामा सेंटर मल्टी स्पेशलिटी हॉस्पिटल
(आयुष्मान भारत स्कीम के तहत निःशुल्क ईलाज की सुविधा उपलब्ध)
श्यामनगर जल विहार कॉलोनी पानी टंकी के पास तेलीबांधा मशीन ड्राइव के पीछे
मो. 7991031330 मो. 0771-4347172

चिंतन

नियमों की अनदेखी जवाबदेही किसकी

दिल्ली के सत्य निकेतन में पांच मंजिला हॉस्टल का भरभराकर गिरना महज एक इमारत के ढहने की घटना नहीं है। यह उस जर्जर व्यवस्था पर बड़ा सवाल है, जो हादसे के बाद तो पूरी ताकत से सक्रिय दिखाई देती है, लेकिन हादसे से पहले खतरे को पहचानने में अक्सर नाकाम रहती है। दो छात्रों की मौत और कई लोगों के घायल होने के बाद राहत-बचाव अभियान चल रहा है, लेकिन असली सवाल मलबे से कहीं बड़ा है। आखिर इमारत गिरी क्यों और इसे गिरने से पहले रोका क्यों नहीं जा सका? प्रारंभिक जांच में नवीनीकरण और बेसमेंट में चल रहे काम से इमारत के निचले हिस्से के कमजोर होने की आशंका सामने आई है। इनमें नियमों की अनदेखी की गई। अब यह जवाबदेही किसकी है। अगर भवन में नवीनीकरण या बेसमेंट की खुदाई चल रही थी तो उसकी सुरक्षा जांच किसने की? क्या काम के दौरान भवन की संरचनात्मक मजबूती का आकलन किया गया? क्या आसपास की इमारतों पर पड़ने वाले संभावित खतरे को देखा गया? गंभीर बात यह है कि सत्य निकेतन में यह पहला हादसा नहीं है। वर्ष 2022 में भी इसी इलाके में नवीनीकरण के दौरान तीन मंजिला मकान का हिस्सा गिरने से दो लोगों की मौत हुई थी। हादसे के बाद भी जांच और कार्रवाई की बातें हुई थीं। चार साल बाद फिर उसी इलाके में बहुमंजिला इमारत का गिरना बताता है कि पुराने हादसे से मिले सबक कितने कमजोर साबित हुए। सवाल यह है कि क्या इस बीच यहां के पीजी, हॉस्टल और नवीनीकरण वाली इमारतों का कोई सुरक्षा सर्वे हुआ? इससे पहले भी राष्ट्रीय राजधानी में होटल में आगजनी, कोचिंग सेंटरों में हादसे और बुराड़ी में इमारत गिरने से कई लोगों की मौत के मामले सामने आ चुके हैं। सत्य निकेतन दिल्ली विश्वविद्यालय के दक्षिणी परिसर के आसपास का प्रमुख छात्र इलाका है। बड़ी संख्या में छात्र यहां पीजी और किराये के कमरों में रहते हैं। ऐसे में एक छोटी सी संरचनात्मक चूक बड़ी त्रासदी में बदल सकती है। फिर भी सवाल यही है कि प्रशासन के पास ऐसे भवनों का अद्यतन रिकॉर्ड और उनकी सुरक्षा की नियमित निगरानी कितनी प्रभावी है? यह समस्या सिर्फ सत्य निकेतन की नहीं है। दिल्ली में समय-समय पर इमारतों के गिरने की घटनाएं सामने आती रही हैं। हर हादसे के बाद अवैध निर्माण, कमजोर ढांचे और प्रशासनिक लापरवाही की चर्चा होती है। कुछ समय बाद जांच की फाइलें ठंडी पड़ जाती हैं और शहर उसी ढर्रे पर लौट आता है। यही सबसे खतरनाक स्थिति है। हादसे के बाद दमकल, पुलिस, आपदा प्रबंधन और बचाव दलों का तेजी से मौके पर पहुंचना जरूरी है, लेकिन सरकार की असली परीक्षा मलबे में फंसे लोगों को निकालने से पहले शुरू होती है। क्या उसने उस खतरे को पहचाना था, जिसे समय रहते टाला जा सकता था? आपदा प्रबंधन जरूरी है, लेकिन आपदा रोकना उससे कहीं बड़ी जिम्मेदारी है। अब जरूरत केवल इस इमारत की जांच की नहीं है। दिल्ली के सभी प्रमुख छात्र इलाकों में पीजी, हॉस्टल और बहुमंजिला इमारतों का विशेष संरचनात्मक सर्वे होना चाहिए। जहां बेसमेंट की खुदाई, बड़े स्तर पर नवीनीकरण या अनधिकृत निर्माण हो रहा है, वहां तत्काल तकनीकी जांच जरूरी है। जांच में यदि भवन मालिक, ठेकेदार या किसी तकनीकी विशेषज्ञ की लापरवाही सामने आती है तो कार्रवाई हो। यदि निगरानी करने वाले विभाग की चूक मिलती है तो अधिकारियों की जिम्मेदारी भी तय हो। जवाबदेही उस व्यवस्था की भी होनी चाहिए, जिसने खतरे को समय रहते रोकने का काम नहीं किया।



मुद्दा
अखिलेश आर्येन्दु

ब्रिक्स व बदलती दुनिया में भारत की भूमिका

भारत की मेजबानी में होने वाला 18वां ब्रिक्स शिखर सम्मेलन केवल एक अंतरराष्ट्रीय बैठक नहीं है। भारत के सामने इस बात की परीक्षा भी है कि भारत कितनी कुशलता से परस्पर विरोधी हितों वाले देशों को एक साझा मंच पर ला सकता है। इस समय ब्रिक्स में भारत के अलावा ब्राजील, रूस, चीन, दक्षिण अफ्रीका, मिस्र, इथियोपिया, ईरान, संयुक्त अरब अमीरात, सऊदी अरब और इंडोनेशिया है। इंडोनेशिया इसका 2025 में सदस्य बना। लगातार विस्तार से ब्रिक्स की प्रासंगिकता लगातार बढ़ रही है और भूमिका व महत्ता भी। अब इसमें लैटिन एशिया, अफ्रीका, मध्य-पूर्व और लैटिन अमेरिका जैसी बड़ी उभरती अर्थव्यवस्थाएं एक साथ हैं। ब्रिक्स को अब केवल आर्थिक संगठन के रूप में देखना पर्याप्त नहीं होगा।

ब्रिक्स के गठन के बाद से ही पश्चिम एशिया और खासकर खाड़ी देशों में इसकी भूमिका और कूटनीतिक कवायदों को लेकर चर्चा होने लगी थी। खासकर विस्तारित ग्यारह देशों के इस समूह की दुनिया के देशों खासकर खाड़ी देशों में इसकी कूटनीतिक भूमिका पर। अब जबकि दुनिया में इस समय महज आर्थिक बदलाव का दौर नहीं चल रहा है, इसकी भूमिका और भारत के सामने अवसर को लेकर चर्चा तेज हो गई है। गौरतलब है कि दुनिया इस वक्त महज आर्थिक और सांस्कृतिक दौर से नहीं गुजर रही है, बल्कि वैश्विक शक्ति-संतुलन के पुनर्गठन का दौर भी चल रहा है। पश्चिमी देशों के नेतृत्व वाली पुरानी संस्थाओं के सामने समानांतर ग्लोबल साउथ अपनी आवाज अधिक प्रभावी बनाने की कोशिश में लगा है। ऐसे समय में भारत की मेजबानी में होने वाला 18वां ब्रिक्स शिखर सम्मेलन केवल एक अंतरराष्ट्रीय बैठक नहीं है।

भारत के सामने इस बात की परीक्षा भी है कि भारत कितनी कुशलता से परस्पर विरोधी हितों वाले देशों को एक साझा मंच पर ला सकता है। इस समय ब्रिक्स में भारत के अलावा ब्राजील, रूस, चीन, दक्षिण अफ्रीका, मिस्र, इथियोपिया, ईरान, संयुक्त अरब अमीरात, सऊदी अरब और इंडोनेशिया है। इंडोनेशिया इसका 2025 में सदस्य बना। लगातार विस्तार से ब्रिक्स की प्रासंगिकता लगातार बढ़ रही है और भूमिका व महत्ता भी। अब इसमें लैटिन एशिया, अफ्रीका, मध्य-पूर्व और लैटिन अमेरिका जैसी बड़ी उभरती अर्थव्यवस्थाएं एक साथ हैं।

यही वजह है कि ब्रिक्स को अब केवल आर्थिक संगठन के रूप में देखना पर्याप्त नहीं होगा। यह वैश्विक दक्षिण के राजनीतिक और आर्थिक समन्वय का महत्वपूर्ण मंच बन चुका है। भारत ब्रिक्स की अध्यक्षता के लिए चार प्रमुख क्षेत्रों को सामने रख सकता है- वैश्विक आर्थिक और आपूर्ति-व्यवस्था बनाना जो युद्ध, महामारी, ऊर्जा संकट और व्यापारिक व्यवधानों से प्रभावित न हो। दूसरा कृत्रिम बुद्धिमत्ता, डिजिटल अर्थव्यवस्था और नई तकनीकों में सहयोग करना। तीसरा है-विकासशील देशों के बीच व्यापार, निवेश, स्वास्थ्य, शिक्षा, विज्ञान और तकनीक में सहयोग बढ़ाना और चौथी प्राथमिकता जलवायु परिवर्तन, स्वच्छ ऊर्जा, खाद्य, ऊर्जा सुरक्षा और टिकाऊ विकास को आगे बढ़ाना। इस तरह हम देखें तो भारत ने ब्रिक्स को केवल राजनीतिक बयानबाजी का मंच बनाने के बजाय व्यावहारिक सहयोग के मंच में बदलने की कोशिश की है। ब्रिक्स के विस्तार की सबसे महत्वपूर्ण घटनाओं में से एक है सऊदी अरब और संयुक्त अरब अमीरात का इसमें शामिल होना। इससे ब्रिक्स की पहुंच ऊर्जा और वैश्विक वित्त केंद्रों तक हो गई है। सऊदी अरब दुनिया के सबसे महत्वपूर्ण तेल उत्पादकों में और संयुक्त अरब अमीरात व्यापार, वित्त, लॉजिस्टिक्स और निवेश का केंद्र बन चुका है। भारत के लिए यह खास मायने रखता है क्योंकि भारत की ऊर्जा सुरक्षा, खाड़ी क्षेत्र में रहने वाले भारतीय समुदाय, निवेश, समुद्री व्यापार और पश्चिमी एशिया की स्थिरता सीधे भारत के आर्थिक हितों से जुड़े हैं। भारत और सऊदी अरब के संबंधों में ऊर्जा के साथ-साथ व्यापार, निवेश, रक्षा और प्रौद्योगिकी का महत्व बढ़ रहा है। भारत-सऊदी द्विपक्षीय व्यापार 2.23 में 52 अरब डॉलर से अधिक बताया गया था। इसी तरह भारत और



संयुक्त अरब अमीरात के बीच व्यापक आर्थिक साझेदारी समझौते के बाद व्यापारिक संबंधों में महत्वपूर्ण विस्तार हुआ है। दोनों देशों ने 2026 में भी व्यापार, निवेश, ऊर्जा, बुनियादी ढांचे और तकनीक में सहयोग बढ़ाने पर जोर दिया है। ब्रिक्स में दो अरब देशों सऊदी अरब, ईरान और संयुक्त अरब अमीरात हैं। अध्यक्ष बनने पर इसके सामने सबसे कठिन चुनौती कूटनीतिक है। एक तरफ ईरान है और दूसरी तरफ सऊदी अरब तथा संयुक्त अरब अमीरात है। पश्चिम एशिया में इन देशों के हित हमेशा एक जैसे नहीं रहे हैं। मौजूदा दौर में पश्चिम एशिया संकट ने यह चुनौती और गंभीर कर दी है। गौरतलब है मई 2026 में ब्रिक्स विदेश मंत्रियों की बैठक में ईरान और उसके खाड़ी पड़ोसियों से जुड़े मतभेदों के कारण साझा बयान पर सहमति नहीं बन सकी थी।

ऐसे में यह सवाल पैदा होता है कि क्या ब्रिक्स इतनी विविध परस्पर विरोधी रणनीतिक प्राथमिकताओं वाले देशों को एक साझा राजनीतिक आवाज दे सकता है? भारत की अध्यक्षता की वास्तविक सफलता का आकलन इसी कसौटी पर किया जाएगा। इसके बावजूद भारत के लिए इसका अध्यक्ष होने पर तमाम फायदे हैं, जिनसे इनकार नहीं किया जा सकता है। इसमें बड़ा लाभ इसके कूटनीतिक हैं, जिसके तहत रूस, चीन, ईरान, अरब देशों, अफ्रीकी देशों और लैटिन अमेरिका के साथ संवाद करने की स्थिति में है। इससे भारत की उस विदेश नीति को मजबूती मिलती है जिसे आम तौर पर रणनीतिक स्वायत्तता कहा जाता है। इसी के साथ भारत पश्चिमी देशों के साथ भी अपने संबंध मजबूत रख सकता है और ब्रिक्स जैसे मंचों पर ग्लोबल साउथ की आवाज भी उठा सकता है। इसी तरह भारत को अध्यक्ष बनने पर आर्थिक लाभ इसके विस्तारित सदस्य देशों में ऊर्जा, कच्चे माल, कृषि, खनिज, निवेश, तकनीक और बाजारों की विशाल संभावनाएं भविष्य में बन सकती हैं। रूस और पश्चिमी एशिया के ऊर्जा उत्पादक देशों का एक ही मंच पर होना भारत के लिए रणनीतिक अवसर है। भारत को कच्चे तेल और गैस की जरूरत है। साथ ही भविष्य की अर्थव्यवस्था के लिए लिथियम, कोबाल्ट, निकेल, दुर्लभ खनिजों और अन्य महत्वपूर्ण खनिजों की जरूरत बढ़ने वाली है। इसको देखते हुए ब्रिक्स को भारत के लिए ऊर्जा और कूटनीतिक खनिज साझा मंच बनाया जा सकता है। भारत ब्रिक्स के जरिए तमाम फायदे तलाश सकता है लेकिन चुनौतियां भी कम नहीं हैं। चीन भारत के लिए सबसे बड़ी चुनौती है। दोनों देश ब्रिक्स के सदस्य हैं, लेकिन दोनों के बीच रणनीतिक प्रतिस्पर्धाएं भी कम नहीं हैं। ऐसे में संतुलन बनाए रखना भारत के सामने बड़ी चुनौती होगी। दूसरी बात, रूस ब्रिक्स का संस्थापक सदस्य है। भारत के लिए रूस आज सबसे बड़ा साझीदार, सहयोगी और विश्वसनीय मित्र है। लेकिन रूस-युक्रेन युद्ध ने रूस के साथ भारत के संबंधों को पश्चिमी देशों की नजर में अधिक संवेदनशील बनाया है।

ऐसे में भारत के सामने चुनौती यह है कि वह रूस के साथ अपने संबंध बनाए रखते हुए अमेरिका और यूरोप के साथ भी अपने रणनीतिक एवं आर्थिक संबंधों को आगे बढ़ाए। भारत की असली सफलता इस बात से नहीं मापी जानी चाहिए कि सम्मेलन के अंत में कितने पन्नों का घोषणापत्र जारी हुआ। सफलता तब होगी, जब ब्रिक्स के सदस्य देश ऐसी परियोजनाओं और संस्थागत व्यवस्थाओं पर सहमत हों, जिनका प्रभाव सम्मेलन समाप्त होने के बाद भी दिखाई दे। सवाल यह है क्या भारत विरोधाभाषों से भरे इस समूह को साझा हितों के मंच में बदल पाएगा? यह सम्मेलन के बाद पता चलेगा। फिर भी उम्मीद कर सकते हैं कि भारत अपना हित साधते हुए सभी तरह की चुनौतियों, कठिनाइयों और अवसरों को बेहतर तरीके से अपने हित में भुना लेगा।

(लेखक स्वतंत्र स्तंभकार हैं, ये उनके अपने विचार हैं।)
लेख पर अपनी प्रतिक्रिया haribhoomi@gmail.com पर दे सकते हैं।

मंथन
ज्ञानेन्द्र रावत



पूरे हिमालय क्षेत्र की साझा चेतावनी है नेपाल त्रासदी

बीती 26 सितंबर की अल-सुबह तिब्बत सीमा से लगे नेपाल के रसुवा जिले में आए सैलाब के तांडव की चपेट से धादिंग, नुवाकोट, गोरखा, तनहुं, नवरपासी और चितवन समेत तमाम निचले इलाकों के हजारों घर, दफ्तर, बाजार का अस्तित्व मिट गया। वहां सड़कों का अता-पता नहीं है। करोड़ों-अरबों के आर्थिक नुकसान का अनुमान है। अभी तक 1127 से ज्यादा लोगों की मौत हुई हैं। उनकी पहचान प्रशासन के लिए सबसे बड़ी चुनौती है। चार हजार आठ सौ अट्ठावन से ज्यादा की तादाद में लोग और 583 विदेशी पर्यटक अभी भी लापता हैं, जबकि 315 पर्यटक बचा लिए गए हैं। अभी तक 756 से ज्यादा लोगों को बचाव दल द्वारा बचा लिया गया है। 290 मानसरोवर जाने वाले यात्रियों की तलाश जारी है। वहां अस्पतालों में शवों के रखने की जगह कम पड़ने के बाद शवों को बाहर टैंटों में रखना पड़ रहा है। भोटेकोशी और त्रिशूली घाटियों में स्थित 14 पनबिजली परियोजनाएं पूरी तरह तबाह हो गई हैं, परियोजनाओं की सुरंगों में फंसे लोगों का अभी तक कोई सुराग नहीं लग सका है। नेपाल, चीन और भारत के हजारों राहतकर्मी बचाव कार्य में लगे हैं। नदी के तेज बहाव के बीच दुर्गम हालात में बचाव कर्मियों के साहस की जितनी प्रशंसा की जाए वह कम है। नेपाल में यह सैलाब कैसे आया, इस बाबत अलग-अलग वैज्ञानिक दृष्टिकोण सामने आए हैं। सच्चाई यह है कि न तो उस वक्त नेपाल में तेज बारिश हुई, न मौसम ही खराब था लेकिन इस जलजले ने वहां सब-कुछ तबाह कर दिया। कुछ वैज्ञानिक मानते हैं कि हिमस्खलन द्वारा तिब्बत के केरूंग इलाके में लेंडे नदी को अवरुद्ध करने से नदी में झील का निर्माण हुआ और भारी मात्रा में उसमें पानी जमा हो गया। जब यह हिमनद फटा तो भोटेकोशी और त्रिशूली नदी में बाढ़ आ गयी। दूसरी ओर भूवैज्ञानिक मानते हैं कि गोसाई कुंडा से 47 किलोमीटर उत्तर में तिब्बती इलाके में उस दिन सुबह 8.37 बजे 4.4 तीव्रता का भूकंप आया। इससे नदी में बनी झील का बांध टूट गया। इस दृष्टिकोण को नेपाल के विदेश मंत्री भी स्वीकारते हैं। कुछ इसके पीछे ग्लेशियर झील के फटने, कुछ बर्फ के पिघलने से या हिमस्खलन से अचानक नदी में बाढ़ आने, कुछ तिब्बत के पठारी इलाके में भारी बारिश आने से नदी के जलस्तर बढ़ने से आयी बाढ़ आने और कुछ रसुवा जिले में 17 हजार फीट की ऊंचाई पर ग्लेशियर के फटने और उसके हिस्से टूटकर गिरने और अपने साथ मलबा बहाकर लाने को इस जल प्रलय की असली वजह मानते हैं। इसमें दो राय नहीं है कि समूचा हिमालयी क्षेत्र गंभीर पारिस्थितिकी संकट से जूझ रहा है। पारिस्थितिकी और पर्यावरणीय परिस्थितिजन्य स्थितियों से जुड़े संकट का मौजूदा हालात में केवल नेपाल ही नहीं, समूचा हिमालयी क्षेत्र सामना कर रहा है। यह पहाड़ों पर विकास और पर्यावरण के बीच असंतुलन का ही दुष्परिणाम है। यह गंभीर मामला है। विकास को राहत उपायों के साथ संतुलित किए जाने की बेहद जरूरत है। मानव ने प्रकृति में इतना अधिक हस्तक्षेप किया है जिसका प्रकृति अब हमें जवाब दे रही है। हिमालय के हादसे बता रहे हैं कि हिमालय क्षेत्र में सब ठीक नहीं चल रहा है। इस महत्वपूर्ण क्षेत्र की अनदेखी समझ से परे है। ऐसे समय जब समूची दुनिया बढ़ते तापमान के कहर से त्रस्त है और जब इस इलाके में मौसमी विभीषिका विकराल रूप ले रही हैं, तब ये आपदायें इस क्षेत्र में तमाम खतरों की संवेदनशीलता की ओर संकेत करती हैं और हिमालय की नाजुक ढलान, घाटियों में मानवीय तथा निर्माण गतिविधियों के प्रति सावधान करती हैं। नेपाल में जिस तरह कुदरत का कहर बरपा है, उससे न सिर्फ शासन तंत्र को, बल्कि समाज को भी सबक लेने की जरूरत है। यह भी कि हिमालयी अंचल में विकास योजनाओं के निर्माण के समय क्या-क्या सावधानियां बरती जानी चाहिए। हमारी जिद ही हमें इस इलाके में मैदानी क्षेत्र की तरह विकास करने की ओर ले जाती है। यही वजह है कि यह पर्वत श्रृंखला जो हमारे लिए ही नहीं, समूचे क्षेत्र के लिए वरदान है, हमारा साथ छोड़ रही हैं। बीते दशक की आपदाएं चेतावनी हैं जिन्हें समझना और उन पर अमल बेहद जरूरी है। इसलिए अभी भी समय है कि सभी हिमालयी देशों को इसके मूल चरित्र को समझते हुए इसके संरक्षण हेतु आगे आना होगा। ऐसे हालात में इस अति संवेदनशील इलाके में एक साझी पर्यावरणीय दृष्टि विकसित करने, भारत, चीन, नेपाल, भूटान और तिब्बत क्षेत्र के बीच वैज्ञानिक संस्थाओं और आपदा प्रबंधन तंत्र विकसित किए जाने की जरूरत है जो एक साथ अति वृष्टि, भूस्खलन, ग्लेशियरों के पिघलने, ग्लेशियर झीलों के टूटने, पर्माफ्रास्ट से होने वाले नुकसान पर अंकुश लगा सके।

(लेखक स्वतंत्र पत्रकार और पर्यावरणविद हैं, ये उनके अपने विचार हैं।)

उपकार



संकलित
दर्शन

किसी संकट एवं कष्ट के समय हर क्षण हमारी जिह्वा पर प्रभु का नाम होता है। मन, कर्म एवं वचन से भी हमें उनके अनुनय-विनय की मुद्रा में ही रहते हैं। फिर एक दिन जब हम प्रभु की अनुकंपा से उन बुरे दिनों की चपेट से उबर जाते हैं तो उन्हें भूल जाते हैं। इस प्रकार जन्म से लेकर आज तक हमारे ऊपर ईश्वर के ऐसे उपकारों का सिलसिला अनंत है। प्रभु के उपकार रूपी ऋण से उऋण होना हम मनुष्यों के लिए जीवनपर्यत असंभव है। धन्य हैं वे करुणानिधान, जिन्होंने विशेष कृपा कर हमें बनाया। हाथ, कान, नाक, पांव, बुद्धि एवं घ्राण क्षमता-सब कुछ कार्योपयोगी। यदि वह एकाध अंग-उपांग से अथवा अनेक जीवनोपयोगी शारीरिक क्षमताओं से वंचित कर विपरीत परिस्थितियों में जन्म दे देते तब भी हमें जीवन जीना ही पड़ता। तो क्या फिर हम अपनी शक्ति एवं सामर्थ्य पर इतना इतरा पाते? बिल्कुल नहीं। तब पल-पल संघर्ष एवं परिश्रम कर सब कुछ डोलना ही होता। प्रभु ने कुछ तो समझ-बूझकर हम मनुष्यों को जीवन की ये तमाम अनुकूलताएं दी होंगी। भगवान ने इतनी सुविधाएं दीं तो बदले में हमने क्या विलक्षण किया? वास्तव में ईश्वर ने हमें ये सारी अनुकूलताएं एवं सुविधाएं कुछ विशेष कार्य करने के लिए दी हैं, न कि केवल व्यर्थ में कुछ विशेष होने-समझने के लिए। समस्या यह है कि औरों के कल्याण एवं हित के लिए प्रभु-दरबार से अनुकंपा पर मिली वस्तुओं को हमने भूलवश नितांत अपना ही समझ लिया।


मित्रता मुश्किल समय के लिए एक भरोसा



संकलित
प्रेरणा

रामायण में हनुमान जी ने श्रीराम और सुग्रीव की मित्रता करवाई थी। पहली मुलाकात में श्रीराम ने सुग्रीव से कहा कि मैं मेरी पत्नी सीता को खोज में जंगल-जंगल भटक रहा हूं, लेकिन आप तो राजा हैं। आप जंगल में क्यों रह रहे हैं? पहले सब ठीक था, लेकिन एक दिन हमारे राज्य में एक राक्षस आ गया तो बालि उसे मारने गया। सुग्रीव ने श्रीराम से अपना सारा वृतांत बताया कि कैसे भाई को गलतफहमी हुई। श्रीराम ने सुग्रीव की पूरी बात सुनी और कहा कि ठीक है मैं आपकी मदद करूंगा। पहले तो सुग्रीव को श्रीराम पर भरोसा नहीं हुआ। वह सोचने लगा कि बालि तो इतना बलवान है, राम उसे कैसे मार सकते हैं? ये कैसे मेरी मदद कर पाएंगे? सुग्रीव के चेहरे पर संदेह देखकर श्रीराम ने कहा कि सुग्रीव, अब मैं तुम्हारा मित्र हूं। मित्र के छह गुण हैं। पहला, अपने दोस्त के दुख में दुखी होना। दूसरा, मित्र के दुख को दूर करने का प्रयास करना। तीसरा, मित्र को गलत रास्ते पर जाने से रोकना। चौथा, लेन-देन के समय शंका न करना। पांचवां, हमेशा दोस्त का भला करना और छठा गुण है, विपत्ति के समय दोस्त के साथ खड़े रहना। ये सभी अच्छे मित्र के लक्षण हैं और तुम मुझे अपना मित्र समझ सकते हो। श्रीराम की बातें सुनकर सुग्रीव को उनकी बातों पर भरोसा हो गया। इसके बाद सुग्रीव ने भी सीता की खोज में मदद करने का वचन दिया। दोनों मित्रों ने एक-दूसरे की परेशानी को हल करने का संकल्प लिया।

अंतर्मन



आज की पाती

शिक्षक दिवस की सार्थकता

शिक्षक दिवस केवल एक औपचारिक उत्सव नहीं, बल्कि समाज की वैचारिक और नैतिक रीढ़ को आकार देने वाले शिक्षकों के प्रति कृतज्ञता व्यक्त करने का दिवस है। डा. सर्वपल्ली राधाकृष्णन का मानना था कि समाज के सबसे उत्कृष्ट मस्तिष्कों को ही शिक्षक अर्थात अध्यापक होना चाहिए। आज के डिजिटल युग में तथ्यों और सूचनाओं की भरमार है, लेकिन उन सूचनाओं को विवेक, समझ और उपयोगी ज्ञान में तबदील करने का कार्य केवल एक शिक्षक ही कर सकता है। शिक्षक का प्रभाव केवल पाठ्यक्रम तक सीमित नहीं रहता। वह छात्र में अनुशासन, सत्यनिष्ठा, संवेदनशीलता, न्यायबोध और सामाजिक उत्तरदायित्व जैसे मानवीय मूल्य स्थापित करता है। इसी में शिक्षक तथा शिक्षक दिवस की सार्थकता है। - *राकेश चतुर्वेदी, राजनांदगांव*

ट्रेंड

बाढ़ से प्रभावित क्षेत्र का सर्वे



चित्रकूट जिले में बाढ़ से प्रभावित इलाकों का हवाई सर्वे और घाटों का जमीनी निरीक्षण किया। बाढ़ से प्रभावित 800 परिवारों को राहत सामग्री बांटी गई, बेघर हुए परिवारों को ज़मीन के आवंटन प्रमाण-पत्र दिए।
- **योगी आदित्यनाथ,** सीएम, उत्तरप्रदेश

घायलों को तुरंत मिले इलाज



दिल्ली के सत्य निकेतन में इमारत गिरने की खबर बेहद दुखद और चिंताजनक है। खबरों के मुताबिक, मलबे के नीचे कई लोग दबे हुए हैं, जिनमें दिल्ली यूनिवर्सिटी के कई छात्र भी शामिल हैं। मेरी अपील है कि सभी बचाव दल हर संभव कोशिश करके घायलों को तुरंत सबसे अच्छा इलाज दिलाए।
- **राहुल गांधी,** सांसद, कांग्रेस

छात्रों के सपनों को उड़ान



टेक्नोलॉजी के ज़रिए टैलेंट को सशक्त बनाकर, हम अपने होनहार छात्रों के सपनों को नई उड़ान दे रहे हैं। मेरा मानना है कि लैपटॉप छात्रों की पढ़ाई, रिसर्च, इनोवेशन और प्रतियोगी परीक्षाओं की तैयारी में मददगार साबित होगा।
- **डा. मोहन यादव,** सीएम, मध्य प्रदेश

पंजाब में बहुत तरक्की



पिछले चार सालों में पंजाब ने बहुत तरक्की की है। जिस पंजाब को पिछली सरकारों ने नशे की दलदल में धकेल दिया था, आज उसी पंजाब के गांवों के बच्चे 'खेड़न वतन पंजाब दियां सीजन 4' में अपना हुनर दिखा रहे हैं। अब हमारा पंजाब बदल रहा है।
-**अरविंद केजरीवाल,** पूर्व सीएम, नई दिल्ली

करंट अफेयर


पाक के पंजाब सूबे को पड़ोसी राज्यों से अधिक खतरा : मरियम



पाकिस्तान के पंजाब की मुख्यमंत्री मरियम नवाज ने कहा कि उनके सूबे को पड़ोसी देशों से अधिक पड़ोसी सूबों से खतरा है। पाकिस्तान में विशेषकर पंजाब से सटे खैबर पख्तूनख्वा और बलूचिस्तान सूबों में गत वर्षों के दौरान आतंकी गतिविधियों में काफी बढ़ी हैं। पंजाब सूबे की सीमा भारत से भी लगती है। मरियम ने शनिवार को लाहौर में आयोजित एक कार्यक्रम को संबोधित करते हुए कहा, 'पंजाब में आतंकवाद राज्य की सीमाओं से दाखिल होता है। दुख की बात यह है कि 13 करोड़ की आबादी वाले पंजाब को जो खतरा है, वह मेरे पड़ोसी देशों से कम और मेरे पड़ोसी राज्यों से अधिक है।' पंजाब की मुख्यमंत्री ने विशेष रूप से पड़ोसी खैबर पख्तूनख्वा प्रांत का जिक्र करते हुए कहा, 'वहां से पंजाब में आतंकवाद आता है। सबकी नजरें पंजाब पर हैं, लेकिन ईश्वर का शुक्र है कि पंजाब सुरक्षित है। हमें जिस तरह के खतरों का सामना करना पड़ता है, वे हमारी सभी प्रांतीय सीमाओं से आते हैं। खैबर पख्तूनख्वा सूबे में सत्तारूढ़ प्रतिद्वंद्वी पाकिस्तान तहरीक-ए-इंसाफ (पीटीआई) के वरिष्ठ नेता ने पंजाब की मुख्यमंत्री की टिप्पणी की आलोचना करते हुए इसे 'अपमानजनक' बताया।

ऑफ बीट

दौड़ने से नशे की लत से मिल सकता है छुटकारा



शोध से पता चलता है कि व्यायाम लत से छुटकारा पाने में मदद कर सकता है। यह एक नशामुक्त आनंद है, जो मूड को बेहतर कर सकता है, लालसा (क्रेविंग्स) और मानसिक स्वास्थ्य के लक्षणों को कम कर सकता है, जिससे दोबारा नशे में लौटने से बचाव हो सकता है। हालांकि, अमेरिका में विशेष रूप से नशे से छुटकारा पाने के लिए दौड़ने वाले लोगों के समूह मौजूद हैं, लेकिन अधिकतर शोध नशा-उपचार के दौरान क्लीनिक में ट्रेडमिल पर किए गए हैं। इससे कई सवाल अनुत्तरित रह जाते हैं जैसे लोग समय के साथ लत से उबरने की अपनी प्रक्रिया में दौड़ का उपयोग कैसे करते हैं, इससे किसे लाभ होता है और क्यों। हम यह समझना चाहते थे कि दौड़ने से लोगों को नशीले पदार्थ या शराब के इस्तेमाल से नशामुक्त जीवन की ओर बढ़ने में कैसे मदद मिलती है।अधिकांश लोगों ने शराब को नशे का मुख्य स्रोत बताया। नतीजे बताते हैं कि नशीले पदार्थ या शराब के इर्द-गिर्द सिमटा जीवन धीरे-धीरे दौड़ने से व्यवस्थित हो गया। शुरुआत में ज्यादातर प्रतिभागी वजन घटाने के लक्ष्यों से प्रेरित थे, न कि स्वास्थ्य लाभ से। वे दौड़ने की तैयारी के दौरान भी मादक पदार्थों का सेवन करते रहे, कभी-कभी लंबी दौड़ शुरू करने से पहले थोड़ी शराब पी लेते थे।

अपने विचार

हरिभूमि कार्यालय

टिकरापारा, रायपुर में पत्र के माध्यम से या फैक्स : 0771-4242222, 23 पर या सीधे मेल से **hbcgpati@gmail.com** पर भेज सकते हैं।



कैप्टन इंडिया बनकर उड़ान भरेंगे कार्तिक

मुंबई। बॉलीवुड एक्टर कार्तिक आर्यन अपने अपकमिंग प्रोजेक्ट 'कैप्टन इंडिया' की शूटिंग शुरू करने के लिए पूरी तरह तैयार हैं और अब उनका पहला लुक भी सामने आ गया है। कार्तिक आर्यन ने सोशल मीडिया पर अपना पहला लुक शेयर करते हुए अपने नए प्रोजेक्ट 'कैप्टन इंडिया' की शूटिंग शुरू करने की घोषणा की है। अलग-अलग तरह के रोल करने के लिए मशहूर इस एक्टर ने मिलिट्री यूनिफॉर्म में अपनी एक तस्वीर शेयर की और इस प्रोजेक्ट के लिए अपना उत्साह जाहिर किया है। पहले लुक के साथ-साथ कार्तिक आर्यन ने डायरेक्टर शिमित अमीन का एक दिल को छू लेने वाला मैसेज भी शेयर किया।

लाइफ Style

बिपाशा

जिस्म न करने की मिली थी चेतावनी

एजेंसी ▶▶ नई दिल्ली

बिपाशा बसु एक समय पर बॉलीवुड की टॉप एक्ट्रेसेस में गिनी जाती थीं। हालांकि, शादी और बेटी देवी के जन्म के बाद उन्होंने कुछ समय के लिए लाइमलाइट से दूरी बना ली। फिलहाल बिपाशा अपने पति करण सिंह ग्रोवर और बेटी देवी के साथ क्वालिटी टाइम बिताने पर फोकस कर रही हैं।

बिपाशा ने 2001 में 'अजनबी' से अपने करियर की शुरुआत की थी। वहीं साल 2003 में रिलीज हुई 'जिस्म' में उन्होंने एक इरोटिक रोल निभाकर सबको हैरान कर दिया। अब बिपाशा ने बताया कि कैसे जब उन्होंने इस फिल्म के लिए हामी भरी, उन्हें सबने चेतावनी दी थी कि इस तरह का किरदार उनका कॅरियर खत्म कर सकता है। बिपाशा बसु ने एक बातचीत में बताया कि जब उन्होंने 'जिस्म' करने का फैसला किया, तो उन्हें पता था कि वह बहुत बड़ा रिस्क ले रही हैं। बिपाशा के अनुसार, उस समय इंडस्ट्री में कई लोगों ने उन्हें ये फिल्म नहीं करने की सलाह दी, क्योंकि उन्होंने चिंता थी कि बोल्ड सीन करना उनके करियर के लिए नुकसानदायक हो सकता है। लेकिन, बिपाशा उनकी बातों से सहमत नहीं थीं और उन्होंने ये फिल्म करने का फैसला किया। इस फिल्म में बिपाशा बसु के साथ जॉन अब्राहम लीड रोल में थे। बिपाशा कहती हैं- 'इंडस्ट्री में हर किसी ने मुझसे कहा कि 'यह फिल्म (जिस्म) मत करो।' उनका कहना था कि अगर मैं ऐसी फिल्म करूंगी, जिसमें थोड़ा भी इरोटिका है, तो मेरा करियर खत्म हो जाएगा। मगर मेरे लिए ये बस एक एडल्ट लव स्टोरी थी और मुझे इसमें कोई परेशानी नहीं थी।



हॉलीवुड मसाला



फुसफुसाती नजर आईं प्रियंका-जेनिफर

लॉस एंजिल्स। ग्लोबल स्टार प्रियंका चोपड़ा जहां भी जाती हैं लोगों का ध्यान खींच लेती हैं। वह अक्सर इंटरनेशनल इवेंट्स में जाती हैं। यही नहीं वह हॉलीवुड के बड़े कलाकारों के साथ आसानी से घुल-मिल जाती हैं। हाल ही में उन्होंने जेनिफर लॉरेंस के साथ बातचीत की, जिसका वीडियो वायरल हो रहा है। दोनों कलाकार हाल ही में पेरिस में एक इवेंट में शामिल हुईं। सोशल मीडिया पर वायरल वीडियो में देखा जा सकता है कि दोनों कलाकार हंस-हंसकर बातें कर रही हैं। प्रियंका जेनिफर के कान में कुछ फुसफुसाती हुई दिखीं।



हॉलीवुड सितारे भक्ति भाव से करते हैं भजन-कीर्तन

लॉस एंजिल्स। 'आयरन मैन' फेम लोकप्रिय हॉलीवुड अभिनेता रॉबर्ट डाउनी जूनियर भगवान श्रीकृष्ण के दीवाने हैं। एक इंटरव्यू में उन्होंने खुद माना कि वे हरे कृष्णा विचारधारा और आंदोलन से काफी प्रभावित रहे। अपनी जिंदगी के कठिन दौर से उबरने में कृष्ण विचारधारा उनके लिए काफी मददगार साबित हुई। भगवद गीता के दर्शन से वे काफी प्रभावित हैं। ब्रिटिश अभिनेता और कॉमेडियन रसेल ब्रांड का भगवान कृष्ण और हरे कृष्णा आंदोलन (इस्कॉन) से गहरा जुड़ाव रहा है। ध्यान साधना में भी उनकी काफी दिलचस्पी रही है। रसेल ब्रांड ने खुद यह स्वीकार किया है कि जीवन के कठिन दौर और नशे की लत से उबरने में 'हरे कृष्ण महामंत्र' ने उनकी मदद की। हिंदू संस्कृति और रीति-रिवाजों में आस्था के चलते उन्होंने शादी के लिए भी भारत को चुना।



तीनों बच्चे गए विदेश, फराह हुईं इमोशनल...

मुंबई। बॉलीवुड फिल्ममेकर और कोरियोग्राफर फराह खान ने हाल ही में अपने परिवार की जिंदगी के एक अहम पड़ाव के बारे में एक इमोशनल अपडेट शेयर किया। उन्होंने इस पोस्ट के जरिए बताया कि उनके तीनों बच्चे - दिवा, अन्या और जार पढ़ाई के लिए विदेश चले गए हैं। फराह ने रविवार, 6 सितंबर को इंस्टाग्राम पर अपने बच्चों की कई तस्वीरें शेयर कीं, जिसमें वे अलग-अलग शहरों में अपनी नई जिंदगी की शुरुआत करते दिख रहे हैं। तस्वीरों के साथ उन्होंने बताया कि उन तीनों को अलविदा कहना कितना मुश्किल था। 'तीस मार खान' की डायरेक्टर फराह ने अपने पति-फिल्ममेकर शिरीष कुंदर पर मजाकिया अंदाज में तंज कसते हुए अपना सिग्नेचर ह्यूमर भी दिखाया।



फिर दिमाग उलझाने आ रहे हैं अजय

मुंबई। एक बार फिर अजय देवगन क्राइम-सस्पेंस 'दृश्यम 3' के जरिए विजय सलगांवकर के तौर पर दर्शकों के बीच वापसी कर रहे हैं। मेकर्स ने अब इस क्राइम-सस्पेंस के ट्रेलर रिलीज की डेट भी अनाउंस कर दी है। इस घोषणा के साथ मेकर्स ने विजय सलगांवकर का फैमिली पोस्टर भी जारी किया है। अभिषेक पाठक द्वारा निर्देशित यह फिल्म 2 अक्टूबर, को गांधी जयंती के अवसर पर सिनेमाघरों में रिलीज होगी। फिल्म में अजय देवगन के साथ श्रिया शरण, तब्बू, जयदीप अहलावत, प्रकाश राज, रजत कपूर और इशिता दत्ता मुख्य भूमिका में हैं। फिल्म के मेकर्स ने 'दृश्यम 3' का नया पोस्टर जारी किया। जिसमें अजय देवगन का किरदार विजय सलगांवकर अपने परिवार के साथ एक गाड़ी में नजर आ रहा है और सभी काफी तनाव में दिखाई दे रहे हैं।

टीवी मसाला



बिग बॉस 20 में मनोज की बेटी की हुई एंट्री, सलमान ने दी खास सलाह

नई दिल्ली। सलमान खान के होस्ट किए जाने वाले रियलिटी टीवी शो 'बिग बॉस 20' में सीजन 4 के कंटेस्टेंट रहे एक्टर-नेता मनोज तिवारी की बेटी, म्यूजिशियन ऋति तिवारी की एंट्री हुई है।। सोशल मीडिया पर सलमान खान और मनोज तिवारी की बेटी का एक मजेदार प्रोमो वायरल हो रहा है, जिसमें सुपरस्टार ऋति को एक सलाह देते नजर आ रहे हैं। प्रोमो की शुरुआत मनोज के स्टेज पर गाना गाते हुए, आने से होती है और सलमान उनसे मजाक करते हैं कि क्या वह फिर से शो में आना चाहते हैं। हालांकि, एक्टर-नेता कहते हैं कि वह सिर्फ अपनी बेटी ऋति को छोड़ने आए हैं। इसके बाद म्यूजिशियन ऋति स्टेज पर आती हैं और परफॉर्मेंस देती हैं। सलमान उन्हें सलाह देते हैं, 'घर के अंदर, अंडों को लेकर कभी लड़ाई मत करना। ये बाप पर मत जाना' इस पर मनोज तिवारी की बेटी ने भी कहा, 'मेरे बाप पर आना नहीं' जिस पर मनोज मुस्कुराते हुए अपना चेहरा छिपा लेते हैं। जवाब में ऋति भी अपने पिता से जुड़ा एक मजाक करती हैं, जिससे उनके पिता और सलमान दोनों हंस पड़ते हैं। सलमान खान प्रोमो में 'बिग बॉस 4' में मनोज और डॉली बिंद्रा के बीच अंडों को लेकर हुई उस चर्चित लड़ाई का जिक्र करते हैं। जब मनोज नाश्ते में आमलेट खाना चाहते थे, जबकि डॉली चाहती थीं कि वह पहले बचा हुआ खाना खत्म करें और इसी बात पर दोनों के बीच झगड़ा हो गया। तब मनोज ने कहा, 'किचन किसी के बाप का नहीं है' और डॉली ने जवाब दिया, 'बाप पर मत बोलना'। ये पल आज भी सभी को याद है।

अक्षय ने बिग बी के साथ किया प्रैंक

नई दिल्ली। छोटे पर्दे पर आजकल सोनी पर प्रसारित हो रहा रियलिटी गेम शो 'कौन बनेगा करोड़पति' दर्शकों के बीच अपनी पकड़ बनाने में कामयाब होता हुआ सफल हो रहा है। इस रियलटी गेम शो में हर दिन कुछ नया देखने और सुनने को मिल जाता है। हाल ही में केबीसी 18 के सेट पर अपनी अपकमिंग मूवी हैवान के लिए सैफ और अक्षय प्रमोशन करने पहुंचे है। जिसे लेकर शो का प्रोमो वायरल हो रहा है। जिसमें खिलाड़ी कुमार बिग बी को अपना पर्स दिखाने के लिए आगे बढ़ते है, और उसमे अचानक से आग लग जाती है। यह मंजर देख सेट पर सभी के होश उड़ जाते है। दरअसल, सैफ अली खान और अक्षय कुमार अपनी फिल्म हैवान के लिए 'कौन बनेगा करोड़पति' के मंच पर पहुंचे थे. शो के दौरान अमिताभ बच्चन ने अक्षय कुमार की एक खास आदत का जिक्र करते हुए उनसे पूछा कि वह महान कॉमेडियन चार्ली चैपलिन के बहुत बड़े फैन हैं और अपने पर्स में उनकी तस्वीर रखते हैं। इस पर अक्षय ने कहा कि जी मैं बहुत बड़ा फैन हूं। तो बिग बी ने कहा कि पर्स है आपके पास?



फिल्मों का विलेन असल जिंदगी में रहा था स्वतंत्रता सेनानी

नई दिल्ली। हिंदी सिनेमा में कई कैरेक्टर आर्टिस्ट रहे जिन्होंने भले ही एक तरह के किरदार निभाए, लेकिन हर एक किरदार में एक ऐसा मैजिकल टच छोड़ा कि वो यादगार बन गया। ऐसे ही एक एक्टर थे सीएस दुबे. सीएस दुबे यानी कि चंद्रशेखर दुबे। दुबे जी हिंदी सिनेमा के मशहूर कैरेक्टर आर्टिस्ट थे। उनका जन्म 4 सितंबर 1924 को मध्य प्रदेश के कन्नौड में हुआ था। उन्होंने 1950 के दशक से लगभग 150-200 फिल्मों में काम किया। वे खासतौर से नेगेटिव किरदार जैसे साहूकार, मुनीम और कपटी लाला के किरदारों के लिए मशहूर थे. फिल्म 'जिंदा दिल' (1975) में उनका डायलॉग 'ढक्कन खोल के' बहुत वायरल हुआ। वह केवल फिल्मों में ही एक्टिव नहीं थे। अपनी प्रोफेशनल लाइफ में उन्होंने कई रेडियो प्रोग्राम भी किए। इतना ही नहीं, वह एक स्वतंत्रता सेनानी भी रहे और देश की खातिर जेल गए थे।

भारत छोड़ा आंदोलन का हिस्सा थे

चंद्रशेखर दुबे महात्मा गांधी द्वारा शुरू किए गए भारत छोड़ा आंदोलन का हिस्सा थे। इस दौरान उन्होंने देश के लिए लाठियां खाईं और जेल भी गए थे। इसके अलावा वे एक सोशल वर्कर भी थे जो गरीब छात्रों को उनकी शिक्षा का खर्च उठाने में मदद करते थे। इसके बाद जब नौकरी करने की बारी आई तो उन्होंने बॉम्बे का रुख किया। वहां उन्होंने काम की शुरुआत प्रोड्यूसर और डायरेक्टर अमीय चक्रवर्ती के साथ बतौर ऑफिस बॉय की। इसके साथ साथ वे प्रोडक्शन मैनेजर और असिस्टेंट डायरेक्टर के तौर पर भी काम संभाला। इसके बाद वे बतौर एक्टर अमीय की फिल्म पतिता और सीमा (1955) में नजर आए। इसके बाद बतौर एक्टर उनकी गाड़ी चल निकली और वे करीब 200 से ज्यादा फिल्मों में नजर आए।



हनुमान अंश : 31वें दिन 100 करोड़ पार पहले 21 दिन में कमाए थे मात्र 12 करोड़

नई दिल्ली। फिल्म 'हनुमान अंश' सात अगस्त को सिनेमाघरों में रिलीज हुई थी। फिल्म को रिलीज हुए करीब एक महीना हो गया है और इसी के साथ इसने अपने नाम एक माइलस्टोन सेट कर लिया है। फिल्म ने 100 करोड़ का आंकड़ा पार कर लिया है। लेकिन फिल्म ने 100 करोड़ तक सफर करने में कई उतार चढ़ाव देखें।

पहले हफ्ते की केवल एक करोड़ की कमाई

फिल्म 'हनुमान अंश' 7 अगस्त को थिएटर्स में रिलीज हुई थी। फिल्म को लेकर कोई बड़ा पीआर नहीं किया गया और ना ही रिलीज के बाद इसके बारे में कोई जान रहा था। पहले हफ्ते में इसे टक्कर देने के लिए कोई बड़ी फिल्म नहीं थी। इसके बावजूद फिल्म एक हफ्ते में केवल 1.08 करोड़ का कलेक्शन कर पाई। कम पॉपुलैरिटी और छोटी फिल्म होने के चलते पहले हफ्ते में ये फिल्म केवल 250 स्क्रीन्स में दिखाई गई थी। कम कमाई होने के चलते यही स्क्रीन्स दूसरे हफ्ते में घटकर 25 रह गईं।



चौथे हफ्ते हुआ चमत्कार

असली चमत्कार तो तब हुआ, जब 26 अगस्त को 'टॉक्सिक' की रिलीज के बावजूद फिल्म ने अपनी कमाई जारी रखी। 'टॉक्सिक' जैसी बड़ी स्टारकास्ट और बड़े बजट पर बनी फिल्म के आगे 'हनुमान अंश' ने अपना दबदबा कायम रखा। चौथे हफ्ते में इसकी कमाई डबल डिजिट (करोड़ों में) में होने लगी और अब इस फिल्म का नाम हर किसी की जुबान पर था। चौथे हफ्ते में ऐसा चमत्कार हुआ कि फिल्म ने 61 करोड़ का कलेक्शन किया। अचानक बढ़ी इसकी कमाई ने सबको हैरान कर दिया। इतना ही नहीं, जहां एक हफ्ते बाद 'टॉक्सिक' की कमाई में भारी गिरावट देखने को मिली, वहीं 'हनुमान अंश' का कलेक्शन लगातार बढ़ता नजर आया।

'आवारापन 2' की रिलीज ने तोड़ी कमर

दूसरे हफ्ते में 14 अगस्त को दो बड़ी फिल्में रिलीज हुई। इसमें इमरान हाशमी और दिशा पटानी की 'आवारापन 2' और सनी देओल की फिल्म 'बंटवारा' थी। 'आवारापन 2' ने आते ही बॉक्स ऑफिस पर शानदार शुरुआत की, वहीं बंटवारा ने भी पहले दिन अच्छा कलेक्शन किया।'आवारापन 2' ने अपने पहले हफ्ते में दमदार शुरुआत करते हुए 113.50 करोड़ की कमाई की। फिल्म का इतना क्रेज था कि 'हनुमान अंश' बॉक्स ऑफिस से लगभग गायब ही हो गई थी। जहां 'आवारापन 2' ने इस हफ्ते में 113.50 की कमाई की थी, वहीं 'हनुमान अंश' इस हफ्ते केवल 40 लाख ही कमा पाई थी।

दिल्ली-6 के म्यूजिक को भी मिली थी काफी सराहना

डिक्शनरी में ढूंढने से भी नहीं मिलेगा 17 साल पुराने गाने का मतलब

नई दिल्ली। बॉलीवुड में पर्दे के पीछे कई दिलचस्प कहानियां छुपी हुई हैं। अब आपने दिल्ली-6 का मसकली गाना तो सुना ही होगा जो फिल्म की पहचान बन गया और साथ ही कल्ट भी। लेकिन क्या आप जानते हैं यह गाना दिल्ली-6 के लिए बना ही नहीं था। एक चौंकाने वाले खुलासे में फराह खान ने बताया कि ए.आर. रहमान ने 'मसकली' गाना असल में 'ओम शांति ओम' के लिए बनाया था। उन्होंने बताया कि विशाल-शेखर के आने से पहले, शाहरुख खान की इस फिल्म के लिए संगीत बनाने के लिए ए.आर. रहमान पहली पसंद थे। तो आखिर मसकली शब्द का अर्थ क्या है और यह कैसे दिल्ली-6 का हिस्सा बना?

ए आर रहमान थे पहली पसंद

फराह खान यूट्यूब व्लॉग के हालिया एपिसोड में, फिल्ममेकर विशाल ददलानी के फार्महाउस गईं, जहां उन्होंने अपने दशकों पुराने रिश्तों के बारे में बात की। बातचीत के दौरान, फराह ने याद किया कि उन्होंने विशाल से कहा था कि वह 'ओम शांति ओम' के संगीत के लिए ए.आर. रहमान के पास जा रही हैं, और अगर बात नहीं बनी, तो विशाल और शेखर उनकी दूसरी पसंद होंगे।

पहले ओम शांति ओम के लिए बनाया था गाना

उस समय विशाल ने कहा था कि उन्हें उम्मीद है कि बात बन जाएगी और उन्होंने यह भी सुझाव दिया था कि वे दोनों इस प्रोजेक्ट पर उनके असिस्टेंट के तौर पर काम कर सकते हैं। फराह ने बताया, 'रहमान ने 'ओम शांति ओम' के लिए जो पहला गाना बनाया था, वह 'मसकली' था! मुझे नहीं पता कि मैं इसे कहां इस्तेमाल करने वाली थी, लेकिन मुझे वह गाना और वह शब्द बहुत पसंद है'।



कैसे बना दिल्ली-6 का हिस्सा?

'मसकली' गाने का इस्तेमाल बाद में राकेश ओमप्रकाश मेहरा की फिल्म 'दिल्ली-6' में किया गया, जिसमें अभिषेक बच्चन और सोनम कपूर थे। यह फिल्म 'ओम शांति ओम' के एक साल बाद, 2009 में रिलीज हुई थी।

मसकली का क्या है मतलब?

ए. आर. रहमान ने मसकली शब्द को ध्वनि के आधार पर बनाया था। किसी भी डिक्शनरी में इसका कोई अर्थ नहीं है। डायरेक्टर राकेश ओमप्रकाश मेहरा ने बताया कि गाने में बंधे पंखों वाला कबूतर भारतीय समुदायों में युवा महिलाओं पर लगाई गई सख्त सामाजिक पाबंदियों का प्रतीक है। मेहरा ने यह बात अपने पिता के उस अनुभव के आधार पर बताई, जिसमें वे उड़ान भरने की ट्रेनिंग के दौरान छोटे कबूतरों के पंख बांध दिया करते थे।

ओमप्रकाश ने किया है डायरेक्ट

'दिल्ली-6' की बात करें तो यह साल 2009 में आई एक ड्रामा फिल्म है, जिसे राकेश ओमप्रकाश मेहरा ने डायरेक्ट किया है। फिल्म में अभिषेक बच्चन ने एक एनआरआई का रोल निभाया है, जो अपनी बीमार दादी (वहीदा रहमान) के साथ भारत आते हैं और अपनी जड़ों को जानने-समझने लगते हैं। इसी दौरान वे एक धार्मिक विवाद में फंस जाते हैं। फिल्म में सोनम कपूर, अदिति राव हैदरी, ऋषि कपूर, सुप्रिया पाठक, अतुल कुलकर्णी, पवन मल्होत्रा, दीपक डोबरियाल, दिव्या दत्ता, विजय राज और ओम पुरी भी अहम रोल में हैं। इस फिल्म के म्यूजिक को भी काफी सराहना मिली थी जो ए आर रहमान ने दिया था।

खबर संक्षेप

युवक के पास से नशीली दवा बरामद

महासमुंद। सांकरा के गुरु घासीदास चौक के पास एक युवक के कब्जे से नशीली दवा के टैबलेट बरामद किए गए हैं। मामले में आरोपी के विरूद्ध सांकरा थाने में जुर्म दर्ज किया गया है। पुलिस ने बताया कि मुखबिर से सूचना मिली कि ग्राम सांकरा गुरु घासी दास चौक के पास एक व्यक्ति अवैध रूप से बड़ी मात्रा में नशीली पदार्थ टेबलेट रखकर बिक्री करने हेतु ग्राहक का इंतजार कर रहा है। मौके पर पहुंचकर पुलिस ने जगन्नाथ ध्रुव पिता स्व. डोंगर सिंह ध्रुव (26 साल) वार्ड क्र. 02 सांकरा नशीली दवा नाइट्राजेपाम टैबलेट कुल कीमत 4776 रुपए को बरामद किया गया।

पत्नी को बस बिठाने गए युवक पर पेन से हमला

कांकेर। बस में पत्नी को बैठाने पहुंचे एक युवक और बस कंडक्टर के बीच हुआ विवाद अब थाने तक पहुंच गया है। कोरर बस स्टैंड में कथित तौर पर गाली-गलौज और मारपीट का मामला सामने आया है। पुलिस ने आरोपी कंडेक्टर के खिलाफ मामला दर्ज करते हुए जांच शुरू कर दी है। शिकायत के मुताबिक रविवार 6 सितंबर को कोकानपुर निवासी तिलकराम धनकर अपनी पत्नी सोनम धनकर को भानुप्रतापपुर जाने वाली बस में बैठाने के लिए कोरर बस स्टैंड पहुंचे थे। दोपहर करीब 1 बजे सवारी बस बस स्टैंड पहुंची। इसी दौरान कंडक्टर ने उनकी पत्नी की बांह पकड़कर बस में बैठाने का प्रयास किए जाने की बात शिकायत में कही गई है। शिकायतकर्ता का आरोप है कि बस में मौजूद भीड़ को देखते हुए उन्होंने इसका विरोध किया। इसी बात को लेकर कंडक्टर अकबर ने कथित तौर पर उनके साथ गाली-गलौज शुरू कर दी और हाथ में रखे पेन से उन पर हमला कर दिया।

दो अतिरिक्त कमरों में मिडिल स्कूल व दो कमरे में प्राथमिक की पांच कक्षाएं संचालित

हरिभूमि न्यूज ⏭ मैनपुर

मैनपुर के इंदागांव स्कूल में भगवान भरोसे नौनिहालों का भविष्य

- एक ही छत के नीचे बैठकर पढ़ने को मजबूर 146 बच्चे
- ग्रामीणों और युवाओं ने स्कूल भवन की मांग को लेकर आंदोलन करने की दी चेतावनी

खास खबर



गरियाबंद जिले के आदिवासी बहुल मैनपुर विकासखंड के अंतर्गत आने वाले शासकीय माध्यमिक शाला इंदागांव में शिक्षा व्यवस्था बेपटरी हो चुकी है। सुविधाओं के घोर अभाव और पर्याप्त स्कूल भवन न होने के कारण यहां अध्ययनरत छात्र-छात्राओं का भविष्य पूरी तरह भगवान भरोसे चल रहा है। आलम यह है कि महज दो छोटे-छोटे कमरों में तीन अलग-अलग कक्षाएं छठवीं, सातवीं और आठवीं संचालित की जा रही हैं, जहां कुल 146 बच्चे जैसे-तैसे बैठकर पढ़ाई करने को मजबूर हैं। स्कूल की इस बदहाली को लेकर स्थानीय ग्रामीणों और पालकों में शासन-प्रशासन के प्रति भारी आक्रोश व्याप्त है।

निरीक्षण और आश्वासनों के बावजूद नतीजा सिफर

कुछ समय पूर्व बिन्द्रानवागढ़ विधायक जनक ध्रुव, गरियाबंद जिले के तत्कालीन कलेक्टर भगवान सिंह उइके और शिक्षा विभाग के आला अधिकारियों ने खुद इंदागांव के प्राथमिक और मिडिल स्कूलों का मैदानी निरीक्षण किया था। अधिकारियों और जनप्रतिनिधियों ने बच्चों की समस्याओं को खुद अपनी आंखों से देखा था और जल्द ही इस संकट के स्थाई समाधान का ठोस भरोसा दिलाया था। लेकिन, घटना के दो महीने बीत जाने के बाद भी धरातल पर कोई बदलाव नहीं आया है, जिससे क्षेत्र के आदिवासियों और पालकों में निराशा के साथ-साथ गहरा रोष देखा जा रहा है।





एक माह पहले लोहे की ग्रिल तोड़कर भागे थे

संप्रेषण गृह से फरार 3 अपचारी बालकों की अब भी तलाश में पुलिस

हरिभूमि न्यूज ⏭ महासमुंद

समीपस्थ ग्राम बरोंडाबाजार स्थित शासकीय बाल संप्रेक्षण गृह से फरार हुए 8 अपचारी बालकों में से 3 अपचारी बालकों की तलाश अब भी जारी है। जिनकी तलाश स्थानीय पुलिस द्वारा की जा रही है। बताया जा रहा है कि फरार बालकों में से दो कालाहांडी ओडिशा और एक जिले के ही सरायपाली थाना क्षेत्र का निवासी है। जानकारी के अनुसार बाल संप्रेक्षण गृह में कुल 27 अपचारी बालक रह रहे थे। इनमें से 8 बालक 3 अगस्त की अल सुबह सुरक्षा व्यवस्था में सेंध लगाकर खिड़की की लोहे की ग्रिल तोड़कर फरार हो गए। घटना की जानकारी मिलते ही बाल संप्रेक्षण गृह की अधीक्षिका अर्पणा श्रीवास्तव ने कोतवाली पुलिस को तत्काल सूचना दी। पुलिस ने फरार अपचारी बालकों की तलाश के लिए सघन अभियान चलाकर कुछ ही दिनों में महासमुंद से दो, फिंगेश्वर, भाटापारा और कुरूद से एक-एक बालकों को पकड़ कर बाल संप्रेक्षण गृह को सौंप दिया। वहीं सरायपाली के एक और ओड़िशा कालाहांडी के दो बालकों के अब भी फरार होने की जानकारी मिली है।



तलाश जारी

कोतवाली प्रभारी राजीव नाहर ने बताया कि बाल संप्रेक्षण गृह से फरार 8 अपचारी बालकों में से पांच को पकड़कर संप्रेषण गृह को सौंपा जा चुका है वहीं शेष तीन की तलाश जारी है। इनमें से दो ओडिशा राज्य के हैं। जिनकी तलाश के लिए वहां की स्थानीय पुलिस से लगातार संपर्क बनाए हुए हैं।

5 साल में 28 अपचारी बालक हो चुके हैं फरार

बता दें कि 4 अक्टूबर 2024 को बाल संप्रेक्षण गृह से चार अपचारी बालकों ने योजनाबद्ध तरीके से पहले यहाँ सुरक्षा में तैनात नगर सैनिक संजय मिश्रा और अटेन्डेन्ट गोपाल चंद्रा को पत्थर से मारकर घायल किया और उनके पास से मुख्य दरवाजे के ताले की चाबी चुराकर फरार हो गए। इससे पहले 22 जून 2022 की सुबह तीन अपचारी बालक फरार हुए। 15 अक्टूबर 2021 में यहां से 9 अपचारी बालक एक साथ फरार हुए। 12 मई 2021 को भी यहां से 4 अपचारी बालक फरार हुए थे। इस तरह पिछले पांच साल में अब तक यहाँ से 28 बच्चे फरार हो चुके हैं।

पिकअप की टक्कर से बाइक में सवार दो लोगों की मौत

हरिभूमि न्यूज ⏭ महासमुंद

दशकर्म कार्यक्रम से वापस आ रहे दो लोगों की पिकअप की टक्कर से मौत हो गई। मामले की रिपोर्ट पर आरोपी वाहन चालक के विरूद्ध सरायपाली थाने में अपराध दर्ज किया गया है।

- सरायपाली थाने में मामला दर्ज

पुलिस ने बताया कि 05 सितंबर को नरेंद्र कुमार नायक एवं बेदमोती उर्फ शांति नायक मोटर सायकल एचएफ डीलक्स क्रमांक सीजी 06 जीक्यू 6458 से दशकर्म कार्यक्रम में ग्राम बरिहापाली गये थे। जहां से वापस आतेसमय दोपहर करीबन 1.30 से 02 बजे के मध्य भंवरपुर रोड बरिहापाली मोड़ के पास सामने से आ रहे पिकअप वाहन क्रमांक सीजी 07 जीजेड 9807 के चालक ने अपने वाहन को तेज गति एवं लापरवाहीपूर्वक चलाकर मोटर सायकल को ठोकर मारकर एक्सीडेंट कर दिया। एक्सीडेंट करने से बाइक सवारों को गंभीर चोटें आई। जिन्हें इलाज के सरकारी अस्पताल सरायपाली लाया गया। जहां डाक्टर द्वारा चेक करने पर नरेंद्र नायक एवं बेदमोती उर्फ शांति बाई की मौत हो जाना बताया। मामले को लेकर प्रार्थी लोकेश नायक निवासी ग्राम जलपुर की रिपोर्ट पर आरोपी वाहन चालक के विरूद्ध धारा 106(1) बीएनएस के तहत अपराध दर्ज किया गया है।

शराब दुकान के सामने युवक पर चाकू से हमला

बेमेतरा/साजा। ग्राम मोहतरा निवासी सुनीत साहू (41) अपने साथी के साथ शराब खरीदने साजा स्थित शासकीय शराब दुकान पहुंचा था। शाम करीब 5:30 बजे दुकान के गेट के पास उसने देखा कि एक युवक किसी अंजान व्यक्ति के साथ मारपीट कर रहा था।

सुनीत ने युवक को ऐसा करने से मना किया तो आरोपी ने अश्लील गाली-गलौज करते हुए जान से मारने की धमकी दी और कमर से धारदार चाकू निकालकर उसके दाहिने हाथ में कोहनी के पास वार कर दिया। इसी दौरान आरोपी के साथी मनीष उर्फ भीम साहू ने भी गाली- गलौज करते हुए सुनीत को जान से मारने की धमकी दी और धारदार चाकू से उस पर हमला कर दिया। सुनीत ने वार रोकने का प्रयास किया, जिससे उसके दाहिने हाथ की बीच वाली उंगली में चोट लग गई। घटना के दौरान एक व्यक्ति ने बीच-बचाव किया। आसपास लोगों को आता देखकर दोनों आरोपी शराब दुकान के पीछे की दीवार कूदकर मौके से फरार हो गए।

चंगाई सभा को लेकर बवाल, कार्रवाई की मांग



धमतरी। कथित रूप से संचालित चंगाई सभा को लेकर टिकरापारा में जमकर बवाल हुआ। हिन्दू जागरण मंच के युवाओं ने इस सभा को लेकर जोरदार विरोध प्रदर्शन किया। इस दौरान पुलिस के साथ भी युवाओं की तीखी बहस हुई।

रविवार को हिन्दू जागरण मंच के सदस्यों को जानकारी मिली कि टिकरापारा में अवैध रूप से चंगाई सभा का आयोजन किया जा रहा है। सूचना मिलते ही हिन्दू जागरण मंच के युवा एकजुट हो गए और टिकरापारा के जिस मकान में सभा की जानकारी मिली थी, उसके सामने विरोध प्रदर्शन शुरू कर दिया।

युवाओं के विरोध की खबर मिलते ही पुलिस भी वहां पहुंच गई। हिन्दू जागरण मंच के युवाओं ने आरोप लगाया कि किराए के एक मकान में अवैध तरीके से चंगाई सभा लगाकर आसपास के ग्रामीणों को बहलाया-फुसलाया जा रहा है। इस सभा में उन्हें कई प्रकार के प्रलोभन देकर बुलाया जाता है। हिन्दू जागरण मंच के विरोध देखते हुए दूसरे पक्ष के लोग भी बाहर आ गए। दोनों तरफ से जमकर नारेबाजी शुरू हो गई, जिसके चलते माहौल गर्म हो गया और दोनों पक्षों के बीच टकराव की स्थिति बन गई। स्थिति को देखते हुए पुलिस ने मोर्चा सम्हाल लिया। हिन्दू जागरण मंच के युवाओं ने आरोप लगाया कि ऐसी सभाओं से हिन्दू परिवारों का धर्मांतरण कराया जा रहा है, लेकिन पुलिस कार्रवाई नहीं कर रही है।

नदी में पहुंचा पानी, फिर भी रेत का उत्खनन जारी

धमतरी। रेत घाटों तक तक पानी पहुंच गया है। इसके बाद भी रेत माफिया रेत की चोरी करने से बाज नहीं आ रहे हैं। नदी के उंचे स्थानों से रेत की चोरी बदस्तूर जारी है। अब पानी बंद करने से नदी में धीरे-धीरे पानी का लेवल का कम हो रहा है। रेत माफिया बेसब्री से पानी कम होने का इंतजार कर रहे हैं।



मानसूनी सीजन में भी मकान सहित अन्य प्रकार के निर्माण और मरम्मत कार्य चल रहे हैं। इसके लिए रेत की जरूरत को पूरा करने के लिए प्रशासन ने कई लोगों को रेत डंप का लाइसेंस दे रखा है। लाइसेंसी डंपिंग पाइंट में बड़ी मात्रा में रेत स्टोर है। उधर इस डंपिंग पाइंट से रेत निकालने के बजाय रेत माफिया प्रतिबंध के बावजूद सीधे महानदी से रेत का उत्खनन कर रहे हैं। शुक्रवार को खनिज विभाग ने कोलियारी, अमेठी सहित आसपास के अवैध रेत खदानों से करीब पांच वाहनों को पकड़ा है। इसके बाद भी रेत का उत्खनन बंद नहीं हुआ है। खनिज विभाग की आंख में धूल झोंककर रोजाना सैंकड़ों ट्रैक्टर रेत की चोरी हो रही है। खनिज विभाग भी सिर्फ वाहनों पर कार्रवाई कर रहा है। रेत खदान संचालकों पर आज तक कोई एक्शन नहीं लिया गया है।

epaper : www.haribhoomi.com
हरिभूमि
Email : response.haribhoomi@gmail.com
CLASSIFIED
आवश्यकता आपकी सुविधा हमारी
Contact for advertisment booking :
Raipur- 6263818152
79871-19756

Appointment आवश्यकता

ड्रायवर/ऑफिस बॉय

आवश्यकता है- रायपुर शंकरनगर ऑफिस में - (1)कार चलाने हेतु अनुभवी, कुशल ड्राइवर (2)ऑफिस बॉय/गर्ल की आवश्यकता है जो ऑफिस की साफ-सफाई व अन्य कार्यों में सहायता करें। बायोडाटा सहित संपर्क करें:- 9993011757 / 9893132000.(आरे-420)

हाऊस कीपिंग

आवश्यकता है- हाउस कीपिंग – पुरुष उम्मीदवार (इन-हाउस रहने हेतु), ऑफिस बॉय – केवल रायपुर लोकल उम्मीदवार एवं कंसल्टेंसी वाले संपर्क करें :- मो.6232022676. (आरे-309)

दुकान कार्य

आवश्यकता है- थोक दवाई दुकान मै लड़को/लड़की (फ्रेशर/अनुभवी) की जरूरत है वेतन योग्यता अनुसारः *आशीष शुभम् मेडिकोज 41 छत्तीसगढ़ दवा बाजार राजबंधा मैदान रायपुर 8103981038.(आरे-271)

आवश्यकता है- दुकान में कार्य करने हेतु 10- 12 लड़के/लड़कियों लड़कियों की आवश्यकता है. वेतन योग्यतानुसार संपर्क करें- लाइट एन लाइट, जवाहर नगर चौक, एमजी रोड, रायपुर (आरे-16581)

सिक्योरिटीगार्ड

आवश्यकता है- सुरक्षा गार्ड-8, स्थान आरंग टोल, वेतन 8 घंटे -13000, 12 घंटे - 15000, ई.पी. एफ, मेडिकल परिवार सहित संपर्क मो - 7869284963, 0788-3556724, 9329280863. (आरे -329)

हरिभूमि क्लासीफाईड

आफिस कार्य

आवश्यकता है- अधिवक्ता कार्यालय में कार्य करने हेतु लड़के एवं लड़की की आवश्यकता है। प्रदीप तिवारी (अधिवक्ता) पता- सी-1, श्याम सुंदर भवन, ऑक्सीजोन गार्डन के पीछे, रवि नगर, रायपुर छत्तीसगढ़ मो- 9424206480, 6263390736.(आरे-842)

ड्रायवर/फिटर/मिस्त्री

आवश्यकता है- राधा होम फर्नीचर दुर्ग मे कार ड्राइवर /फिटर /बढ़ाई /मिस्त्री /सफाई कर्मचारी, गोदाम कर्मचारी की आवश्यकता है महिला /पुरुष दोनों आवेदन कर सकते है अच्छी सेलरी संपर्क 10.30 से 12.30 बजे तक सोंध काम्प्लेक्स नागपुर बाईपास पुल धमधा रोड मो 9098083132.(आरे-330)

टीचर

Required- Required teachers for Physics, Chemistry, Biology, Commerce, History, Sociology, Political-Science and Economics. Candidate must be PG with B.Ed, English Medium. Principal, Glorious School, Krishna Nagar Near Santoshi Nagar, Raipur 8226078877, 7987357145. (आरे-841)

केयर टेकर

आवश्यकता है- आनंद होमकेयर में लड़के लड़कियों महिलाओं की आवश्यकता है। मरीजो बुजुर्गों बेबी केयर हेतु ट्रेनिंग + रहना खाना फ्री 5वीं से 12वीं वेतन 12000 से 15000 मो- 9752841977, 9752391977.(आरे-843)

नोट - विज्ञापन प्रकाशन के पहले दिन ही करेक्शन मान्य होगा।

सेल्समैन/ऑपरेटर

आवश्यकता है- विरदी साड़ी शोरूम हेतु पुरुष और महिला , सेल्समेन, कम्प्यूटर ऑपरेटर, सभी रायपुर निवासी अनिवार्य, अनुभवी को प्राथमिकता, पताः- विरदी साड़ी कंकालीपारा रोड , रायपुर संपर्क समय 10:30 से 9:00, 9425522577 , 9425522576. (आरे-840)

सेल्समैन/सेल्सगर्ल

आवश्यकता है- रेडीमेड कपड़े की दुकान हेतु लड़के-लड़कियां एवं सेल्समैन-सेल्सगर्ल की आवश्यकता हैं वेतन 10000/- से 15000/- तक +कमीशन संपर्क करें:- भागचंद आनंदराम, मटका लाईन, गोल बाजार, रायपुर मोबाइल नंबर:- 9329103178.(आरे-068)

वायरिंग कार्य

आवश्यकता है- पेनल वायरिंग संबंधित कार्य करने हेतु फ्रेशर लड़को की आवश्यकता है। संपर्क करें:- साकेत इलेक्ट्रीकल्स, परशुराम नगर, प्रोफेसर कालोनी, रायपुर मोबाइल नंबर:- 9826160381, 9754428361.(आरे-069)

ऑपरेटर/मुंशी

आवश्यकता है- रावांभाटा (धनेली) स्थित अरवा राईस मिल हेतू : 1. Computer operator (Tally Data Entry) 2. गोदाम मुंशी (supervisor) 3. मिल मिस्तरी (ऑपरेटर) संपर्क : 7987974445. (आरे-16)

ड्रायवर/सुपरवाइजर

आवश्यकता है- दुर्ग रायपुर स्टाफ बस के लिए ड्राइवर और सुपरवाइजर की आवश्यकता है आधार ,ड्राइविंग लाइसेंस व्हाट्सएप करें पता बस स्टैंड दुर्ग 9343322450, 7385600786, 9424125786.(आरे-1358)

पेट्रोल पंप कर्मी

आवश्यकता है- माना बस्ती स्थित इंडियन ऑयल पेट्रोल पम्प मे कार्य हेतु मिनी टैंकर ड्राईवर एव पम्प स्टाफ की आवश्यकता है अनुभवी को प्राथमिकता संपर्क:- 9329798983, 9755098983. (आरे-067)

आवश्यकता है- पेट्रोल पंप पर काम करने हेतु महिला एवं पुरुष कर्मचारियों की आवश्यकता है संपर्क करें जय जवान पेट्रोल पंप मरीन ड्राइव के पास तेलीबांधा रायपुर छत्तीसगढ़ मो- 9827141707.(आरे-4171)

मशीन ऑपरेटर

आवश्यकता है- भनपुरी में बोल्ट बनाने की फैक्ट्री के लिए मशीन ऑपरेटर एवं फोरमैन की आवश्यकता हैं,वेतन योग्यतानुसार। संपर्क करे - मोबाइल 7909967535, 9399374912. (आरे-272)

आवश्यकता

आवश्यकता है- अनुभवी प्रोफेशनल्स की आवश्यकता है। आईटी / सॉफ्टवेयर सपोर्ट इंजीनियर (ग्रेजुएशन / डिप्लोमा)- 1 पोस्ट इंटरकॉम टेक्निशियन - 1 पोस्ट सीसीटीवी टेक्निशियन - 2 पोस्ट्स अपना सीवी 9755763666 पर व्हाट्सएप या snaco43@gmail.com पर मेल करें।(आरे-111)

पैकिंग कार्य

आवश्यकता है- चायपत्ती के फैक्ट्री में पैकिंग कार्य लेडीज व लड़कों की आवश्यकता है। संपर्क करें जैन ट्रेडर्स नियर SBI ATM के सामने गली आकृति विहार अमलीडीह 0771-4075490, 79879 27854, 9753674707.(आरे-844)

छोटा विज्ञापन बड़ा लाभ

मशीन ऑपरेटर

टेक्सटाईल स्पिनिंग (धागा) मिल, रायपुर (छत्तीसगढ़)
नई टेक्सटाईल धागा मिल में साफ व ठंडे वातावरण में मशीन चलाने हेतु नये/पुराने अनुभवी वर्क से (पुरुष/महिला), ITI फिटर, ITI इलेक्ट्रिशियन, सिक्यूरिटी गार्ड चाहिए। रहने की उत्तम सुविधा व कैंटीन मिल में उपलब्ध।
पहले दिन से PF/ESIC कवरेज व पेमेन्ट सीधे बैंक खाते में। 240 दिन से अधिक हाजरी पर छुट्टी का पैसा अलग।
संपर्क करें। 8357065592 8462933820

होटलकर्मी

आवश्यकता है- होटल में कार्य हेतु ऑलराउंडर कुक किचन सुपरवाइजर, रिसेप्शनिस्ट, हाउस कीपिंग स्टॉफ सुपरवाइजर, बेल ब्वॉय/गर्ल्स चाहिए। सम्पर्क करें- होटल रॉयलरामा, पुराना बस स्टैण्ड टेलीफोन एक्सचेंज रोड बिलासपुर 9327334481, 9826807980. (आरे-41770)

आफिस कार्य

शीघ्र आवश्यकता है- जो बाहर रहकर कार्य कर सके इंदौर में ऑफिस कार्य हेतु लड़के, आयु 18 से 30 वर्ष वेतन 12000 + कमीशन + बोनस के साथ 20000 रहना फ्री + गाड़ी किराया + कोई शुल्क नहीं लगेगा संपर्क, 9630922589, 9893029618.(आरे-501)

Finance फायनेंस

फाइनेंस - प्रगति फाइनेंस द्वारा कृषि, बिजनेस, पर्सनल, लघु उद्योग, आधारकार्ड, समूह लोन , होम लोन पर कम समय आसान क़स्ति (2%ब्याज), (40%छूट) 50 हजार से 40 लाख समस्त लोन कराये - 7606809537, 7587708423.(आरे-4349)

हरिभूमि क्लासीफाईड

Astrology ज्योतिष

ज्योतिष - निःशुल्क छत्तीसगढ़िया ज्योतिष - विचार दिखाइया,बईगा, अवइया 3 महीना अड़चन रही, ग्रह, नक्षत्र, अऊ बाहरी के काली माई के शक्ति ले आर्थिक मानसिक, शारीरिक सब्बो चिंता दूर होही 1 बेर जरूर मिलव मों- 8461886239. (आरे-845)

Property प्रापर्टी

प्लाट

प्लॉट बेचना है - बिलासपुर सकरी थाना के सामने मेन रोड से 30मी. दूर डायवर्टेड आवासीय प्लॉट टुकड़ों में उपलब्ध। सीसी रोड, नाली, पानी, बिजली सुविधा सहित प्लॉट 75.5×54= 4077 वर्गफुट। सम्पर्क करें- 7898855268. (RO-41750)

For Rent किराया

किराये से देना है- मैग्नेटो माल स्थित आफिजो में नं. 515 फर्नीश्ड एयरकंडीशण्ड आफिस किराये से देना है। एरीया 480 वर्गफिट। केबिन व वर्क स्टेशन बना हुआ है। संपर्क करें- मों. 7591088888. (आरे-Rajes)

हरिभूमि क्लासीफाईड छोटा विज्ञापन बड़ा लाभ

विज्ञापन बुकिंग टाइम सुबह 10:30 बजे से दोपहर 3:00 बजे तक



आवश्यक सूचना

पाठकों से अनुरोध है कि ये समाचार पत्र में प्रकाशित किसी भी विज्ञापन के संबंध में किसी भी प्रकार का कदम उठाने (पैसे भेजने, कार्य भी स्वयं उठाने, चिकित्सकीय सलाह, विवाह संबंधित) या किसी भी वादे-दावे पर अमल करने से पहले अच्छी तरह से जांच पड़ताल कर लें। पाठक पूर्ण जानकारी लेवें व स्वविवेक से निर्णय लेकर ही लेन देन करें। किसी भी उत्पाद या सेवाओं के संबंध में किए किसी भी विज्ञापनदाता के किसी प्रकार के दावों की हरिभूमि (प्रेस प्रबंधक व कर्मचारी) की कोई जिम्मेदारी नहीं होगी। प्रकाशक, संपादक कर्मचारी और हरिभूमि के स्वामी किसी विज्ञापन के संबंध में उठाए किसी कदम के नतीजों और विज्ञापन दाताओं के अपने वायदों पर खरा न उतरने के लिए जिम्मेदार नहीं होंगे।



विज्ञापन प्रकाशन हेतु संपर्क करें
62638-18152

जैकेट के शेष

डेढ़ करोड़ में नया ...

तत्कालीन मुख्यमंत्री भूपेश बघेल ने उद्घाटन किया था। लेकिन अब भी आश्रम पुराने जर्जर भवन में चल रहा है और नया भवन देखरेख के बिना जर्जर हो रहा है। पांच साल पहले जब नए भवन का उद्घाटन हुआ तब कार्यक्रम में तत्कालिन लोक निर्माण एवं गृहमंत्री ताम्रध्वज साहू, पूर्व शिक्षा मंत्री प्रेमसाय सिंह टेकाम, पूर्व सांसद चुन्नीलाल साहू, डमरूधर पुजारी, स्मृति ठाकुर, जिला पंचायत सदस्य लोकेश्वरी नेताम मौजूद थीं। जब आश्रम के पास सर्वसुविधायुक्त भवन है उसके बावजूद पुराने जर्जर भवन में आश्रम का संचालन कई सवालों को जन्म देता है। तो वही दूसरी ओर आलीशान नया भवन देखरेख के अभाव में जर्जर होता जा रहा है। कई बार क्षेत्र के लोगों ने सांसद –विधायक, कलेक्टर एवं आला अधिकारियों से देहारगुड़ा में बने नए भवन में आश्रम को स्थानांतरित करने की मांग कर चुके हैं। लेकिन इस ओर ध्यान न देना समझ से परे है। **नए भवन में जल्द करवाएंगे आश्रम का संचालन :** आदिम जाति कल्याण विभाग गरियाबंद के सहायक आयुक्त लोकेश्वर पटेल का कहना है कि आदिवासी बालक आश्रम का नया भवन बनकर तैयार हो चुका है। पहले इसमें एक वर्ष एकलव्य आवासीय विद्यालय का संचालन किया जा रहा था। अब भवन पिछले 3-4 वर्षों से खाली पड़ा है। जल्द ही इस नए भवन में आदिवासी बालक आश्रम का संचालन प्रारंभ करवाया जाएगा।

जर्जर शेडनुमा भवन ....

पॉलीथिन लगाया गया है ताकि पानी न रिसे जबकि डेढ़ करोड़ रुपए की लागत से नया भवन पहले हो बन चुका है।

सरपंच एवं ग्रामीणों ....

तब्दील हो रहा है। देखरेख नही होने से परिसर मे झाड़ियां उग गई है। खिड़की दरवाजे खराब हो रहे हैं और सरकारी पैसों की खुलेआम बर्बादी हो रही है। करोड़ों रुपए के नया भवन बनने के बाद भी इसका लाभ बच्चों को नहीं मिलने से क्षेत्र के लोगों में नराजगी भी देखने को मिल रही है।

50 साल पुरानी ...

सकते हैं। इस इमारत में एक बेसमेंट और ऊपर पांच मंजिलें थीं। एक वरिष्ठ अधिकारी ने बताया कि जिस इमारत का बेसमेंट 'पेइंग गेस्ट' (पीजी) के तौर पर इस्तेमाल किया जा रहा था, वहां मरम्मत का काम हो रहा था, तभी अपराह्न करीब 1:30 बजे इमारत ढह गई। दिल्ली पुलिस, राष्ट्रीय आपदा मोचन बल (एनडीआरएफ), दिल्ली अग्निशमन सेवा (डीएफएस) और जिला आपदा प्रबंधन प्राधिकरण (डीडीएमए) की टीम दमकल वाहनों और 'कैट' एंबुलेंस के साथ मौके पर पहुंचीं और बचाव कार्य शुरू किया। संकरी एवं भीड़भाड़ वाली गलियों वाले इस इलाके में कई छात्रावास और भोजनालय हैं। बेहद पास-पास बनी इमारतों और बड़ी संख्या में छात्रों की मौजूदगी के कारण अक्सर आने-जाने के लिए बहुत कम जगह बचती है। स्थानीय लोगों का कहना है कि इलाके में रहने वाले अधिकतर छात्र केरलम, हरियाणा और उत्तर प्रदेश से हैं और पास में स्थित कॉलेजों में पढ़ते हैं। जब बचाव दल मलबे को हटाकर राहत एवं बचाव कार्य में जुटे थे तो स्थानीय लोग और प्रत्यक्षदर्शी भी इस मुश्किल प्रयास में उनके साथ शामिल हो गए। उन्होंने अपने हाथों और उपलब्ध औजारों की मदद से मलबे में दबे लोगों की तलाश शुरू की। **पांच की हालत गंभीर :** अखिल भारतीय आयुर्विज्ञान संस्थान (एम्स) के एक सूत्र ने बताया, कुल छह लोगों को अस्पताल लाया गया है। इनमें से पांच की हालत गंभीर है और एक व्यक्ति को मृत अवस्था में लाया गया था। बचाव कार्य में शामिल एक व्यक्ति को इलाज के बाद छुट्टी दे दी गई है। इलाज के दौरान एक और व्यक्ति ने दम तोड़ दिया। **बेसमेंट में हो रहा था निर्माण :** बेसमेंट में कुछ निर्माण कार्य हो रहा था, जहां पानी जमा होने लगा था। नींव भी बेहद कमजोर थी। एक प्रत्यक्षदर्शी ने कहा कि अगर यह घटना किसी कार्यदिवस पर हुई होती तो स्थिति और गंभीर हो सकती थी क्योंकि आसपास के कई छात्र घर गए हुए हैं। उन्होंने कहा, यहां बहुत कम लोग थे। दिल्ली में शुक्रवार से लगातार बारिश हो रही है। स्थानीय निवासियों ने घनी आबादी वाले इस इलाके में इमारतों की हालत और उनके रखरखाव को लेकर भी चिंता जताई। उन्होंने बताया कि इस क्षेत्र में कई मकानों को पेइंग गेस्ट (पीजी) में बदल दिया गया है।

सीएम साय ने ....

और तमाम तथ्यों एवं साक्ष्यों के परीक्षण के बाद न्यायालय का निर्णय सामने आया है। न्यायालय ने 10 लोगों को दोषी ठहराया है और 16 सितंबर को उनकी सजा का निर्धारण किया जाएगा। मुख्यमंत्री श्री साय ने कहा कि कांग्रेस को यह भी याद रखना चाहिए कि एनआईए किसी राज्य सरकार की नहीं, बल्कि देश की प्रमुख जांच एजेंसी है। जब यह प्रकरण एनआईए के पास गया, तब केंद्र में उनकी ही सरकार थी। इतने वर्षों तक जांच चली। यदि कांग्रेस के नेताओं के पास इस मामले से जुड़ा कोई तथ्य, प्रमाण या सबूत था तो उन्हें जांच एजेंसी के सामने रखना चाहिए था। अब न्यायालय का फैसला आने के बाद राजनीतिक बयानबाजी करना केवल सवालों से बचने का प्रयास है। पूर्व मुख्यमंत्री भूपेश बघेल पर निशाना साधते हुए मुख्यमंत्री श्री साय ने कहा कि जब वे विपक्ष में थे, तब कहा करते थे कि सबूत जेब में लेकर घूम रहे हैं। सवाल यह है कि यदि उनके पास सबूत थे तो उन्होंने उन्हें एनआईए को क्यों नहीं सौंपा? जांच एजेंसी के सामने तथ्य रखने के लिए उनके पास पर्याप्त समय था। आरोप लगाना आसान है, लेकिन आरोपों को प्रमाणित करने के लिए तथ्य और साक्ष्य देने पड़ते हैं। न्यायिक प्रक्रिया राजनीतिक बयानों से नहीं, साक्ष्यों और तथ्यों से चलती है। कांग्रेस में प्रभारियों के फेरबदल पर मुख्यमंत्री श्री साय ने कहा कि कांग्रेस की राजनीति आज भी अंग्रेजों की 'फूट डालो और राज करो' की नीति पर चल रही है। जहां कांग्रेस जाती है, वहां गुटबाजी और आपसी खींचतान शुरू हो जाती है। जनता के मुद्दों पर एकजुट होकर काम करने के बजाय कांग्रेस के नेता अपने ही दल के भीतर एक-दूसरे के खिलाफ राजनीतिक लड़ाई लड़ने में व्यस्त रहते हैं।

तीन माह की ....

बेरुखी से सूखे का संकट गहराने लगा है। राज्य में सर्वाधिक बारिश बलरामपुर जिले के कुसमी में 2563 मिमी. दर्ज की गई। वहीं सरगुजा के दरिमा में सबसे कम 367 मिमी. बरसात हुई है। जून, जुलाई और अगस्त की बारिश से कई तहसील लबालब हो चुके हैं तो कई क्षेत्र ऐसे हैं, जहां के रहवासियों को बादलों ने एक तरह के निराश कर दिया है। छत्तीसगढ़ में रेनी सीजन जून, जुलाई, अगस्त और सितंबर यानी चार माह का होता है। इसमें तीन माह बीत चुके हैं, जिससे जिलों में इस साल होने वाली वर्षा की स्थिति 75 फीसदी स्पष्ट हो चुकी है। मौसम विशेषज्ञों के अनुमान के विपरीत इस बार मानसून ने छत्तीसगढ़ में जोरदार असर दिखाया। हालांकि तहसीलवार इस पर गौर करें तो मानसून के अलग-अलग रंग नजर आते हैं। किसी इलाके में बादलों ने अपना जमकर प्रभाव दिखाया है तो कहीं तीन महीने में उनका डेरा बेहद कम रहा है। बारिश के मामले इस बार बलरामपुर का दबदबा काफी रहा और वहां हमेशा की तरह सरगुजा जिले के तहसीलों से बादल रूठे-से रहे। **इन तहसीलों में ज्यादा पानी :** आंकड़ों पर गौर करें तो बलरामपुर जिले का कुसमी क्षेत्र प्रदेशभर में बारिश के मामले में सबसे आगे रहा, जहां तीन महीनों में रिकॉर्ड 2563.1 मिमी बारिश दर्ज की गई। दूसरे स्थान पर दंतेवाड़ा जिले का बचेली 2047.6 मिमी वर्षा के साथ रहा। इसके अलावा सर्वाधिक बारिश वाले क्षेत्रों में बीजापुर 1484.3, सूरजपुर का ओड़गी 1438.2, नारायणपुर का छोटेडोंगर 1428.0 और रायपुर (सिटी) 1379.9 मिमी के साथ भारी वर्षा वाले प्रमुख क्षेत्र रहे। **क्षेत्र की दूरी कम, मगर बारिश का अंतर ज्यादा :** एक दिलचस्प पहलू यह भी रहा कि दो क्षेत्रों के बीच की दूरी कम रही, मगर वहां बारिश का अंतर काफी ज्यादा रहा। सरगुजा जिले के अंबिकापुर में 1169.3 मिमी बारिश हुई, जबकि वहीं के दरिमा क्षेत्र में यह आंकड़ा महज 367.2 मिमी पर सिमट गया। दोनों शहरों के बीच की दूरी महज 19 किमी है। इसी तरह 43 किलोमीटर के फासले वाले सुकमा में जहां 1339.8 मिमी वर्षा दर्ज की गई, वहीं तोंगपाल में केवल 424.7 मिमी बारिश हुई। इसी तरह 20 किमी. की दूरी वाले अभनपुर में 670.6 मिमी तथा रायपुर (सिटी) में 1379.9 मिमी वर्षा हुई।

पेज एक के शेष

तीज 14 को, सज गया बाजार...

बड़ा क्रेज हो गया है। पहले जो वर्क वाली साड़ियों दस हजार से कम की नहीं आती थीं, आज कल एक हजार में भी मिल जाती हैं। ऐसे में इनकी ज्यादा खरीदारी हो रही है। कारोबारियों के मुताबिक प्रदेश भर में साड़ियों का 700 करोड़ का कारोबार संभव है। पंडरी कपड़ा बाजार तो रात को 12 बजे तक खरीदारी के कारण खुल रहा है। छत्तीसगढ़ में विवाहित महिलाओं को तीजा का बेताबी से इंतजार रहता है। तीज पर्व 14 सितंबर को है। तीजा के लिए भाई बहन के ससुराल से उनको अपने घर लेकर आते हैं। तीजा पर भाई द्वारा बहन को साड़ी देने की परंपरा है। इस परंपरा के लिए ही भाई बहनों के लिए साड़ियों की खरीदारी कर रहे हैं। ऐसे में प्रदेश भर के कपड़ा बाजार में खासकर साड़ियों की दुकानों में रौनक है और जमकर खरीदारी हो रही है।

रायपुर में सबसे ज्यादा...

करोड़ का कारोबार राजधानी रायपुर में होगा। यहां पर सबसे बड़े कारोबार का कारण यह है कि यहां से प्रदेश भर के शहरों के कारोबारी भी खरीदारी करते हैं। यहीं नहीं आस-पास के राज्यों के कारोबारी भी खरीदारी करने आते हैं।

महंगी साड़ियों का क्रेज...

सोच है कि अपनी बहन-बेटी को अच्छी और महंगी साड़ी दी जाए ताकि उनको भी अच्छा लगे और उनके ससुराल वालों को भी अच्छा लगे। अमीर वर्ग तो दस हजार और उससे ज्यादा कीमत वाली महंगी साड़ियां भी ले रहे हैं। वर्क वाली और अच्छी क्वालिटी की ज्यादातर साड़ियां सूरत से आती हैं।

साढ़े तीन साल...

साक्षरता विभाग के मंत्री रहे, जबकि सुदिव्य कुमार सोनू के पास उच्च एवं तकनीकी शिक्षा विभाग था। हालांकि हेमंत सोरेन के सात वर्षों के कार्यकाल में अब तक चार मंत्रियों का निधन हो चुका है। मंत्री हफीजुल हसन अंसारी का निधन भी हेमंत सोरेन के पहले कार्यकाल में हुई थी।

ब्रिक्स देशों के बीच डॉलर से इतर भुगतान पर मंथन

आइ-ब्रिक्स समिट में जुटेगा एक ट्रिलियन डॉलर का संस्थागत निवेश

हरिभूमि न्यूज ▶▶| नई दिल्ली



देश की राजधानी में 12 और 13 सितंबर को होने वाले 18वें ब्रिक्स शिखर सम्मेलन के समानांतर पहली बार आइ-ब्रिक्स समिट का आयोजन किया जाएगा। इस दो दिवसीय सम्मेलन में 500 से अधिक संस्थागत निवेशक, वित्त मंत्री और प्रमुख कारोबारी नेता हिस्सा लेंगे। सम्मेलन का मुख्य उद्देश्य ब्रिक्स सदस्य और साझेदार देशों में बुनियादी ढांचा, ऊर्जा और डिजिटल क्षमता से जुड़ी परियोजनाओं के लिए बड़े पैमाने पर संस्थागत पूंजी जुटाना है।

आइ-ब्रिक्स समिट में शामिल होने वाले सॉवरेन वेल्थ फंड, पेंशन फंड और फैमिली ऑफिस सामूहिक रूप से करीब 1 ट्रिलियन अमेरिकी डॉलर की संपत्ति का प्रबंधन करते हैं। ऐसे में सम्मेलन को ब्रिक्स देशों के बीच निवेश सहयोग को नई दिशा देने के लिहाज से अहम माना जा रहा है। सम्मेलन में ब्रिक्स अर्थव्यवस्थाओं के बीच सीमा पार निवेश बढ़ाने के साथ-साथ गैर-डॉलर आधारित निपटान व्यवस्था और वैकल्पिक भुगतान प्रणालियों पर भी चर्चा होने की उम्मीद है। बदलते वैश्विक व्यापार समीकरणों और डॉलर आधारित भुगतान व्यवस्था की ऊंची लागत के बीच ब्रिक्स देशों के लिए वैकल्पिक वित्तीय ढांचा तैयार करना इस चर्चा का महत्वपूर्ण हिस्सा होगा।

भारत के यूपीआई पर नजर

आइ-ब्रिक्स समिट में डिजिटल भुगतान के क्षेत्र में भी महत्वपूर्ण संभावनाओं पर चर्चा होगी। भारत की यूनिफाइड पेमेंट्स इंटरफेस और ब्राजील की पीप्स जैसी राष्ट्रीय फास्ट-पेमेंट प्रणालियों को आपस में जोड़ने की संभावनाओं पर विचार किया जाएगा। इसके अलावा विभिन्न देशों की केंद्रीय बैंक डिजिटल मुद्राओं के बीच इंटरऑपरेबिलिटी विकसित करने के मुद्दे पर भी चर्चा होने की उम्मीद है।

टैरिफ दबाव के बीच महत्वपूर्ण पहल

यह बैठक ऐसे समय हो रही है जब ब्रिक्स देशों की अर्थव्यवस्थाएं बदलते वैश्विक व्यापार समीकरण, अमेरिका की टैरिफ नीतियों और डॉलर आधारित क्लियरिंग की ऊंची लागत जैसी चुनौतियों से जूझ रही हैं। ऐसे माहौल में आइ-ब्रिक्स समिट का लक्ष्य संस्थागत पूंजी को उन बुनियादी ढांचा, ऊर्जा और डिजिटल परियोजनाओं से जोड़ना है, जिन्हें बड़े निवेश की जरूरत है। **ब्रिक्स को निवेश का नया प्लेटफॉर्म बनाने की कोशिश :** आइ-ब्रिक्स समिट के जरिए ब्रिक्स सदस्य और साझेदार देशों के बीच केवल व्यापारिक सहयोग ही नहीं, बल्कि दीर्घकालिक निवेश साझेदारी को मजबूत करने की कोशिश की जा रही है। सॉवरेन फंड, पेंशन फंड और अन्य बड़े संस्थागत निवेशकों की भागीदारी से ऊर्जा सुरक्षा, डिजिटल बुनियादी ढांचे और कनेक्टिविटी जैसी परियोजनाओं के लिए पूंजी उपलब्ध कराने के नए रास्ते खुल सकते हैं।

भारत की अध्यक्षता में 18वां ब्रिक्स सम्मेलन

भारत वर्ष 2026 में ब्रिक्स की अध्यक्षता कर रहा है। 18वां ब्रिक्स शिखर सम्मेलन 12 और 13 सितंबर को नई दिल्ली के भारत मंडपम में आयोजित होगा। इसमें ब्रिक्स सदस्य और साझेदार देशों के नेता तथा आउटरीच के लिए आमंत्रित देशों के प्रतिनिधि हिस्सा लेंगे।

जहाजों पर हमले के बाद

ईरान की अमेरिका को चेतावनी कहा- ज्यादा दर्दनाक जवाब देंगे

एजेंसी ▶▶| तेहरान

ईरान ने अमेरिका को चेतावनी देते हुए कहा कि युद्ध में उसके नियम बदल चुके हैं। समाचार एजेंसी रॉयटर्स के अनुसार, अमेरिका द्वारा



खाड़ी में कई ईरानी जहाजों पर हमले के एक दिन बाद ईरान ने और भी दर्दनाक जवाबी कार्रवाई की धमकी दी है। ईरानी संसद के अध्यक्ष मोहम्मद बगेर गालीबाफ ने कहा कि ईरान के हितों या सुरक्षा पर किसी भी नए हमले का जवाब 'तेज, भारी और ज्यादा दर्दनाक' तरीके से दिया जाएगा।

आनुपातिक प्रतिक्रिया का दौर खत्म हुआ

गालीबाफ ने ईरानी संसद में कहा, अमेरिकियों को यह समझ आ गया होगा कि 'आनुपातिक प्रतिक्रिया' का युग समाप्त हो गया है। अगर उन्हें अब तक यह बात समझ नहीं आई है, तो उन्हें बहुत देर होने से पहले समझ लेना चाहिए कि खेल के नियम बदल गए हैं। अब से ईरान के हितों और सुरक्षा के खिलाफ किसी भी आक्रामकता का जवाब तेज, भारी और अधिक दर्दनाक तरीके से दिया जाएगा।

गालीबाफ की ये चेतावनी ऐसे वक्त आई है, जब अमेरिका ने खार्ग द्वीप के नजदीक ईरान से जुड़े 3 तेल जहाजों पर हमले किए थे। इसमें एक जहाज पूरी तरह डूब गया था,

हिज्बुल्लाह ने इजरायली सैनिकों पर दागे ड्रोन

येरुशलम। दक्षिण लेबनान में तैनात इजरायली सैनिकों को निशाना बनाकर हिज्बुल्लाह ने हमला कर दिया है। इजरायली सेना ने इसे युद्धविराम और समझौतों का उल्लंघन करार दिया है। हालांकि इस हमले में किसी भी इजरायली सैनिक के घायल होने की खबर नहीं है। हिज्बुल्लाह ने दो ड्रोन दागे जिसके तुरंत बाद इजरायली सैनिकों ने जवाबी गोलीबारी करते हुए एक ड्रोन को हवा में ही मार गिराया।

सीसीटीवी में कैद हुई पूरी वारदात

विजय की पार्टी के नेता को सरेराह उतारा मौत के घाट

एजेंसी ▶▶| चेन्नई

चेन्नई के तिरुवन्मियूर इलाके में तमिलगा वेत्री कझगम (टीवीके) के एक पदाधिकारी की पीछा कर हत्या कर दी गई। यह घटना अड्यार शास्त्री नगर पुलिस स्टेशन के अंतर्गत आने वाले वन्नाथुरई इलाके की है। मृतक की पहचान कन्नन के रूप में हुई है। जानकारी के मुताबिक, कन्नन को कुछ अज्ञात लोगों ने पीछा किया और फिर धारदार हथियार से हमला कर उसकी हत्या कर दी। पूरी वारदात सीसीटीवी कैमरे में कैद हुई है। शास्त्री नगर पुलिस ने मामला दर्ज कर लिया है और आरोपियों की तलाश शुरू कर दी है।

पुलिस के मुताबिक, कन्नन बी-कैटेगरी का हिस्ट्रीशीटर था. वह दो हत्या के मामलों और हत्या के प्रयास के एक मामले में शामिल रहा था। राजनीति में आने के बाद कन्नन रियल एस्टेट कारोबार से भी जुड़ गया था। पुलिस अब इस बात की जांच कर रही है कि कन्नन की हत्या कारोबार से जुड़े विवाद के चलते हुई या इसके पीछे निजी दुश्मनी थी। मामले में पांच लोगों को हिरासत में लिया गया है।

स्टालिन ने टीवीके पर साधा निशाना

कन्नन की हत्या को लेकर विपक्ष के नेता उदयनिधि स्टालिन ने टीवीके सरकार पर निशाना साधा। उन्होंने कहा कि मुख्यमंत्री के पुलिस विभाग की अनुदान मांगों पर बहस का जवाब देने से पहले ही राजधानी में उनकी पार्टी का एक नेता हत्या का शिकार हो गया। स्टालिन ने कहा कि एक हिस्ट्रीशीटर अपराधी, जो अपनी जान की सुरक्षा की उम्मीद में सत्तारूढ़ टीवीके में शामिल हुआ था, उसे सड़क पर पीछा कर मार दिया गया।



राशिफल

मेष धैर्यशीलता बनाये रखने के प्रयास करें। शैक्षिक कार्यों के लिए विदेश जाने के योग बन रहे हैं। स्वास्थ्य का ध्यान रखें। भाइयों का साथ मिलेगा।

वृष वाणी में मधुरता तो रहेगी, परन्तु मन परेशान रहेगा। पारिवारिक जीवन सुखमय रहेगा। सन्तान की ओर से सुखद समाचार मिल सकते हैं।

मिथुन शैक्षिक कार्यों में सफलता मिलेगी। कारोबार में परिश्रम अधिक रहेगा, परन्तु लाभ में कुछ कमी आ सकती है। क्रोध पर नियंत्रण रखें।

कर्क आत्मविश्वास में कमी आएगी। शैक्षिक कार्यों में सफलता मिलेगी। कुटुम्ब के बुजुर्ग के स्वास्थ्य का ध्यान रखें। धर्म के प्रति श्रद्धाभाव रहेगा।

सिंह सम्पत्ति में वृद्धि के योग बन रहे हैं। परिवार में धार्मिक कार्य हो सकते हैं। मित्रों का सहयोग मिलेगा। किसी नए कारोबार की शुरुआत करेंगे।

कन्या किसी पुराने मित्र से भेंट हो सकती है। सुस्वादु खानपान में रुचि बढ़ सकती है। कारोबार में परिश्रम अधिक रहेगा। संबंधों में निकटता आएगी।

तुला मन में उतार-चढ़ाव रहेंगे। धैर्यशीलता बनाये रखने के प्रयास करें। शैक्षिक एवं शोधादि कार्यों के लिए किसी दूसरे स्थान पर जा सकते हैं।

वृश्चिक शैक्षिक कार्यों के सुखद परिणाम मिलेंगे। नौकरी में अफसरों का सहयोग तो मिलेगा, परन्तु कार्यक्षेत्र में वृद्धि हो सकती है।

धनु आत्मविश्वास भी भरपूर रहेगा। घर-परिवार में धार्मिक कार्य होंगे। सन्तान के स्वास्थ्य का ध्यान रखें। खर्च बढ़ेंगे। वाणी पर नियंत्रण रखें।

मकर व्यर्थ के क्रोध से बचें। लाभ में वृद्धि होगी। जीवनसाथी के स्वास्थ्य का ध्यान रखें। रहन-सहन कष्टमय हो सकता है। सुखद समाचार मिलेगा।

कुंभ मन अशान्त हो सकता है। संयत रहें। आलस्य भी बढ़ सकता है। सन्तान सुख में वृद्धि होगी। कारोबार में कुछ सुधार होगा।

मीन परिवार की समस्या परेशान कर सकती है। आय में कमी एवं खर्च अधिक की स्थिति हो सकती है। नौकरी में कोई नई जिम्मेदारी मिल सकती है।

तेज संगीत बजाने का विरोध करने पर हत्या, दो गिरफ्तार

नोएडा। उत्तर प्रदेश के नोएडा फेस-2 थाना क्षेत्र के गेझा गांव में तेज आवाज में संगीत बजाने से मना करने पर तीन लोगों ने 45 वर्षीय एक व्यक्ति की कथित तौर पर पीट-पीटकर हत्या कर दी। पुलिस ने बताया कि इस मामले में दो आरोपियों ललित और सुमित को गिरफ्तार कर लिया जबकि उनके पिता सतीश की तलाश की जा रही है। थाना फेस-2 के प्रभारी निरीक्षक राघवेंद्र कुमार सिंह ने बताया कि गेझा गांव की गली नंबर-5 निवासी सतीश चंद्र शर्मा (45) के पड़ोसी के घर पर बच्चे के जन्मदिन की पार्टी थी और इस दौरान वहां तेज आवाज में संगीत बजाया जा रहा था। उन्होंने बताया कि सतीश चंद्र शर्मा ने तेज आवाज में संगीत बजाने का विरोध किया, जिस पर आरोपियों ने उनके और उनके परिवार के सदस्यों के साथ मारपीट कर दी।

अंतरराष्ट्रीय जम्मू कश्मीर फिल्म महोत्सव आज से

श्रीनगर। दशकों तक कश्मीर की हसीन वादियां बॉलीवुड की कई सुपरहिट फिल्मों की पृष्ठभूमि बनती रहीं और अब पहली बार, सोमवार को यहां अंतरराष्ट्रीय फिल्म महोत्सव का आयोजन किया जा रहा है। इसके जरिये कश्मीर की वादियां दुनिया भर के फिल्मकारों और सिनेमा प्रेमियों का ध्यान अपनी ओर खींचेंगी। 'रंग-ए-सिनेमा' विषय पर आधारित चार दिवसीय अंतरराष्ट्रीय जम्मू कश्मीर फिल्म महोत्सव सोमवार से शुरू होगा, जिसके लिए सभी तैयारियां पूरी कर ली गई हैं। यह महोत्सव मुख्य रूप से जम्मू कश्मीर की ग्रीष्मकालीन राजधानी श्रीनगर में आयोजित किया जाएगा। शीतकालीन राजधानी जम्मू, प्रसिद्ध स्की रिजॉर्ट गुलमर्ग और शहर का इकलौता मल्टीप्लेक्स 'आइनॉक्स' भी इस ऐतिहासिक आयोजन के गवाह बनेंगे।

झगड़े की एफआईआर रद्द कराने पहुंचे दोस्त हाईकोर्ट ने कहा- जाओ अस्पताल में सेवा करो

एजेंसी ▶▶| नई दिल्ली

दिल्ली हाईकोर्ट ने दोस्तों के बीच हुए विवाद के बाद दर्ज एफआईआर को रद्द करते हुए दोनों पक्षों को मणिपुर के एक हॉस्पिटल में सामुदायिक सेवा करने का निर्देश जारी किया। हाईकोर्ट ने यह निर्देश दोनों पक्षों में विवाद सौहार्दपूर्ण तरीके से सुलझ जाने के बाद दिया है। दिल्ली हाईकोर्ट ने कहा कि शिकायतकर्ता और दोनों आरोपी अब भी मित्र हैं। उनके बीच फिलहाल कोई मौजूदा शिकायत नहीं है। इसलिए इस केस में दोषसिद्धि की संभावना काफी कम है और आपराधिक कार्यवाही जारी रखने से कोई मकसद पूरा नहीं होगा। जान लें कि पिछले साल मार्च में एक



अस्पताल से सर्टिफिकेट लाकर कोर्ट में करना होगा जमा


दिल्ली हाईकोर्ट ने कहा कि दोनों दोस्तों को हॉस्पिटल के मेडिकल अफसर के पास रिपोर्ट करना होगा, जो उन्हें उपयुक्त काम देंगे। सामुदायिक सेवा शुरू होने की तारीख से इन 6 सेशन को 2 महीने में पूरा करना होगा। इसके बाद मेडिकल अफसर उन्हें अनुपालन प्रमाणपत्र देंगे, जिसे अदालत के रिकॉर्ड में डाला जाएगा।

शख्स की शिकायत पर ये एफआईआर दर्ज की गई थी। शिकायतकर्ता का आरोप था कि वह अपने दोस्त के साथ किराए के एक फ्लैट में रह रहा था। उस समय दोनों आरोपियों ने जबरन घर में आकर उसके और उसके दोस्त से मारपीट की थी। **बिना किसी दबाव के दोनों पक्षों ने किया समझौता :** अब हाईकोर्ट को बताया गया कि दोनों पक्षों ने बिना किसी प्रेशर या अनुचित प्रभाव के विवाद को सुलझा लिया है। साथ ही, सुलहनामा पर भी साइन किए हैं। इसके अलावा, घटना में घायल हुए शख्स ने भी हाईकोर्ट को बताया कि वह अपनी चोट से उबर गया है और उसे इसका कोई स्थायी दुष्प्रभाव नहीं हुआ है। द

क्या कहा- हाईकोर्ट जस्टिस ने

दिल्ली हाईकोर्ट के जस्टिस प्रतीक जालान ने कहा मेरी राय में एफआईआर रद्द करने की मांगी गई राहत को कम्युनिटी सर्विस और उपयुक्त मुआवजे का भुगतान करने की शर्त के अधीन करना उचित रहेगा। याचिकाकर्ता और प्रतिवादी संख्या चार (दोनों आरोपी) को मणिपुर के रीजनल इंस्टीट्यूट ऑफ मेडिकल साइंसेज में 2-2 घंटे के 6 सेशन में सामुदायिक सेवा करनी होगी।

शब्द पहेली - 6340



बाएँ से दाएँ
1. नेमत,वर,ईष्टकृपा -4
3. उद्देश्य,ध्येय-4
8. सयाना,चतुर-4,3
10. मनुष्य-3
11. मोल,दाम-3
13. बैठने का स्थान-3
15. दौड़ना (अंग्रेजी-2)
17. पराजित-2
18. वध,कत्ल-2
19. काव्यकार,शायर-2
21. राशिचक्र की दसवीं राशि-3
25. आक्रमण,प्रहार-3
26. पालतू जानवर-3
27. ईश्वर,भगवान-7
30. ईश्वरीय कृपा-4
31. भयभीत होना, डरना-4

ऊपर से नीचे
2. असुर,दैत्य-3
4. गागर,घड़ा-3
5. मन की करना-4
6. प्रार्थना,ईश वंदना-4
7. चरित्र,ईमान-3
8. कार्यविधि-3
9. रेखा,लाईन-3
12. माला का मोती-3
13. राहत,विश्राम-3
14. कैनाल,उपनदी-3
16. नगद राशि-3
20. रुदन -3
22. पक्षियों का शोर-4
23. मध्यांग, कटि-3
24. 12 राशियों का समूह-4
25. महल,बड़ा भवन-3
28. सांभर जैसा खाद्य पदार्थ-3
29. अदृश्य, जो दिखाई न दे-3

शब्द पहेली- 6339 का हल

स	ज	दा	क	र	ना	■	म	त	वा	ला
ह	रा	■	त	■	का	म	ना	■	दा	वा
न	■	बे	र	ह	म	■	ना	रा	■	रि
शी	ल	वा	न	■	या	द	■	नी	र	स
ल	■	प	■	ख	ब	र	थी	■	न	■
ता	र	न	हा	र	■	का	न	भ	र	ना
■	म	■	र	ह	ब	र	■	यं	■	प
प्र	ण	य	■	रा	हु	■	ब	क	वा	स
ति	■	दा	स	■	बे	क	रा	र	■	ब्द
का	न	■	चि	रा	ग	■	म	■	क	हो
र	म	जा	न	■	म	द	द	क	र	ना

सूडोकु नवताल - 6350

मध्यम

		8				1	5	
2					1	8		
3			4		6	7		9
5					9			
	9		2	3	4		7	
			1					8
4		7	6		5			1
		6	7					4
	5	3				2		

■ MANGAL SENACHA, BANGALORE

- प्रत्येक पंक्ति में 1 से 9 तक के अंक भरे जाने आवश्यक हैं.
- प्रत्येक आड़ी और खड़ी पंक्ति में एवं 3×3 के वर्ग में किसी भी अंक की पुनरावृत्ति न हो इसका विशेष ध्यान रखें.
- पहले से मौजूद अंकों को आप हटा नहीं सकते.
- पहेली का केवल एक ही हल है.

सूडोकु नवताल - 6349 का हल

3	9	7	5	2	1	4	8	6
5	4	2	9	6	8	7	1	3
8	6	1	3	7	4	9	5	2
2	8	9	1	5	3	6	4	7
4	7	3	2	8	6	5	9	1
6	1	5	4	9	7	2	3	8
9	3	4	7	1	2	8	6	5
7	5	6	8	3	9	1	2	4
1	2	8	6	4	5	3	7	9

एसबीआई 12,000 भर्तियां और 250 नई शाखाएं खोलेगा : चेयरमैन

एजेंसी ▶▶ नई दिल्ली

सार्वजनिक क्षेत्र का भारतीय स्टेट बैंक (एसबीआई) चालू वित्त वर्ष में करीब 11,000 से 12,000 कर्मचारियों की भर्ती करने और अपने शाखा नेटवर्क के विस्तार की योजना बना रहा है। बैंक के चेयरमैन सी. एस. शेट्टी ने यह जानकारी दी।

शेट्टी ने कहा कि बैंक चालू वित्त वर्ष में लिपिक और अधिकारी स्तर पर करीब 11,000 से 12,000 नियुक्तियां करेगा। इसके अलावा बैंक की 200 से 250 नई शाखाएं खोलने की भी योजना है। उन्होंने कहा कि सेवानिवृत्तियों और उभरती जरूरतों के आधार पर यह संख्या कुछ कम या ज्यादा हो सकती है, लेकिन उम्मीद है कि वित्त वर्ष के अंत तक करीब 12,000 लोगों की भर्ती हो जाएगी। शेट्टी ने कहा कि बैंक कुछ शाखाओं का युक्तिकरण भी कर रहा है और इसके बावजूद शाखाओं की संख्या में हर साल करीब 200 से 250 की शुद्ध वृद्धि होने की उम्मीद है। नेशनल स्टॉक एक्सचेंज (एनएसई) में हिस्सेदारी के प्रस्तावित विनिवेश के बारे में शेट्टी ने कहा कि एसबीआई और उसकी अनुषंगी एसबीआई कैपिटल मार्केट्स मिलकर नेशनल स्टॉक एक्सचेंज में अपनी करीब एक प्रतिशत हिस्सेदारी बेचने की योजना बना रहे हैं।

एसबीआई अपने शाखा नेटवर्क विस्तार की योजना बना रहा

पिछले साल भी बड़े पैमाने पर हुई नियुक्तियां


चेयरमैन ने कहा कि पिछले साल बैंक ने बड़े पैमाने पर नियुक्तियां की थीं, जिसमें 1,500 विशेषज्ञ सूचना प्रौद्योगिकी (आईटी) अधिकारी भी शामिल हैं। इस साल आईटी क्षेत्र में इतनी बड़ी संख्या में भर्तियों की जरूरत नहीं है। मार्च, 2026 तक एसबीआई के कर्मचारियों की संख्या 2.45 लाख से अधिक थी।



2025-26 में 25,633 कर्मियों की नियुक्ति की थी

बैंक की वार्षिक रिपोर्ट के अनुसार, वित्त वर्ष 2025-26 में एसबीआई ने कुल 25,633 कर्मचारियों की नियुक्ति की थी। शेट्टी ने कहा कि बड़ा शाखा नेटवर्क होने के बावजूद देश के कई हिस्सों में अब भी बैंक के लिए विस्तार की गुंजाइश है। नई कॉलोनियों के विकसित होने के साथ-साथ व्यावसायिक रूप से सक्रिय जिलों में भी बैंक अपनी मौजूदगी बढ़ाना चाहता है।

खबर संक्षेप



सीजी पावर ने शुरू किया ट्रांसफॉर्मर का उत्पादन

नई दिल्ली। सीजी पावर एंड इंडस्ट्रियल सॉल्यूशंस ने मध्य प्रदेश के सीहोर स्थित अपने नये कारखाने से बिजली ट्रांसफॉर्मर का उत्पादन शुरू कर दिया है। कंपनी ने शेयर बाजार को दी सूचना में कहा कि 50 एकड़ में फैली यह इकाई भारत में एक ही स्थान पर स्थित सबसे बड़ा बिजली ट्रांसफॉर्मर विनिर्माण संयंत्र है। इसकी हर महीने 220 किलोवाट से 1,200 किलोवाट श्रेणी के 35 बिजली ट्रांसफॉर्मर बनाने की क्षमता है।

सेबी और ईएसएमए में सूचना साझा करने हुआ समझौता

नई दिल्ली। बाजार नियामक सेबी और यूरोपीय प्रतिभूति एवं बाजार प्राधिकरण (ईएसएमए) ने सेबी की निगरानी में आने वाले केंद्रीय प्रतिपक्षकारों (सीसीपी) से जुड़े नियामकीय सहयोग और सूचना साझा करने के लिए एक समझौता किया है। भारतीय प्रतिभूति एवं विनिमय बोर्ड (सेबी) ने कहा कि नया समझौता दोनों नियामकों के बीच 21 जून, 2017 को हुए पिछले समझौते की जगह लेगा। समझौता ज्ञापन (एमओयू) दोनों नियामकों को अपने-अपने कानूनों और नियमों के तहत सहयोग का ढांचा प्रदान करता है।

सेल का उत्पादन अगस्त में आठ प्रतिशत बढ़ा

नई दिल्ली। सार्वजनिक क्षेत्र की इस्पात कंपनी सेल का अगस्त में कच्चा इस्पात उत्पादन सालाना आधार पर आठ प्रतिशत बढ़कर 16.8 लाख टन रहा। इस्पात मंत्रालय के अंतर्गत आने वाली स्टील ऑथोरिटी ऑफ इंडिया (सेल) ने कहा कि पिछले साल इसी महीने में उत्पादन 15.5 लाख टन था। पिछले महीने कुल बिक्री 13 प्रतिशत बढ़कर 18.7 लाख टन रही, जो पिछले साल इसी महीने 16.5 लाख टन थी। सेल ने कहा कि उसने अपनी वित्तीय स्थिति को मजबूत किया है और 31 मार्च, 2026 के स्तर से कर्ज में 870 करोड़ रुपये की कमी की है।

आरबीआई वीआरआरआर की आज करेगा नीलामी

मुंबई। भारतीय रिजर्व बैंक (आरबीआई) ने कहा कि वह बैंकिंग प्रणाली में अतिरिक्त नकदी कम करने के लिए सात सितंबर को 30 दिन की ''परिवर्तनीय दर रिवर्स रेपो'' (वीआरआरआर) नीलामी करेगा। इसके तहत सात लाख करोड़ रुपये की अधिसूचित राशि स्वीकार की जाएगी। आरबीआई की तरफ से जारी अधिसूचना के मुताबिक, यह नीलामी सात सितंबर को सुबह 9.30 बजे से 10 बजे के बीच होगी और राशि की वापसी सात अक्टूबर को की जाएगी।

बीईएमएल ने यूएमपीईएसएल के साथ किया समझौता

बेंगलुरु। सार्वजनिक क्षेत्र की रक्षा कंपनी बीईएमएल ने यूनिवर्सल एमईपी प्रोजेक्ट्स एंड इंजीनियरिंग सर्विसेज लिमिटेड (यूएमपीईएसएल) के साथ एक रणनीतिक समझौता किया है। इसका मकसद भारत की कोयला खदानों में उत्पादकता आधारित वाहन और मशीन के बेड़ों के प्रबंधन अनुबंधों पर मिलकर काम करना है। यूएमपीईएसएल, टाटा एंटरप्राइज की कंपनी वोल्टास लिमिटेड की 100 प्रतिशत अनुषंगी इकाई है। इस सहमति पत्र पर हस्ताक्षर बीईएमएल लिमिटेड के मुख्य महाप्रबंधक और प्रमुख-एसबीयू (सस्टेनेंस) संदीप मनोहर माटे और यूएमपीईएसएल के खनन एवं निर्माण खंड के उपाध्यक्ष, शरद टी ने किए।



एक बार फिर जोरदार हलचल देखने को मिलेगी

आईपीओ की जमकर 'बारिश', एक ही दिन में लांच होंगे 6, हफ्ते में 11, लक्ष्य 7,055 करोड़

एजेंसी ▶▶ नई दिल्ली

भारतीय प्राथमिक बाजार में अगले कुछ दिन में एक बार फिर जोरदार हलचल देखने को मिलेगी। रेंटोमोजो, कनोहर इलेक्ट्रिकल्स और करमतारा इंजीनियरिंग सहित 11 कंपनियां मुख्य मंच के आरंभिक सार्वजनिक निर्गम (आईपीओ) के जरिये कुल 7,055 करोड़ रुपये जुटाने की तैयारी में हैं। इन कंपनियों के आईपीओ सात सितंबर से 15 सितंबर के बीच बाजार में खुले रहेंगे। इनमें से अधिकांश निर्गम मंगलवार और बुधवार को खुलेंगे।

■ रेंटोमोजो, कनोहर और करमतारा सहित 11 कंपनियों के आईपीओ

यस सिक्योरिटीज के मुख्य निवेश अधिकारी राजकुमार राठी ने कहा कि एक साथ इतने आईपीओ आना इस बात का संकेत है कि निवेशक शुरुआती चरण की वृद्धि वाली कंपनियों में हिस्सेदारी लेने के लिए उत्सुक हैं। उन्होंने कहा कि ये सभी कंपनियां सूचीबद्ध होने के समय एक अरब अमेरिकी डॉलर से कुछ कम बाजार पूंजीकरण वाली होंगी।



2,722 करोड़ रुपए नए शेयर जारी कर जुटाएंगे

आगामी आईपीओ में रियल एस्टेट, इंजीनियरिंग एवं विनिर्माण, भुगतान एवं पहचान समाधान, विशेष रसायन और ऑनलाइन किराये के कारोबार से जुड़ी कंपनियां शामिल हैं। कुल 7,055 करोड़ रुपये में से 2,722 करोड़ रुपये यानी 39 प्रतिशत नए शेयर जारी कर जुटाए जाएंगे। यह राशि कंपनियों के खाते में जाएगी। वहीं, 4,333 करोड़ रुपये यानी 61 प्रतिशत हिस्सेदारी बिक्री (ओएफएस) के जरिये जुटाए जाएंगे।

राशि का इस्तेमाल कारोबार विस्तार में

नए शेयरों की बिक्री से प्राप्त राशि का इस्तेमाल मुख्य रूप से कारोबार विस्तार, पूंजीगत व्यय, कर्ज चुकाने, कार्यशील पूंजी और कंपनियों की सामान्य कारोबारी जरूरतों को पूरा करने के लिए किया जाएगा। सितंबर की शुरुआत भी आईपीओ के लिहाज से व्यस्त रही है। रेज ऑफ बिलीफ और दीपा ज्वेलर्स ने एक सितंबर को अपने आईपीओ पेश किए थे।

वर्ष 2026 में आईपीओ लाने वाली कंपनियों की संख्या बढ़कर 75

इन नए निर्गमों के साथ 2026 में आईपीओ लाने वाली कंपनियों की संख्या बढ़कर 75 होने की उम्मीद है। इनमें अकेले अगस्त में 23 कंपनियां बाजार में उतरी थीं। प्रणव कंस्ट्रक्शंस का आईपीओ सात सितंबर खुलेगा। कंपनी का 351 करोड़ रुपये से अधिक का यह निर्गम नौ सितंबर को बंद होगा। कंपनी ने शेयर का मूल्य दायरा 118-124 रुपये तय किया है। इसमें 315.6 करोड़ रुपये का नया निर्गम और 28.57 लाख शेयरों की बिक्री पेशकश (ओएफएस) शामिल है।

कनोहर का निर्गम 1056 करोड़ जुटाएंगी

कनोहर इलेक्ट्रिकल्स, प्रसोल केमिकल्स और ग्लास वॉल सिस्टम्स (इंडिया) के आईपीओ आठ सितंबर को खुलेंगे। कनोहर इलेक्ट्रिकल्स का निर्गम 1,056 करोड़ रुपये का है और मूल्य दायरा 601-632 रुपये है। प्रसोल केमिकल्स 500 करोड़ रुपये जुटाएगी, जिसमें 80 करोड़ रुपये का नया निर्गम और 420 करोड़ रुपये तक की ओएफएस शामिल है। ग्लास वॉल सिस्टम्स का निर्गम 428 करोड़ रुपये का है और इसका मूल्य दायरा 172-182 रुपये है।

9 सितंबर को सबसे अधिक आईपीओ आएंगे

इसके अलावा नौ सितंबर को रेंटोमोजो, मणिपाल पेमेंट एंड आइडेंटिटी सॉल्यूशंस, आर्सिल, एलसीसी प्रोजेक्ट्स, करमतारा इंजीनियरिंग और स्टीमहाउस इंडिया के आईपीओ आएंगे। रेंटोमोजो का आईपीओ 1,256 करोड़ रुपये का है, जो इस सप्ताह का सबसे बड़ा निर्गम है। इसका मूल्य दायरा 384-404 रुपये प्रति शेयर है। इसमें 150 करोड़ रुपये के नए शेयर जारी किए जाएंगे और करीब 1,106 करोड़ रुपये की बिक्री पेशकश शामिल होगी।

एनएमडीसी कोयले का वाणिज्यिक उत्पादन शुरू करेगी : चेयरमैन

एजेंसी ▶▶ नई दिल्ली



सार्वजनिक क्षेत्र की खनन कंपनी एनएमडीसी अक्टूबर-दिसंबर तिमाही में तापीय कोयले का वाणिज्यिक उत्पादन शुरू करेगी।

■ उत्पादन अक्टूबर दिसंबर तिमाही से होगा शुरू

कंपनी का चालू वित्त वर्ष (2026-27) में करीब 10 लाख टन कोयला बेचने का लक्ष्य है। कंपनी के चेयरमैन अमिताव मुखर्जी ने यह जानकारी दी। इस्पात मंत्रालय के तहत आने वाली हैदराबाद मुख्यालय वाली एनएमडीसी देश की सबसे बड़ी लौह अयस्क खनन कंपनी है और भारत की लौह अयस्क जरूरत का करीब 20 प्रतिशत पूरा करती है। मुखर्जी ने कहा कि कंपनी ने वर्ष 2030 तक खनन कारोबार में विविधता लाने की योजना तैयार की है। इसका उद्देश्य सरकार के 'विकसित भारत' के लक्ष्य में योगदान देना और देश में बढ़ती औद्योगिक जरूरतों के लिए विभिन्न खनिजों की उपलब्धता सुनिश्चित करना है।

10 लाख टन कोयला बेचने की योजना

कंपनी इस खदान से वित्त वर्ष 2026-27 में अधिकतम 10 लाख टन कोयला संभावित खरीदारों को बेचने की योजना बना रही है। उन्होंने कहा कि उत्पादन अगली तिमाही से शुरू होने की उम्मीद है। कंपनी वित्त वर्ष 2026-27 में एक अन्य कोकिंग कोयला ब्लॉक का विकास भी शुरू करेगी और यहां से वित्त वर्ष 2027-28 में उत्पादन शुरू करने का लक्ष्य है।

तापीय कोयले का इस्तेमाल बिजली बनाने में

तापीय कोयले का इस्तेमाल मुख्य रूप से बिजली उत्पादन में होता है, जबकि कोकिंग कोयला इस्पात निर्माण के लिए एक महत्वपूर्ण कच्चा माल है। एनएमडीसी ने कोयला मंत्रालय की नीलामी में झारखंड के टोकीसुद नॉर्थ कोयला खदान और रोहने कोकिंग कोल ब्लॉक हासिल किए थे। टोकीसुद नॉर्थ में 5.2 करोड़ टन और रोहने ब्लॉक में 19.1 करोड़ टन भंडार है। दोनों खदानों की क्रमशः 23 लाख टन और 80 लाख टन की वार्षिक अधिकतम क्षमता है।

ईरान संघर्ष इस सप्ताह तय करेंगे सोना-चांदी की चाल

एजेंसी ▶▶ नई दिल्ली



अमेरिका के आगामी मुद्रास्फीति आंकड़े, कच्चे तेल की कीमतों में उतार-चढ़ाव और पश्चिम एशिया में भू-राजनीतिक तनाव इस सप्ताह सोने-चांदी की कीमतों के प्रमुख निर्धारक होंगे। विश्लेषकों ने यह राय जताई है। विश्लेषकों के अनुसार, वैश्विक ब्याज दरों को लेकर बढ़ी अटकलों के बीच निवेशकों की इन घटनाक्रमों पर नजर रहेगी। निवेशक जर्मनी और चीन के उपभोक्ता मूल्य आंकड़ों, यूरो क्षेत्र, जापान और ब्रिटेन के सकल घरेलू उत्पाद (जीडीपी) के आंकड़ों तथा चीन के व्यापार आंकड़ों पर भी नजर रखेंगे। जेएम फाइनेंशियल सर्विसेज के वरिष्ठ उपाध्यक्ष प्रणव मेर ने कहा, ''ब्याज दरों के परिदृश्य को लेकर काफी अटकलों के बीच अमेरिका के मुद्रास्फीति आंकड़े सर्राफा बाजार के लिए प्रमुख कारक होंगे।'' अमेरिका के अगस्त 2026 के उपभोक्ता मूल्य सूचकांक (सीपीआई) के आंकड़े 11 सितंबर को जारी होने हैं। मेर ने कहा कि सोने में 1.57 लाख रुपये प्रति 10 ग्राम पर प्रतिरोध और चांदी में 2.31 लाख रुपये प्रति किलोग्राम के स्तर पर समर्थन है। पिछले सप्ताह वायदा बाजार में सोने की कीमत 3,514 रुपये यानी 2.2 प्रतिशत घटकर 1.52 लाख रुपये प्रति 10 ग्राम रह गई, जबकि चांदी 4,786 रुपये यानी करीब दो प्रतिशत गिरकर 2.37 लाख रुपये प्रति किलोग्राम रही।


■ अमेरिकी मुद्रास्फीति के आंकड़े कच्चा तेल भी डालेंगे प्रभाव

कॉमेक्स में सोना 1.2 फीसदी गिरा

वैश्विक बाजार में कॉमेक्स सोना वायदा सप्ताहांत में करीब 1.2 प्रतिशत गिरकर 4,476.6 अमेरिकी डॉलर प्रति औंस रहा। न्यूयॉर्क में चांदी 1.52 प्रतिशत घटकर 66.75 अमेरिकी डॉलर प्रति औंस रही। मेर ने कहा कि अमेरिका के उम्मीद से बेहतर रोजगार आंकड़ों के बाद इस महीने फेडरल रिजर्व की ओर से ब्याज दर बढ़ाने की संभावना मजबूत होने से शुक्रवार को सोने की कीमतों पर दबाव रहा।

कच्चे तेल की कीमतें प्रभावित करेगी घरेलू शेयर बाजार को

एजेंसी ▶▶ नई दिल्ली



पश्चिम एशिया में जारी संघर्ष, कच्चे तेल की कीमतों में उतार-चढ़ाव और अमेरिका के महंगाई के आंकड़े इस सप्ताह स्थानीय शेयर बाजार की दिशा तय करेंगे। विश्लेषकों ने यह राय जताई है। इसके अलावा विदेशी निवेशकों की गतिविधियां और वैश्विक बाजारों का रुख भी बाजार की दिशा को प्रभावित करेगा। रेलिगेयर ब्रोकिंग लिमिटेड के वरिष्ठ उपाध्यक्ष (शोध) अजित मिश्रा ने कहा, ''इस सप्ताह बाजार वैश्विक मौद्रिक नीति, कच्चे तेल की कीमतों और भू-राजनीतिक घटनाक्रमों को लेकर संवेदनशील रह सकता है। निवेशकों की नजर अमेरिका के उम्मीद से बेहतर रोजगार आंकड़ों के बाद फेडरल रिजर्व की सितंबर में होने वाली मौद्रिक नीति बैठक को लेकर बदलती उम्मीदों पर रहेगी।'' घरेलू मोर्चे पर विदेशी संस्थागत निवेशकों के प्रवाह, रुपये की चाल, कच्चे तेल की कीमतें और घरेलू बाजार में नकदी की स्थिति पर नजर रहेगी। मिश्रा ने कहा कि होर्मुज जलडमरूमध्य से जुड़े घटनाक्रम भी महत्वपूर्ण रहेंगे, क्योंकि इनका भारत की महंगाई, बाहरी संतुलन और कंपनियों की लाभप्रदता पर सीधा असर पड़ सकता है।

■ विदेशी निवेशकों की गतिविधियों पर होगी नजर

हुंडई का ग्रामीण बाजार पर बड़ा दांव

एजेंसी ▶▶ नई दिल्ली



हुंडई मोटर इंडिया लि. (एचएमआईएल) ग्रामीण बाजारों में अपनी पकड़ और मजबूत करने की तैयारी में है। कंपनी को उम्मीद है कि अगले तीन से चार साल में उसकी कुल बिक्री में ग्रामीण बाजारों की हिस्सेदारी बढ़कर करीब 30 प्रतिशत हो जाएगी। कंपनी के प्रबंध निदेशक एवं मुख्य कार्यपालक अधिकारी (सीईओ) तरुण गर्ग ने यह बात कही है। गर्ग ने कहा कि कंपनी की कुल बिक्री में स्पोर्ट्स यूटिलिटी व्हीकल (एसयूवी) की हिस्सेदारी करीब 68 प्रतिशत है। उन्होंने कहा कि ग्रामीण बाजारों में भी एसयूवी की हिस्सेदारी 69 प्रतिशत पर पहुंच गई है। गर्ग ने कहा कि चालू वित्त वर्ष की पहली तिमाही में हुंदै की कुल बिक्री में ग्रामीण बाजारों की हिस्सेदारी बढ़कर 25.9 प्रतिशत हो गई, जो पिछले वित्त वर्ष की इसी तिमाही में 22.6 प्रतिशत थी। उन्होंने कहा कि ग्रामीण बाजारों में अब भी वृद्धि की काफी संभावनाएं मौजूद हैं। गर्ग ने बताया कि चालू वित्त वर्ष की पहली तिमाही में ग्रामीण बाजारों में कंपनी की बिक्री में 23 प्रतिशत की वृद्धि दर्ज की गई, जबकि शहरी बाजारों में यह वृद्धि महज 2.8 प्रतिशत रही। कंपनी को अपने आगामी उत्पादों से भी ग्रामीण बाजार में मांग बढ़ने की उम्मीद है। इनमें एक मध्यम आकार की एसयूवी और एक कॉम्पैक्ट इलेक्ट्रिक एसयूवी शामिल हैं।

■ कुल बिक्री में हिस्सेदारी 30 प्रतिशत पर पहुंचाने का लक्ष्य

हुंडई बिक्री नेटवर्क का करेगी विस्तार

गर्ग ने कहा कि इन नए मॉडल के आने के बाद ग्रामीण बाजारों में कंपनी की पहुंच और बिक्री को और गति मिल सकती है। ग्रामीण बाजारों की क्षमता को देखते हुए हुंदै अपने बिक्री नेटवर्क का भी विस्तार कर रही है। कंपनी के मुताबिक, उसके द्वारा खोले जा रहे हर 10 नए आउटलेट या शोरूम में से करीब छह ग्रामीण बाजारों में स्थापित किए जा रहे हैं।

नए नेटवर्क का विस्तार 60 फीसदी हिस्सें में

यानी कंपनी के नए नेटवर्क विस्तार का लगभग 60 प्रतिशत हिस्सा ग्रामीण क्षेत्रों पर केंद्रित है। इसके अलावा हुंडई के पास ग्रामीण इलाकों में सेवा देने के लिए 100 से अधिक मोबाइल सेवा वैन भी हैं। कंपनी का मानना है कि इन पहल से ग्राहकों तक बिक्री और बिक्री-बाद-सेवा दोनों की पहुंच बेहतर हो रही है।

ल्यूपिन को मोडाफिनिल के लिए अमेरिका में मिली मंजूरी

नई दिल्ली। दवा कंपनी ल्यूपिन लिमिटेड ने कहा कि उसे अमेरिकी स्वास्थ्य नियामक से 'मोडाफिनिल' टैबलेट बेचने की मंजूरी मिल गई है, जिसका इस्तेमाल अत्यधिक नींद आने की समस्या के इलाज में किया जाता है। ल्यूपिन ने शेयर बाजार को दी सूचना में कहा कि कंपनी को 100 मिलीग्राम और 200 मिलीग्राम क्षमता वाली ''मोडाफिनिल टैबलेट यूएसपी'' के लिए अमेरिकी खाद्य एवं औषधि प्रशासन (यूएस एफडीए) से मंजूरी मिली है। कंपनी ने कहा कि यह दवा अत्यधिक नींद आने वाले वयस्क मरीजों में जागने की क्षमता बेहतर करने के लिए इस्तेमाल की जाती है। ल्यूपिन की वर्तमान में 15 विनिर्माण इकाइयां हैं और कंपनी दुनिया भर के 100 से अधिक बाजारों में मौजूद है।



पेंट कंपनियों को अच्छी मांग की उम्मीद, प्रतिस्पर्धा तेज

एजेंसी ▶▶ नई दिल्ली



प्रमुख पेंट कंपनियों को त्योहारी मौसम के दौरान बिक्री में दोहरे अंक की वृद्धि जारी रहने की उम्मीद है। कंपनियां कच्चे माल की बढ़ती लागत की भरपाई के लिए कीमतों में बढ़ोतरी कर रही हैं, जबकि बाजार में प्रतिस्पर्धा भी तेज बनी हुई है। एशियन पेंट्स, बर्जर पेंट्स, कंसाई नेरोलैक और जेएसडब्ल्यू डयूलक्स को आवास, बुनियादी ढांचे और वाहन क्षेत्रों से मांग मजबूत रहने की उम्मीद है। हालांकि, भू-राजनीतिक तनाव के बीच कच्चे तेल से जुड़ी कच्चे माल की कीमतों में अनिश्चितता उद्योग के लिए जोखिम बनी हुई है।

■ बिक्री में दोहरे अंक की वृद्धि जारी रहने की उम्मीद

एशियन पेंट्स के प्रबंध निदेशक एवं मुख्य कार्यपालक अधिकारी (सीईओ) अमित सिंघल ने कहा कि तिमाही के दौरान मांग ठीक रही और कंपनी को वित्त वर्ष 2026-27 में मात्रा के लिहाज से 8-10 प्रतिशत वृद्धि की उम्मीद है। सीईओ ने कहा, ''हम त्योहारी तिमाही में प्रवेश कर रहे हैं... कुल मिलाकर हमारा अनुमान है कि मात्रा में करीब आठ-10 प्रतिशत वृद्धि रहेगी।'' बर्जर पेंट्स के प्रबंध निदेशक एवं सीईओ अभिजीत रॉय ने वित्त वर्ष 2026-27 में राजस्व में दोहरे अंक की वृद्धि जारी रहने का अनुमान जताया। रॉय ने कहा कि दूसरी तिमाही में मात्रा वृद्धि करीब 7.5-आठ प्रतिशत रह सकती है, जबकि कीमतों में 7.5-8.59 प्रतिशत तक की बढ़ोतरी हो सकती है।

सजावटी पेंट्स की कीमत तीन फीसदी बढ़ सकती है

चौधरी ने कहा कि दूसरी तिमाही में सजावटी पेंट्स की कीमतों में करीब तीन प्रतिशत और औद्योगिक पेंट्स में तीन से पांच प्रतिशत की अतिरिक्त बढ़ोतरी हो सकती है। कंपनी पहली तिमाही में करीब पांच प्रतिशत कीमत बढ़ा चुकी है। उन्होंने कहा कि बुनियादी ढांचे, निर्माण और वाहन क्षेत्रों से मांग मजबूत बनी हुई है।

ब्रिटेन के जगुआर लैंड रोवर में 33000 से अधिक कर्मचारी

टाटा की कंपनी में होगी छंटनी, 4000 कर्मियों की नौकरी पर संकट

एजेंसी ▶▶ नई दिल्ली

टाटा मोटर्स के मालिकाना हक वाली कंपनी जगुआर लैंड रोवर (जेएलआर) बड़े पैमाने पर छंटनी करने वाली है। मीडिया रिपोर्ट के मुताबिक, कंपनी का प्लान अगले दो सालों में यूके में लगभग 4,000 कर्मचारियों को काम से निकालने का है। यह छंटनी मुख्य रूप से मैनेजमेंट और सैलरीड स्टाफ के स्तर पर होगी। ऐसा करने के पीछे कंपनी का मकसद मैनेजमेंट के साइज को छोटा कर ऑपरेटिंग कॉस्ट को कम कर करना है। कंपनी इसके लिए कंपनी स्वैच्छिक सेवानिवृत्ति कार्यक्रम शुरू कर रही है।

■ छंटनी मुख्य रूप से मैनेजमेंट और सैलरीड स्टाफ के स्तर पर होगी

मौजूदा कर्मचारियों पर क्या होगा असर?

ब्रिटेन में जेएलआर के पास 33,000 से अधिक प्रत्यक्ष कर्मचारी हैं और यह अपनी सप्लाई चेन के जरिए अन्य 1,20,000 लोगों को भी रोजगार देती है। कंपनी ने साफ किया है कि यह छंटनी फैक्ट्रियों में प्रति घंटे के आधार पर काम करने वाले मैन्युफैक्चरिंग/असेंबली लाइन कर्मचारियों को प्रभावित नहीं करेगी। इसका पूरा फोकस मैनेजमेंट को छोटा और लचीला बनाने पर होगा।



उत्पादन घटाकर 3,00,000 वाहनों पर लाना

यूके के अखबार 'द टाइम्स' की रिपोर्ट के अनुसार, कर्मचारियों की छंटनी की यह योजना जेएलआर की उस कोशिश का हिस्सा है, जिसके तहत कंपनी लगभग 1.7 बिलियन यूरो (21,700 करोड़ रुपए) की बचत करना चाहती है। साथ ही कंपनी अपने बिजनेस मॉडल को आसान बनाते हुए अपने 'ब्रेक-ईवन पॉइंट' (वह स्तर जहां लागत और कमाई बराबर हो जाती है) को घटाकर सालाना 3,00,000 वाहनों पर लाना चाहती है। इसका सीधा मतलब है कि कंपनियां अब कम गाड़ी बेचकर भी मुनाफा कमा सकती है।

कम गाड़ियां बेचकर लागत वसूल लेगी

इससे सैलरी और ऑफिस मेनेटेनेंस जैसे फिक्स्ड कॉस्ट में सालाना कमी आएगी। ऐसे में अब अगर वैश्विक मंदी या अमेरिकी टैरिफ की वजह से मार्केट में इसकी गाड़ियों की डिमांड कम भी हो जाए, तो भी कंपनी सालभर में कम गाड़ियां बेचकर अपना लागत वसूल लेगी।

अमेरिकी टैरिफ की मार

अमेरिका 29 प्रतिशत हिस्सेदारी के साथ जेएलआर का सबसे बड़ा ग्लोबल मार्केट है। अमेरिकी राष्ट्रपति डोनाल्ड ट्रम्प द्वारा ब्रिटिश निर्मित यात्री वाहनों के आयात पर 10 प्रतिशत का नया आयात शुल्क लगाने की घोषणा से जेएलआर के मुनाफे और बिक्री पर सीधा असर पड़ा है। अमेरिका और यूके के बीच हुए एक समझौते के तहत पहले सालाना 1,00,000 वाहनों पर 10 प्रतिशत का रियायती शुल्क लागू होता है, लेकिन यह कोटा पार होते ही ब्रिटिश कारों पर 27.5 प्रतिशत का भारी-भरकम टैक्स लागू हो जाता है, जिससे निर्यात करना चुनौतीपूर्ण हो जाता है।

सात्विक-चिराग बने चाइना मास्टर्स चैंपियन, फाइनल में चीनी दीवार को दी मात

एजेंसी ▶▶ शेनजेन

भारत के सात्विकसाईराज रंकीरेड्डी और चिराग शेट्टी की स्टार पुरुष युगल जोड़ी ने शानदार वापसी करते हुए तीन गेम के रोमांचक मुकाबले में चीन के हे जी टिंग और रेन शियांग यू की जोड़ी को हराकर चाइना मास्टर्स सुपर 750 का खिताब अपने नाम कर लिया। सात्विक और चिराग की जोड़ी यहां अपना तीसरा फाइनल खेल रही थी। इस भारतीय जोड़ी ने 1 घंटे 10 मिनट तक चले मुकाबले में हे और रेन की दुनिया की पूर्व चौथे नंबर की जोड़ी को 11-21, 21-13, 21-17 से शिकस्त दी। यह भारतीय जोड़ी का इस सत्र का दूसरा खिताब है। इससे पहले उन्होंने सिंगापुर ओपन सुपर 750 का खिताब जीता था और थाईलैंड ओपन सुपर 500 के फाइनल में भी जगह बनाई थी।

एशियाई खेलों से पहले बढ़ा आत्मविश्वास

दुनिया की पांचवें नंबर की भारतीय जोड़ी के लिए यह खिताब जापान में 19 सितंबर से पहले होने वाले एशियाई खेलों से पहले आत्मविश्वास बढ़ाने वाला है, जिसमें वह अपने स्वर्ण पदक का बचाव करने की तैयारी कर रहे हैं। भारतीय जोड़ी का सामना चीन की ऐसी जोड़ी से था, जो लंबे समय तक अंतरराष्ट्रीय सर्किट से दूर रहने के कारण रैंकिंग में गिरकर 70वें नंबर पर पहुंच गई थी। हे जी टिंग के लिए यह वापसी के बाद केवल तीसरा टूर्नामेंट है।

भारतीय जोड़ी का दूसरे गेम में बेहतर प्रदर्शन

भारतीय जोड़ी ने दूसरे गेम में काफी बेहतर प्रदर्शन किया। उन्होंने अपनी रैलियों को लंबा खींचना शुरू किया। सात्विक ने फ्लिक सर्विस का इस्तेमाल किया और प्रतिद्वंद्वी जोड़ी को बार-बार फ्रंट कोर्ट में खेलने से रोका। इस तरह सात्विक और चिराग ने कड़े मुकाबले के बाद 7-6 की बढ़त हासिल कर ली। चिराग के बॉडी स्मैश से भारतीय जोड़ी ने लगातार पांचवां अंक हासिल करते हुए स्कोर 9-6 कर दिया, लेकिन सात्विक की सर्विस गलती से उनकी बढ़त का सिलसिला टूट गया। चिराग के स्मैश की मदद से भारत ने ब्रेक तक चार अंक की बढ़त बना ली।

रोमांचक फाइनल में चीन के खिलाड़ियों को 1 घंटे 10 मिनट में दी मात



तीसरे फाइनल में जगह बनाई

सात्विक और चिराग ने हालांकि इससे पहले चीन की इस जोड़ी के खिलाफ हुए अपने दोनों मुकाबलों में जीत दर्ज की थी। भारतीय जोड़ी ने फाइनल तक पहुंचने के सफर में तीन गेम के तीन मुकाबले खेले थे। इन सभी मुकाबलों में उन्होंने पहला गेम जीतने के बाद दूसरा गेम गंवाया था। सात्विक और चिराग ने इस साल के अपने 10वें टूर्नामेंट में तीसरे फाइनल में जगह बनाई।

भारतीय जोड़ी को मिले तीन मैच प्वाइंट

सात्विक की सर्विस से स्कोर 14-16 हुआ और फिर भारतीय जोड़ी ने जल्द ही 16-16 से बराबरी हासिल कर ली।इसके बाद हे जी टिंग शटल को नेट में लगा बैठे, जिससे भारत 18-17 से आगे हो गया। नेट कोर्ड की मदद से भारतीय जोड़ी को तीन मैच प्वाइंट मिले और और चिराग ने जोरदार स्मैश लगाकर खिताब भारत की झोली में डाल दिया।

भारतीय जोड़ी नहीं बना सकी रैलियों पर नियंत्रण

भारतीय जोड़ी शुरुआत में रैलियों पर नियंत्रण नहीं बना सकी। हे जी टिंग और रेन ने तेज और आक्रामक शॉट्स से 5-0 की बढ़त बना ली। उन्होंने आक्रमण जारी रखा, जिससे यह बढ़त 8-3 हो गई। भारतीय खिलाड़ियों ने प्रतिद्वंद्वी जोड़ी के डिफेंस को भेदने की कोशिश की, लेकिन चीन की जोड़ी ने ब्रेक तक अपनी बढ़त छह अंक की कर ली। भारतीय खिलाड़ी प्रतिद्वंद्वी जोड़ी की गति से तालमेल नहीं बिठा सके और अंतर बढ़कर 7-14 हो गया। हे जी टिंग शानदार लय में नजर आ रहे थे और लगातार स्मैश लगा रहे थे। फिर चिराग की एक सर्विस गलती ने मुश्किलें और बढ़ा दीं, जिससे चीन की जोड़ी ने बढ़त 17-9 कर दी। इसके बाद चिराग का एक और शॉट बाहर जाने से चीन की जोड़ी ने पहला गेम आसानी से अपने नाम कर लिया।

दलीप ट्रॉफी फाइनल : ईस्ट जोन ने पहले दिन बनाए 4 विकेट पर 385 रन

ईस्ट जोन ने बनाया रनों का पहाड़, साउथ जोन हुआ पस्त



एजेंसी ▶▶ चेन्नई

ईस्ट जोन ने एमए चिदंबरम स्टेडियम में जारी दलीप ट्रॉफी के फाइनल मुकाबले में शानदार शुरुआत की। इस टीम ने पहले दिन (रविवार) के खेल की समाप्ति तक 4 विकेट खोकर 385 रन बना लिए हैं।

फाइनल में कप्तान इशान किशन के शतक और तीन बल्लेबाजों के अर्धशतकों से ईस्ट जोन ने पहले दिन रनों का पहाड़ बना दिया। ईशान ने फर्स्ट क्लास क्रिकेट में 10वां शतक बनाया और वे 111 रन बनाकर नाबाद हैं। वे अभी तक 14 चौके व एक छक्का लगा चुके हैं। उनके अलावा शिखर मोहन ने 85, अभिमन्यु ईश्वरन ने 72 और कुमार कुशाग्र ने नाबाद 63 रन की पारी खेली। तिलक वर्मा की कप्तानी वाली साउथ जोन की टीम के लिए चमा मिलिंद ने सबसे ज्यादा दो विकेट लिए।



ईश्वरन और वैभव ने की 100 रन की साझेदारी

ईश्वरन और वैभव सूर्यवंशी की सलामी जोड़ी ने तूफानी बैटिंग करते हुए 100 रन की साझेदारी की। इन्होंने ये रन 14.3 ओवर में जुटाए। सूर्यवंशी एक बार फिर से आक्रामक अंदाज में खेले। उन्होंने 37 गेंद में पांच चौकों व एक छक्के से 44 रन बनाए। वह अर्धशतक से छह रन पहले मिलिंद की गेंद पर कैच दे बैठे। उनके साथी ईश्वरन ने भी चीफ सेलेक्टर अजीत अगरकर की मौजूदगी में तेजी से रन जुटाए। उन्होंने 86 गेंद खेली और 10 चौके व एक छक्का लगाते हुए 72 रन बनाए. वे रन आउट हुए।

21 साल के शिखर ने नहीं बख्शा गेंदबाजों को

सुदीप कुमार घरामी (6) ज्यादा कुछ नहीं कर सके और त्रिपूर्ण विजय की गेंद पर आउट हो गए। यहां से शिखर और इशान ने मोर्चा संभाला। दोनों ने चौथे विकेट के लिए 94 रन की साझेदारी की। पहली बार इस टूर्नामेंट में खेल रहे 21 साल के शिखर ने साउथ जोन के किसी गेंदबाज को नहीं बख्शा। उन्होंने 120 गेंद खेली और नौ चौकों व तीन छक्कों से 85 रन बनाए। वे चायकाल से ठीक पहले आउट हो गए मिलिंद ने उन्हें बोल्ड किया।

वैभवमय हुआ चेपक, उमड़े फैंस, खोले तीन स्टैंड

'वैभव भाई, वैभव जी, वैभव!' जैसे ही सूर्यवंशी प्रशंसकों का अभिवादन करने के लिए बाउंड्री के पास पहुंचे तो शोर अपने चरम पर पहुंच गया। प्रशंसक रविवार सुबह से ही इस उभरते क्रिकेट सितारे की एक झलक पाने के लिए इंतजार कर रहे थे। तमिलनाडु क्रिकेट संघ ने एमए चिदंबरम स्टेडियम चेपक में दक्षिण क्षेत्र और पूर्व क्षेत्र के बीच खेले जा रहे दलीप ट्रॉफी फाइनल के लिए सी, डी और ई ब्लॉक के निचले स्टैंड दर्शकों के लिए मुफ्त में खोल दिए थे। लेकिन शायद उसे यह उम्मीद नहीं थी कि करीब 12 हजार दर्शक इन स्टैंड को भरने के लिए उमड़ पड़ेंगे।

झेंग ने जीते लगातार आखिरी सात गेम, चौथे राउंड में एंट्री

एजेंसी ▶▶ न्यूयॉर्क



झेंग चिनवेन ने शानदार वापसी करते हुए लगातार आखिरी सात गेम जीतकर 22वीं वरीयता प्राप्त कीज को 1-6, 7-6 (3), 7-5 से हराकर यूएस ओपन के चौथे दौर में प्रवेश किया। इस जीत के बाद झेंग कोर्ट पर पीठ के बल लेटी थीं और उनके हाथ हवा में थे। वह ऐसी जीत का जश्न मना रही थीं, जिसकी उम्मीद शायद सिर्फ उन्हें ही थी। दूसरी ओर कीज आंसुओं को रोकने की कोशिश करते हुए बता रही थीं कि आखिर कैसे झेंग लगभग मैच से बाहर होने के बावजूद जीत हासिल करने में सफल रहीं। साल 2017 की उपविजेता कीज ने दूसरे सेट का टाईब्रेक हारने के बाद जोरदार वापसी करते हुए 5-0 की बढ़त बना ली। झेंग ने एक गेम जीता लेकिन 5-1 पर सर्विस करते समय कीज के पास मैच प्वाइंट था। वह इसे भुना नहीं सकीं और यहीं से मुकाबले का रुख पूरी तरह बदल गया। एक समय निराशा में कीज अपना रैकेट बार-बार सिर पर मारते दिखी। झेंग ने कहा, मेहनत का फल मिलता है। अब उनका सामना 2022 की यूएस ओपन चैंपियन इगा स्वियातेक से होगा।

कांटे की मुकाबले में जीती ओसाका



नाओमी ओसाका ने एलिस मर्टेंस को 6-3, 3-6, 7-5 से हराकर चौथे दौर में जगह बना ली। 2 घंटे 38 मिनट चले मुकाबले के अंतिम अंक के बाद दो बार की चैंपियन ओसाका ने अपना सिर रैकेट पर रख लिया, मानो इस 13वीं वरीयता प्राप्त खिलाड़ी को खुद भी अपनी जीत पर यकीन नहीं हो रहा हो।

मैं सचमुच हैरान हूं : नाओमी

ओसाका ने कहा, 'ईमानदारी से कहूं तो मुझे विश्वास नहीं हो रहा कि मैंने यह मैच जीत लिया। मैं सचमुच हैरान हूं कि मैं जीत गई। ओसाका की वापसी झेंग जितनी मुश्किल तो नहीं थी, लेकिन वह निर्णायक सेट में 2-4 से पीछे थीं। उन्होंने कठिन मुकाबले के दौरान अपनी झुंझलाहट जाहिर करने के लिए माफी भी मांगी।

फ्रिट्ज हुए उलटफेर का शिकार

पुरुषों में नौवीं वरीयता प्राप्त टेलर फ्रिट्ज हालांकि उलटफेर का शिकार होने से नहीं बच पाए। फ्रिट्ज ने दो सेट की बढ़त गंवा दी और 24वीं वरीयता प्राप्त अर्जेंटीना के फ्रांसिस्को सेरुंडोलो से 3-6, 4-6, 6-3, 6-4, 6-4 से हार गए। फ्रिट्ज ने कहा, मुझे नहीं पता कि आज मैंने ऐसा कैसे होने दिया। अमांडा अनिसिमोवा भी बाहर हो गईं।फ्लावियो कोबोली को 28वीं वरीयता प्राप्त अलेक्जेंडर ब्लॉक्स ने चार सेट में हराया। इसके साथ ही पुरुष एकल ड्रॉ में शीर्ष 10 में से छह वरीय खिलाड़ी बाहर हो चुके हैं।

खबर संक्षेप



ओमेगा यूरोपीय मास्टर्स: 50वें स्थान पर खिसके शुभंकर

क्रांस मोंटाना। भारतीय गोल्फर शुभंकर शर्मा तीसरे दौर में चार ओवर 74 के लचर प्रदर्शन के साथ ओमेगा यूरोपीय मास्टर्स गोल्फ टूर्नामेंट में संयुक्त रूप से 50वें स्थान पर खिसक गए। शुरुआती दो दौर में 68 और 68 के प्रभावी प्रदर्शन के साथ शुभंकर दो दौर के बाद संयुक्त रूप से आठवें स्थान पर थे। तीसरे दौर में शुभंकर ने दो बर्डी की लेकिन दो बोगी और दो डबल बोगी भी कर गए, जिससे उनका स्कोर चार ओवर रहा। इंग्लैंड के पॉल केसी ने सात अंडर 63 के स्कोर से कुल 16 अंडर के स्कोर के साथ तीन शॉट की बढ़त बना ली है।

साई किशोर का इंग्लैंड में बवाल 18 में से 12 ओवर फेंके मेडन

एजेंसी ▶▶ लंदन



भारत के बाएं हाथ के फिरकी बॉलर आर साई किशोर ने इंग्लैंड की काउंटी चैंपियनशिप में धूम मचा दी। ग्लूसेस्टरशर की ओर से खेलते हुए डर्बीशर के खिलाफ उन्होंने 20 रन देकर 5 विकेट लिए। इससे उनकी टीम 213 रन से जीत हासिल करने में सफल रही। साई किशोर ने दूसरी पारी में बॉलिंग का आगाज किया और 18 ओवर फेंके। इनमें से 12 मेडन रहे। उन्होंने अपने पहले 8 ओवर में ही 5 विकेट चटका लिए थे और इसके लिए केवल छह रन दिए थे।

साई किशोर ने डर्बीशर के टॉप सात में से पांच बल्लेबाजों को आउट किया। उन्होंने हेरी केम, मैथ्यू मोंटगोमरी, वेन मेडसेन, एन्युरिन डॉनल्ड और ब्रूक गेस्ट को वापस भेजा। इससे डर्बीशर की टीम का स्कोर 15 ओवर में छह विकेट पर 41 रन हो गया। साई किशोर के अलावा ऑलिवर प्राइस ने तीन और एड मिडलटन ने दो विकेट लिए। इससे डर्बीशर की टीम 38.5 ओवर में ही सिमट गई।

साई ने बॉलिंग के साथ बैटिंग में दिया योगदान

साई किशोर ने मैच में कुल 7 विकेट लिए। उन्होंने पहली पारी में 23 ओवर में 59 रन खर्च कर दो बल्लेबाजों को आउट किया था। एक बार उन्होंने बैटिंग की और 20 रन का योगदान दिया। जेम्स बेसी के साथ सातवें विकेट के लिए उन्होंने 48 रन की अहम साझेदारी की। ग्लूसेस्टरशर ने इस सीजन की दूसरी ही जीत हासिल की। वहीं डर्बीशर को सीजन की छठी शिकस्त झेलनी पड़ी।

श्रीलंका के पथिरागे ने जीता डायमंड लीग का खिताब

एजेंसी ▶▶ ब्रसेल्स



श्रीलंका के स्टार भाला फेंक एथलीट रुमेश थरंगा पथिरागे ने अपने शानदार फॉर्म को जारी रखते हुए ब्रुसेल्स में आयोजित प्रतिष्ठित डायमंड लीग फाइनल का खिताब अपने नाम कर लिया। ब्रुसेल्स के किंग बाउडौइन स्टेडियम में पहली बार इस प्रतिष्ठित टूर्नामेंट के फाइनल में हिस्सा ले रहे श्रीलंका के इस युवा एथलीट ने अपने तीसरे प्रयास में 89.04 मीटर का सर्वश्रेष्ठ थ्रो फेंककर पहला स्थान हासिल किया।

इस ऐतिहासिक जीत के साथ ही वे डायमंड लीग फाइनल जीतने वाले श्रीलंका के पहले एथलीट बन गए हैं। मैं इस ऐतिहासिक उपलब्धि से बेहद खुश हूं। श्रीलंका जैसे एक छोटे से देश से निकलकर इतने बड़े और प्रतिष्ठित वैश्विक मंच पर खिताबी जीत हासिल करना मेरे लिए एक बेहद गर्व का क्षण है। पोलैंड के डेविड वेगनर 87.47 मीटर दूसरे स्थान पर रहे। टोबैगो के केशोर्न वालकॉट ने सीजन का सबसे अच्छा थ्रो फेंका और 83.99 मीटर के साथ तीसरा स्थान हासिल किया।

इंटर मियामी ने अटलांटा से खेला ड्रा, संन्यास लेने के बाद स्टार खिलाड़ी मैस्सी का दमदार खेल

एजेंसी ▶▶ मियामी



अंतरराष्ट्रीय फुटबॉल से संन्यास लेने के बाद भी अर्जेंटीना के महान खिलाड़ी लियोनेल मेस्सी ने मैदान पर अपना प्रभाव छोड़ने का सिलसिला जारी रखा है।

मेस्सी ने इंटर मियामी के लिए दो गोल में मदद की लेकिन उनकी टीम अटलांटा यूनाइटेड के खिलाफ 2-2 से ड्रॉ पर रोक दी गई। अर्जेंटीना के लिए अंतरराष्ट्रीय फुटबॉल से संन्यास की घोषणा के बाद यह मेस्सी का पहला मुकाबला था। इंटर मियामी की ओर से लुइस सुआरेज और कासेमिरो ने गोल किए। टीम ईस्टर्न कॉन्फ्रेंस में दूसरे स्थान पर है और शीर्ष पर मौजूद नैशविले से 10 अंक पीछे है। नियमित सत्र में उसके 11 मुकाबले बाकी हैं। कासेमिरो ने 32वें मिनट में मेस्सी की कॉर्नर किक पर हेडर के जरिए गोल कर इंटर मियामी को बढ़त दिलाई। इसके कुछ ही मिनट बाद मिगुएल अल्मिरोन ने अटलांटा की ओर से बराबरी का गोल कर दिया। इसके बाद मेस्सी ने तेलास्को सेगोविया की ओर शानदार लॉफ्टेड पास खेला।

सेगोविया ने गेंद सुआरेज की ओर बढ़ाई और उरुग्वे के स्टार ने मध्यांतर से ठीक पहले दाएं पैर से शानदार शॉट लगाकर इस सत्र का अपना 12वां गोल दाग दिया। मैच के 87वें मिनट में ब्रेल एम्बोलो ने पेनल्टी को गोल में बदलकर अटलांटा को फिर बराबरी दिला दी। इसके बाद इंटर मियामी ने आखिरी मिनटों में कई मौके बनाए, लेकिन अटलांटा ने उन्हें गोल में तब्दील नहीं होने दिया और मुकाबला ड्रॉ पर समाप्त हुआ।

इंटर मिलान और मैनचेस्टर सिटी की रोमांचक जीत, मार्टिनेज और हालैंड ने दागे शानदार गोल

एजेंसी ▶▶ लंदन।



लौटारो मार्टिनेज ने आखिरी क्षणों में अपना दूसरा गोल दागकर इंटर मिलान को इटली की शीर्ष घरेलू फुटबॉल लीग सीरी ए में नेपोली पर 3-2 की रोमांचक जीत दिलाई, तो वहीं एर्लिंग हालैंड के गोल की बदौलत मैनचेस्टर सिटी ने इंग्लिश प्रीमियर लीग (ईपीएल) में कोवेंट्री को 1-0 से हराकर तालिका में अपना शीर्ष स्थान बरकरार रखा।

इंटर मिलान की तरह सीरी ए के एक और रोमांचक मुकाबले में रोमा ने आखिरी मिनटों में दो गोल कर तीन मैचों में अपनी तीसरी जीत दर्ज की। इंटर मिलान के खिलाफ माटेओ पोलितानो और रासमुस होयलुंड ने 50वें और 53वें मिनट में गोल कर गत चैंपियन नेपोली को 2-0 की बढ़त दिलाई। इसके तीन मिनट बाद मार्टिनेज ने गोल कर इंटर की वापसी की शुरुआत की। मार्कस थुराम ने 82वें मिनट में बराबरी का गोल किया। आखिरी पलों में मैनुअल अकांजी के प्रयास से गेंद मार्टिनेज तक पहुंची और उन्होंने नजदीक से गोल कर इंटर को जीत दिला दी। अटलांटा के खिलाफ मटियास सौले ने आखिरी समय में गोल और गोल में मदद कर रोमा को 2-1 से जीत दिलाई। उन्होंने 90वें मिनट में मारियो हर्मोसो के गोल में मदद की, जिससे एडरसन के शुरुआती गोल की बराबरी हुई। इसके तीन मिनट बाद सौले ने खुद गोल कर रोमा को जीत दिला दी। लीग के एक अन्य मैच में टोरिनो ने फियोरेंटीना को उसके घरेलू मैदान पर 2-1 से हराया।



शख्स ने खोली खुजली करने की दुकान, महीने के कमा रहा 14 लाख

क्या कभी आपने सोचा है कि सिर्फ किसी की पीठ या शरीर खुजाने के बदले कोई आपको महीने के 14 से 15 लाख रुपए दे सकता है? सुनने में भले ही अटपटा लगे, लेकिन चीन के एक शख्स ने इसी अजीबोगरीब आइडिया को एक तगड़ा बिजनेस बना डाला है।

बीजिंग। आज की भागदौड़ भरी जिंदगी में जहां हर कोई तनाव से जूझ रहा है, वहीं चीन के 32 साल के झांग शियाओचियाओ ने खुजली करने की दुकान खोलकर तहलका मचा दिया है। साउथ चाइना मॉर्निंग पोस्ट की रिपोर्ट के अनुसार, चीन के शेनझेन शहर में रहने वाले झांग शियाओचियाओ ने इस साल मई की शुरुआत में बाओआन जिले में अपनी पहली 'इचिंग शॉप' खोली थी। इस दुकान का सेटअप किसी हाई-फाई मसाज सेंटर जैसा है। यहां ग्राहक बेड पर पेट के बल लेट जाते हैं और दुकान के कर्मचारी खास डिजाइन के नुकीले नेल्स पहनकर उनके शरीर पर धीरे-धीरे खुजली करते हैं।

70 प्रतिशत ग्राहक पुरुष हैं, जो दिनभर के काम के बाद यहां सुकून तलाशने आते हैं

क्या है इस सर्विस का खर्च और तरीका?

इस अनोखी सेवा के लिए ग्राहकों से 1 घंटे के 300 युआन यानी करीब 3,500 भारतीय रुपए वसूले जाते हैं। झांग का दावा है कि यह सिर्फ खुजली मिटाने का जरिया नहीं है, बल्कि इससे लोगों को मानसिक तनाव कम करने और गहरी नींद लेने में मदद मिलती है। हैरान करने वाली बात यह है कि इस दुकान पर आने वाले करीब 70 प्रतिशत ग्राहक पुरुष हैं, जो दिनभर के काम के बाद यहां सुकून तलाशने आते हैं।



कैसे आया इस अजीब बिजनेस का आइडिया?

झांग इससे पहले ई-कॉमर्स और सोशल मीडिया की दुनिया में हाथ आजमा चुके थे, लेकिन उन्हें मनमुताबिक सफलता नहीं मिली थी। फिर एक दिन सोशल मीडिया पर शॉर्ट वीडियो देखते हुए उनकी नजर एक ऐसे वीडियो पर पड़ी, जिसमें एक महिला अपने पति की पीठ खुजा रही थी। कमेंट सेक्शन में जब उन्होंने लोगों को यह कहते देखा कि अगर कोई हमारे लिए ऐसा करे तो हम पैसे देने को तैयार हैं, तो उनका दिमाग चल पड़ा। उन्हें अपने बचपन के दिन याद आ गए, जब उनके पिता उनकी पीठ खुजाया करते थे और उन्हें बहुत सुकून मिलता था। फिर क्या था, इसी पुरानी याद को उन्होंने कमर्शियल बिजनेस में बदल डाला।

महीने की कमाई जानकर उड़ जाएंगे होश

शुरुआत में लोगों को यह मजाक लगा होगा, लेकिन आज यह बिजनेस सोने का अंडा देने जैसा है। एक महीने के भीतर ही झांग ने शेनझेन के दूसरे इलाके फुतियान में अपनी दूसरी ब्रांच भी खोल दी। आज उनकी दोनों दुकानों से हर महीने करीब 1 लाख युआन यानी लगभग 14 से 15 लाख रुपए की शानदार कमाई हो रही है। दोनों आउटलेट अब पूरी तरह से मुनाफे में चल रहे हैं।

रोचक खबरें

समुद्र के नीचे मिला 7 हजार साल पुराना शहर

फ्रांस के तट पर पुरातत्वविदों की बड़ी खोज

पेरिस। फ्रांस के तट के पास समुद्र में 30 फीट की गहराई में डूबे एक प्राचीन शहर की खोज हुई है। यह खोज 'इल डी सीन' के तट के पास की गई है। यहां पुरातत्वविदों को सतह से लगभग तीस फीट नीचे 7,000 साल पुरानी दीवार के अवशेष मिले, जो कभी पाषाण युग की सभ्यता का हिस्सा थे। पुरातात्विक इतिहास में इसे एक बड़ी खोज के रूप में देखा जा रहा है। इस दीवार को भूविज्ञानी यवेस फौक्वेट ने रडार से तय किए गए समुद्र के नीचे के गहराई वाले चार्ट का अध्ययन करते समय खोजा। यवेस फौक्वेट ने बताया कि यह अति प्राचीन दीवार समुद्र के नीचे की घाटी के किनारे पर एक संदिग्ध रेखा की तरह दिख रही थी। उन्होंने कहा कि शक है कि इसे शायद प्रकृति ने नहीं बनाया है, बल्कि यह मानव निर्मित संरचना है। माना जाता है कि इस दीवार के जो अवशेष बचे हैं, वे या तो मछली पकड़ने का बाड़ा थे या फिर बढ़ती लहरों से बचाव के लिए बनाया गया बांध। हालांकि, पुष्टि करने के लिए इसकी जांच जारी है। रिपोर्ट के अनुसार, लीडार डेटा का इस्तेमाल करके आगे की जांच में समुद्र की तलहटी में ग्यारह ऐसी संरचनाएं मिलीं, जिन्हें केवल इंसानों ने ही बनाया हो सकता है। समुद्र के स्तर में बदलाव और जमीन के ऊपर-नीचे होने को दिखाने वाले डेटा से पता चला कि ये संरचनाएं 5,800 और 5,300 बीसीई के बीच की हैं। 'इंटरनेशनल जर्नल ऑफ नॉटिकल आर्किओलॉजी' में हाल ही में प्रकाशित एक अध्ययन में उन्होंने कहा, 'इन जगहों तक पहुंचने में मुश्किलों (तेज ज्वारीय धाराएं, तेज समुद्री बहाव, समुद्री शैवाल की परत) के कारण, ब्रिटनी तट के गहरे इलाकों में बहुत कम पुरातत्व संबंधी काम हुआ है।'



फर्जी पेपर दिखा चोर उड़ा ले गए 18 हजार लीटर बीयर, कंपनी ने शुरू की तलाश

न्यूयार्क। अमेरिका की मशहूर बीयर कंपनी पैब्स्ट ब्रूइंग कंपनी इन दिनों एक अनोखी चोरी की वजह से चर्चा में है। कंपनी की करीब 40,000 पाउंड यानी 18,144 लीटर बीयर चोरी हो गई। चोरी हुई बीयर में कंपनी की मशहूर पैब्स्ट ब्रूइंग कंपनी भी शामिल है। मामला इतना बड़ा है कि कंपनी ने अब सोशल मीडिया का सहारा लिया है। पैब्स्ट ने लोगों से अपील की है कि अगर किसी को इस चोरी या गायब हुए बीयर के ट्रक के बारे में कोई जानकारी मिले, तो वह कंपनी तक जरूर पहुंचाए। रिपोर्ट के मुताबिक, यह घटना 17 अगस्त को कैलिफोर्निया के मोंटक्लेयर में हुई। पुलिस के अनुसार, एक शख्स ने एनह्यूजर-बुश के डिस्ट्रीब्यूशन सेंटर पर फर्जी दस्तावेज पेश किए. दस्तावेजों को सही मानकर उसे बीयर की खेप सौंप दी गई। इसके बाद वह करीब 40,000 पाउंड बीयर से लदा ट्रक लेकर वहां से निकल गया। ये बीयर सैन डिएगो भेजी जानी थी। चोरी हुई बीयर की कीमत करीब 25,000 डॉलर बताई जा रही है। भारतीय रुपये में यह लगभग 20 लाख रुपए से ज्यादा बैठती है। मामले के बाद कंपनी ने सोशल मीडिया पर एक मजेदार लेकिन सीरियस अपील की। कंपनी ने लिखा कि करीब 40,000 पाउंड बीयर चोरी हो गई है। कंपनी ने चोर को कहा कि उसे इस बात से कोई शिकायत नहीं है कि चोर अपने दोस्तों के सामने इतनी सारी पीबीआर होने का दिखावा करना चाहता था, लेकिन काश उसने यह बीयर सही तरीके से हासिल की होती। इसके बाद कंपनी ने चोर को एक तरह का अल्टीमेटम भी दे दिया। पैब्स्ट ने कहा कि चोर के पास बीयर से भरा ट्रक वापस करने के लिए 18 दिन और 44 मिनट हैं।



शिक्षा व्यवस्था

दुनिया के इस देश में पढ़ना चाहेगा हर बच्चा, नहीं होता कोई एग्जाम

मात्र 4 घंटे जाते हैं स्कूल, 18 साल तक नहीं लिया जाता मुश्किल टेस्ट

हेलसिंकी। भारत में शिक्षा व्यवस्था को लेकर अक्सर बहस होती रहती है। नर्सरी क्लास से ही बच्चों पर पढ़ाई और परीक्षा का दबाव डाल दिया जाता है। जैसे-जैसे कक्षाएं बढ़ती हैं, प्रेशर और बढ़ता जाता है। बोर्ड परीक्षा, कॉम्पिटिटिव एग्जाम और रटाई संस्कृति कई बच्चों को तनाव में डाल देती है।

ऐसे में सोशल मीडिया पर फिनलैंड के एजुकेशन सिस्टम का वीडियो और जानकारी तेजी से वायरल हो रही है। लोग कह रहे हैं कि दुनिया का हर बच्चा ऐसे सिस्टम में पढ़ना चाहेगा जहां कोई भारी-भरकम एग्जाम नहीं, स्कूल के घंटे कम हैं और सीखने का माहौल खुशहाल है। फिनलैंड का शिक्षा तंत्र दुनिया के सर्वश्रेष्ठ सिस्टम में गिना जाता है। यहां की खास बात यह है कि बेसिक एजुकेशन यानी कक्षा 1 से 9 तक कोई राष्ट्रीय स्तर की स्टैंडर्डाइज्ड परीक्षा नहीं होती।



बेस्ट स्कूल सिस्टम

बच्चों का आकलन उनके अपने टीचर करते हैं। निरंतर फीडबैक, क्लास वर्क, प्रोजेक्ट और सेल्फ असेसमेंट के जरिए प्रगति मापी जाती है। पहली बार बड़ा राष्ट्रीय टेस्ट मैट्रिकुलेशन एग्जाम के रूप में ऊपरी सेकेंडरी स्कूल के अंत में होता है, जब छात्र करीब 18-19 साल के हो जाते हैं। फ्रनिलैंड में स्कूल के घंटे भी बहुत कम हैं। छोटी कक्षाओं (कक्षा 1-2) में हफ्ते में न्यूनतम 20 लेसन होते हैं। एक लेसन 45 मिनट का होता है और उसके बाद ब्रेक मिलता है। इस हिसाब से दिन में करीब 4 घंटे का स्कूल समय रहता है।

खेल के माध्यम से सीखने पर जोर

बड़े होने के साथ घंटे धीरे-धीरे बढ़ते हैं, लेकिन फिर भी कई देशों की तुलना में काफी कम होते हैं। बच्चों को खेलने, आराम करने और परिवार के साथ समय बिताने का भरपूर मौका मिलता है। फिनलैंड में औपचारिक स्कूलिंग 7 साल की उम्र से शुरू होती है। उससे पहले 6 साल की उम्र में एक साल का प्री-प्राइमरी एजुकेशन होता है, जिसमें खेल के माध्यम से सीखने पर जोर दिया जाता है। यहां रटने की बजाय समझने, क्रिएटिविटी और सामाजिक कौशल विकसित करने पर ध्यान केंद्रित किया जाता है।

नहीं होता होमवर्क का प्रेशर

यहां के स्कूलों में होमवर्क भी बहुत कम या लगभग ना के बराबर होता है, खासकर छोटी कक्षाओं में. शिक्षकों की योग्यता यहां सबसे महत्वपूर्ण मानी जाती है। टीचर बनने के लिए मास्टर डिग्री जरूरी है और ट्रेनिंग बहुत कठिन होती है। सिर्फ टॉप ग्रेजुएट्स ही टीचिंग प्रोफेशन में आ पाते हैं। टीचर्स को काफी आजादी दी जाती है कि वे कैसे पढ़ाएं। वे पाठ्यक्रम के लक्ष्यों को ध्यान में रखकर अपना तरीका अपना सकते हैं। सभी बच्चों को मुफ्त शिक्षा, मुफ्त दोपहर का भोजन, किताबें और अन्य सुविधाएं मिलती हैं। अमीर-गरीब का फर्क शिक्षा में कम से कम रखने की कोशिश की जाती है। हर बच्चे को समान अवसर देने का लक्ष्य रखा जाता है। अगर कोई बच्चा पीछे रह जाता है तो उसे तुरंत अतिरिक्त सहायता दी जाती है, फेल करके पीछे नहीं छोड़ा जाता। इस सिस्टम के नतीजे भी शानदार रहे हैं।

सूअर की किडनी ने बचाई इंसान की जान, 9 महीने तक मरीज के शरीर में किया काम

वॉशिंगटन। दुनिया में पहली बार विल्मा नाम की जेनेटिकली मॉडिफाइड (आनुवंशिक रूप से बदली हुई) सूअर की किडनी ने इंसानी शरीर में काम किया है। इसने किडनी फेलियर से जूझ रहे 66 साल के एक व्यक्ति को रिकॉर्ड नौ महीनों तक जिंदा रखा और मानव किडनी ट्रांसप्लांट के लिए एक कड़ी का काम किया। इससे दुनियाभर में किडनी की बीमारी से जूझ रहे और ट्रांसप्लांट का इंतजार कर रहे मरीजों को एक नई उम्मीद जगी है। अमेरिका के टिम एंड्रयूज टाइप-2 डायबिटीज की वजह से हुई एंड-स्टेज किडनी की बीमारी से गंभीर रूप से बीमार थे। उनके पास अगले पांच सालों में मानव किडनी मिलने की संभावना सिर्फ 9% थी, जबकि उनके मरने या वेटिंग लिस्ट से हटा दिए जाने का जोखिम 40% तक था। अमेरिकी सर्जनों ने सूअर की किडनी को एंड्रयूज के शरीर में सफलतापूर्वक ट्रांसप्लांट किया, जो सफल रहा।



डॉक्टरों की बढ़ी उम्मीद

'द लैंसेट' में छपी रिपोर्ट के अनुसार, किडनी की गंभीर बीमारी (एंड-स्टेज किडनी डिजीज) वाले मरीज के शरीर में जेनेटिकली मॉडिफाइड सुअर की किडनी 271 दिनों तक काम करती रही। इस दौरान उन्हें डायलिसिस की जरूरत नहीं पड़ी और बाद में उन्हें इंसानी किडनी ट्रांसप्लांट मिल गया। अमेरिका का यह केस उम्मीद जगाता है कि जेनोट्रांसप्लांटेशन- यानी अलग-अलग प्रजातियों के बीच कोशिकाओं या अंगों का ट्रांसप्लांट उन लोगों के लिए अस्थायी ब्रिज के तौर पर इस्तेमाल हो सकता है, जो इंसानी डोनर का इंतजार कर रहे हैं।

इकलौता बार, जहां इंसान की कटी उंगली को शराब में डालकर पीते हैं लोग

ओटावा। क्या आप किसी ऐसे बार की कल्पना कर सकते हैं, जहां व्हिस्की की एक शॉट के साथ आपको बर्फ में जमा हुआ असली इंसानी अंगूठा परोसा जाए? यहां के सॉरडफ सलून में अगर आप जाएंगे, तो आपको सॉरटो कॉकटेल नाम की एक खास ड्रिंक मिलेगी, जिसमें बर्फ से सुखाया गया असली इंसानी अंगूठा तैरता हुआ नजर आता है।

इस बेहद अजीबोगरीब परंपरा की शुरुआत 1920 के दशक के एक खौफनाक हादसे से हुई थी। शराब की तस्करी करने वाले दो भाई लुई लिंकन और ओटो लिंकन भीषण बर्फीले तूफान में फंस गए। ठंड इतनी ज्यादा थी कि लुई के पैर का अंगूठा बर्फ से पूरी तरह जम गया। शरीर में सड़न न फैले, इसलिए ओटो ने मजबूरी में कुल्हाड़ी से अपने भाई का जम चुका अंगूठा काट दिया। बाद में उन्होंने उस कटे हुए अंगूठे को शराब के एक जार में हमेशा के लिए संभालकर रख दिया। इसके ठीक 50 साल बाद कैप्टन डिक स्टीवेन्सन नाम के एक शख्स को एक पुरानी केबिन की सफाई करते समय वह जार मिला और वे उस कटे हुए अंगूठे को सीधे शहर के बार में ले आए, जहां से इस अनोखी ड्रिंक का जन्म हुआ।



8 अलग-अलग इंसानी अंगूठे का कर चुका है इस्तेमाल

हैरानी की बात यह है कि बार अब तक कम से कम 8 अलग-अलग इंसानी अंगूठे इस्तेमाल कर चुका है। ये सभी अंगूठे लोगों द्वारा दिए गए थे। इनमें से ज्यादातर अंगूठे या तो चोरी हो गए या फिर लोग अनजाने में या जानबूझकर गटक गए! पहली बार 1980 में एक खदान कर्मचारी ने 13वां पैग मारते हुए गलती से उस असली अंगूठे को निगल लिया था। इसके बाद बार प्रशासन ने कड़ा नियम बनाया कि जो भी अंगूठा निगलेगा, उस पर भारी जुर्माना लगाया जाएगा।

कनाडा के इस कमाल के कुत्ते ने तोड़े सारे रिकॉर्ड, 60 सेकंड में पार कर दिए 56 इंसान

ओटावा। कनाडा में एक पालतू कुत्ते ने इंसानों के ऊपर से सबसे ज्यादा बार कूदने का नया विश्व रिकॉर्ड बनाया है। इस डॉग का नाम शार्डोने है, जिसने महज 60 सेकंड में 56 लोगों की कतार को पार किया। गिनीज वर्ल्ड रिकॉर्ड्स ने अपने आधिकारिक एक्स अकाउंट से इस कारनामे का वीडियो शेयर किया है, जो इंटरनेट पर तेजी से वायरल हो रहा है। क्लिप की शुरुआत में दर्जनों लोग जमीन की तरफ झुककर एक ब्रिज की तरह लाइन बनाकर खड़े नजर आ रहे हैं। इशारा मिलते ही यह डॉग तेज स्पीड में दौड़ता है उन लोगों की पीठ पर दौड़ने लगता है। चौंकाने वाली बात यह है कि पूरे रास्ते उसने एक बार भी अपनी रफ्तार कम नहीं की और न ही उसका संतुलन बिगड़ने दिया। इस कामयाबी के पीछे उसकी मालकिन और ट्रेनर जेनिफर फ्रेजर का हाथ है। पूरे टास्क के दौरान वह शार्डोने के बगल में दौड़कर उसे गाइड करती दिखीं।









हरिभूमि कम्यूनिकेशन्स प्राइवेट लिमिटेड के लिए मुद्रक एवं प्रकाशक अनिल कुमार द्वारा हरिभूमि पब्लिकेशन्स, टिकरापारा, धमतरी रोड, रायपुर (छत्तीसगढ़)-492001 से मुद्रित एवं हरिभूमि काम्पलेक्स, टिकरापारा, धमतरी रोड, रायपुर (छत्तीसगढ़)-492001 से प्रकाशित। प्रधान संपादक : डॉ. हिमांशु द्विवेदी, स्थानीय संपादक धनंजय वर्मा, संपादक (समन्वय) ब्रह्मवीर सिंह। RNI No. CHHHIN/2002/07457, फोन : 0771-4242222, e-mail:raipur@haribhoomi.com